ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 24 मई 2024
वर्ष 4, अंक 96, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

वैज्ञानिकों ने खोज निकाले जुड़वा क्षुद्रग्रह 14

भूल भुलैया 3 में काम करेंगे विजय राज 13

विनायक ग्रुप की कई फर्मों पर आयकर का छापा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आयकर की चोरी की आशंका में लखनऊ आयकर विभाग की टीम ने शहर में विनायक ग्रुप की कई फर्मों पर छापे मारे और दस्तावेज जब्त किए। यहां तक कि परिजनों को आवास पर नजरबंद कर पूछताछ हो रही है। मौके पर व्यापारियों और नेताओं का तांता लगा रहा।

गुरुवार सुबह दस बजे लखनऊ की आयकर विभाग की टीमों का काफिला पुलिस के साथ शहर पहुंचा। टीम ने गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट और विनायक प्लाई सहित कई फर्मों पर एक साथ छापा मारा। गल्ला मंडी में डिप्टी कमिश्नर टीएस पंचपाल, आईटीओ दीपक सिंह व मुकेश सिंह ने मार्ट में घुसते ही वहां रखे दस्तावेज जब्त कर लिए। पुलिस ने किसी को भी अंदर आने नहीं दिया।

रुद्रपुर में नारंग फर्नीचर में मौजूद इनकम टैक्स विभाग की टीम व पुलिस फोर्स।

- लखनऊ की टीम ने शहर में डाला डेरा रुद्रपुर, पीरूमदारा समेत उप्र के कई शहरों में भी हो रही छापेमारी

फर्म के पार्टनर के यहां भी दबिश

आयकर विभाग की टीम ने विनायक ग्रुप के हर उस फर्म पर छापेमारी कर पूछताछ की जो उससे जुड़ा था। इसमें विनायक प्लाई के पार्टनर सौरभ गाबा के घर पर भी दबिश दी गई, लेकिन घर पर किसी के नहीं होने पर टीम ने बाहर ही डेरा डाल दिया।

वहीं छह अलग-अलग टीमों ने विनायक ग्रुप की फर्म एवं उनके आवासों पर भी दबिश देते हुए परिजनों को नजरबंद कर पूछताछ शुरू कर दी। इसकी खबर लगते ही व्यापारी नेताओं, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और हर कोई टीम से मिलने की कोशिश करता रहा। टीम ने कई घंटों तक लोगों से पूछताछ की और जब फर्म स्वामी नहीं पहुंचे तो टीमों ने फर्म, दुकान और आवास पर ही डेरा डाल दिया। खबर लिखे जाने तक टीम की कार्रवाई जारी थी। टीम ने शहर ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश में भी कई स्थानों पर छापेमारी की है। सभी फर्में विनायक ग्रुप से जुड़ी हैं। आयकर विभाग की टीमें 72 गाड़ियों के साथ हरदोई, शाहजहांपुर, बहेड़ी के अलावा फ्लाईओवर के नीचे स्थित विनायक फर्म के कॉरपोरेट ऑफिस के अलावा एलायंस और सिविल लाइन स्थित आवास पर डेरा डाल रखा है।

वहीं आयकर विभाग की एक टीम नैनीताल जिले के पीरूमदारा के पास पापड़ी स्थित विनायक फर्नीचर और प्लाईवुड में छापेमारी कर रही है।

वनाग्नि मामले में नपेंगे लापरवाह : धामी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : उत्तराखंड में वनाग्नि के मामले में हो रही लगातार वृद्धि पर प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा है कि वनाग्नि की घटनाओं पर पूरी तरह काबू पाया जा सके। इसके लिए सरकार बहुत गंभीर है और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए सरकार की ओर से पूरे साल का प्लान तैयार किया जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि जंगलों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

मुख्यमंत्री धामी ने गुरुवार को जिले के विकास खंड लमगड़ा में वनाग्नि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय और हवाई दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वनाग्नि की घटनाओं से काफी नुकसान हुआ है, लेकिन तमाम चुनौतियों का सामना करने के बाद अब स्थानीय लोगों और वन महकमे के प्रयासों से हालात काबू में हैं। उन्होंने कहा कि बारिश होने के बाद से वनाग्नि की घटनाओं से काफी हद तक राहत भी मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाग्नि जैसी घटनाओं को रोकने और उनकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए प्रदेश में फायर लाइन बनाने पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही पूरे साल का प्लान भी तैयार किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने वनाग्नि की चपेट में आने के कारण अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि भविष्य में फिर से इस तरह की घटनाओं का सामना न करना पड़े। इसके लिए ठोस पहल की जा रही है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मानव के अस्तित्व को बचाने के लिए वनों का संरक्षण काफी जरूरी है। इसलिए इस कार्य में लगे सभी कर्मचारियों समेत आम नागरिकों को भी इस कार्य में अपना पूरा सहयोग देना चाहिए।

- मुख्यमंत्री ने लमगड़ा विकास खंड के प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई दौरा

एक नजर

1200 अंक चढ़ा सेंसेक्स निफ्टी 23000 के करीब

मुंबई/नई दिल्ली। आरबीआई की तरफ से रिकॉर्ड लाभांश भुगतान की मंजूरी के बीच गुरुवार को बैंक, पेट्रोलियम एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से शेयर बाजार के दोनों सूचकांक अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने ही 1.6% से अधिक की छलांग लगाई और नए रिकॉर्ड के साथ बंद हुए। सेंसेक्स ने 1,196 .98 अंक के साथ 75,418 .04 के सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ। एनएसई के निफ्टी 369 .85 अंक यानी 1 .64 प्रतिशत बढ़कर 22,967 .65 अंक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। इस बीच निवेशकों की संपत्ति भी 4 .28 लाख करोड़ बढ़ गई।

राज्यपाल के खिलाफ ईसी में शिकायत

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल के राज्यपल सीवी आनंद बोस के खिलाफ गुरुवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) में शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया कि बोस ने कोलकाता में एक कार्यक्रम में भाजपा के चिह्न वाला एक बिल्ला लगाकर पार्टी के लिए प्रचार किया।

सलमान ने याचिका से नाम हटाने को कहा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने मुंबई में अपने आवास पर हुई फायरिंग मामले से जुड़े घटनाक्रम में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई से जांच कराने की मांग से संबंधित याचिका में अपना नाम हटाने का आग्रह किया है।

मुठभेड़ में माओवादी को मार गिराया

रांची। झारखंड के चतरा जिले में गुरुवार दोपहर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह मुठभेड़ राजधानी से लगभग 90 किमी दूर खूंटी-चाईबासा-रांची सीमा के पास एक जंगल में हुई। रांची के आईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि मुठभेड़ में एक माओवादी संगठन का एरिया कमांडर बुधराम मुंडा मारा गया।

प्रधानमंत्री के साथ यह देश के भविष्य का भी चुनाव : मोदी

प्रधानमंत्री ने हरियाणा में की चुनावी रैली, विपक्ष को सांप्रदायिक-जातिवादी बताया

महेंद्रगढ़ (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का है, लेकिन आप केवल प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे बल्कि देश के भविष्य का भी चुनाव करेंगे। दावा किया कि इंडिया गठबंधन अगले पांच साल में पांच प्रधानमंत्री की बात कर रहा है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि गाय के दूध देने से पहले ही उसके घटक दलों में 'घी' को लेकर लड़ाई शुरू हो गई है।

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार खत्म होने से कुछ घंटे पहले मोदी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक रैली में कहा कि जब तक वह जीवित हैं, दलितों-आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है। लेकिन आप सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे, बल्कि देश का भविष्य भी चुनेंगे। एक ओर आपका जांचा-परखा सेवक मोदी है। वहीं दूसरी ओर कौन है, इसका अता-पता ही नहीं है।

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम सहित कुछ अन्य विपक्षी दल शामिल हैं। मोदी ने 'इंडिया' गठबंधन को घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी करार देते हुए कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं होने दिया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडी अलायंस वालों का हाल तो ऐसा है कि गाय ने दूध दिया नहीं, लेकिन घी खाने के लिए इंडी वालों में झगड़ा शुरू हो गया। अब ये लोग कह रहे हैं कि हर साल एक आदमी भारत का प्रधानमंत्री बनेगा। 5 साल, 5 पीएम! आप मुझे बताइए, ऐसे देश चलेगा क्या? ये लोग देश को फिर से गड्ढे में धकेलना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने पहले ही बहाना बनाना शुरू कर दिया है कि हार के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए।

महेंद्रगढ़ में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री को भेंट की गई गदा। ● एजेंसी

- विपक्ष पर तंज, गाय के दूध देने से पहले घी को कर रहे झगड़ा

हरियाणा का विकास नहीं रुकने देंगे, यह मोदी की गारंटी

हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के लिए 25 मई को मतदान होगा। नब्बे के दशक के मध्य में राज्य में भाजपा के लिए काम करने के अपने दिनों को याद करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हरियाणा ने मुझ पर बहुत प्यार बरसाया है, मेरे आपके साथ गहरे संबंध हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरी गारंटी है कि हम हरियाणा का विकास नहीं रुकने देंगे। मोदी ने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने कांग्रेस के पापों को धोने के लिए कड़ी मेहनत की है।

छत्तीसगढ़ में मार गिराए 7 नक्सली

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और बीजापुर जिले की सीमा में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के प्लाटून नंबर-16 और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा तथा बस्तर जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। दल गुरुवार सुबह 11 बजे जब क्षेत्र में था तो नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। देर तक चल मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से सात नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए। कई नक्सलियों के घायल होने का अंदेशा है। इस घटना के साथ ही इस साल राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 112 नक्सली मारे जा चुके हैं। 10 मई को बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए थे।

- मुठभेड़ के बाद हथियार भी बरामद

सांसद की हत्या को दोस्त ने दी थी सुपारी

कोलकाता, एजेंसी

- बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की हत्या का राजफाश
- सीआईडी ने कहा-पांच करोड़ रुपये दिए गए थे

बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनके एक दोस्त ने उनकी (सांसद) हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने बुधवार को कहा था कि 13 मई से कोलकाता में लापता अनार की हत्या हुई है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने कहा था कि मामले की जांच राज्य सीआईडी कर रही है। अधिकारी ने बताया कि यह एक सुनियोजित हत्या थी। सांसद के एक पुराने मित्र ने उन्हें मारने के लिए भारी रकम (लगभग पांच करोड़ रुपये) का भुगतान किया था।

उन्होंने कहा कि अवामी लीग के सांसद का दोस्त अमेरिकी नागरिक है और उसके पास कोलकाता में एक फ्लैट है। सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने बुधवार को कहा था कि पुलिस के पास विश्वसनीय इनपुट थे कि अनार की संभवत हत्या कर दी गई है लेकिन अभी तक उनका शव बरामद नहीं हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या पुलिस को कोलकाता के बाहरी इलाके के न्यू टाउन में स्थित अपार्टमेंट (जहां सांसद के 13 मई को वहां आखिरी बार मौजूद होने का पता चला था) में खून के धब्बे मिले हैं, चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी फॉरेंसिक टीम संदिग्ध अपराध स्थल की जांच कर रही है। इस बारे में कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी। लापता सांसद कथित तौर पर इलाज कराने के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे। उनकी तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी राजनेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। अनार यहां आने के बाद बिस्वास के घर पर रुके थे।

ग्रामीण को हाथी ने पटक कर मार डाला

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : ग्राम थारी से सटे कंदला के जंगल में गुरुवार दोपहर एक ग्रामीण को हाथी ने पटक-पटक कर मार डाला। वहीं हाथी के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है।

कदला गांव के पाला सिंह (35) गुरुवार दोपहर बाइक से बंजारी गेट पर खनन में लगे अपने भाई को रोज की तरह खाना देने जा रहा था। इसी बीच आमपानी के कंपार्टमेंट नौ से अचानक एक हाथी आ गया। हाथी ने पाला सिंह को अपनी सूंड में फंसा कर कई बार जमीन पर पटका। बताते हैं कि हाथी उसे सूंड़ में लपेट कर दो सौ मीटर अंदर जंगल में ले गया जहां उसे उसने पटक दिया। जानकारी पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लहूलुहान पाला सिंह को रामनगर के सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सको ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। वन कर्मचारियों के गश्त करने के साथ ही जंगल में ग्रामीणों से अकेले न जाने की अपील की गई है। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है।

पाला सिंह

- भाई को खाना देने के लिए बाइक से जा रहा था युवक

बाघ के हमले से चारा लेने गई महिला की मौत

बनबसा। मवेशियों का चारा लेने जंगल गई महिला पर बाघ ने हमला कर मार डाला। ग्रामीणों ने वन विभाग से मृतका के आश्रितों को मुआवजा देने तथा जंगली जानवरों से सुरक्षा की मांग की है। गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे फागपुर की मुन्नी देवी अन्य महिलाओं के साथ चारा लेने जंगल गई थी। तराई पूर्वी डिवीजन में हुड्डी नदी के पास हेलागोठ में बाघ ने मुन्नी पर हमलाकर मार डाला। खटीमा रेंजर महेश जोशी ने कहा कि गश्त बढ़ा दी है। एसडीएम आकाश जोशी ने बाघ के हमले से महिला की मौत पुष्टि की है।

मुन्नी देवी

श्रद्धालुओं से ठगी में हरिद्वार का ट्रैवल एजेंट गिरफ्तार

ऋषिकेश। फर्जी रजिस्ट्रेशन से श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा कराने का झांसा देने के आरोप में पुलिस ने हरिद्वार के ट्रैवल एजेंट को गिरफ्तार किया है। इसी आरोप में पुलिस ने दिल्ली से भी ट्रैवल एजेंट को पकड़ा है।

महाराष्ट्र के 30 सदस्यीय दल (16 पुरुष, 14 महिलाएं) के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फर्जी मिले थे, जिस पर दल ने हरिद्वार के कोणार्क ट्रेवल्स के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ऋषिकेश पुलिस ने हरिद्वार जाकर एजेंसी स्वामी टीबड़ी रानीपुर मोड निवासी अंकुश को धोखाधड़ी व जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उसके मोबाइल फोन को जब्त किया गया। इसी से उसने दल को फर्जी रजिस्ट्रेशन की पीडीएफ भेजी थी। इससे पहले ऋषिकेश पुलिस ऐसे ही मामले में दिल्ली के जनकपुरी से ट्रैवल एजेंट को गिरफ्तार कर लाई थी।

काम्या कार्तिकेयन एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं

नई दिल्ली/जमशेदपुर, एजेंसी

काम्या कार्तिकेयन नेपाल की ओर से दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 16 साल की उम्र में हासिल की।

जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील एड्वेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस पर्वतारोहण में सहयोग करने वाले टीएसएएफ के एक अधिकारी ने बताया कि काम्या ने अपने पिता एवं भारतीय नौसेना के कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ एवरेस्ट की चोटी को फतह किया। उन्होंने बताया कि पिता और पुत्री 20 मई को एवरेस्ट की 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। नौसेना अधिकारी की बेटी काम्या मुंबई के 'नौसेना बाल विद्यालय' में 12वीं कक्षा की छात्रा हैं। नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इस सफलता के साथ ही काम्या दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई करने वाली दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की लड़की और नेपाल की ओर से एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की पहली भारतीय पर्वतारोही बन गई है। भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर काम्या की तस्वीरें साझा की।

- 16 साल की उम्र में हासिल की यह उपलब्धि
- पिता के साथ 20 मई को एवरेस्ट पर पहुंचीं

कांग्रेस ने कहा- निर्वाचन आयोग का सत्तापक्ष की ओर झुकाव का मतलब खतरे में लोकतंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्वाचन आयोग के पत्र तथा मतदान केंद्र वार वोटिंग प्रतिशत डेटा वेबसाइट पर डालने से आयोग के इनकार का हवाला देते हुए गुरुवार को कहा कि इस संवैधानिक संस्था के कदम भर्त्सना योग्य हैं तथा इससे उसका पर्दाफाश होता है।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग जैसी संस्था सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ झुक जाएगी तो इसका मतलब है कि लोकतंत्र खतरे में है। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि मतदान केंद्रवार मतदान प्रतिशत डेटा को बिना सोचे-समझे जारी करने और वेबसाइट पर पोस्ट करने से चुनावी मशीनरी में भ्रम पैदा होगा। आयोग ने कहा कि मतदान केंद्र में डाले गए वोटों की संख्या बताने वाले फॉर्म 17सी का विवरण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता और इससे भ्रम हो सकता है क्योंकि इससे तस्वीरों से छेड़छाड़ की आशंका बढ़ जाती है। आयोग ने सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को चुनाव में जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी थी और कहा कि चुनावों में देश के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी सकती। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि हमारी शिकायत के बावजूद प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आयोग के किसी दस्तावेज में नाम तक नहीं लिया गया। आयोग ने किसी को भी चेतावनी नहीं दी, न कोई प्रतिबंध लगाया और न कोई दोषारोपण किया।

- मतदान केंद्र वार डेटा वेबसाइट पर डालने से आयोग के इनकार को निंदनीय बताया
- निर्वाचन आयोग ने कहा था-बिना सोचे-समझे डेटा जारी करने से बनेगी भ्रम की स्थिति

इंसानियत | बिना किसी मदद के सैकड़ों शवों का अंतिम संस्कार कर चुके शरीफ गाजी

अंतिम संस्कार के इंतजार में न पड़ा रहे कोई लावारिस शव

केपी शर्मा, बदायूं

अमृत विचार : कोई रिश्ता है न नाता, अमीरी-गरीबी की परवाह नहीं। शरीफ गाजी के लिए सिर्फ इतना काफी है कि इस शव का कोई वारिस नहीं। बस वह जुट जाते हैं और शव के धर्म के अनुसार उसका अंतिम संस्कार करते हैं। इसमें किसी की मदद नहीं लेते। वह ऐसे सैकड़ों लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करा चुके हैं। पुलिस भी उनसे मदद लेती है। अब लोग उन्हें जेसीबी वाले शरीफ भाई के नाम से पहचानते हैं। उन्हें लावारिस शवों का मसीहा तक कहकर पुकारते हैं।

- पुलिस भी लेती है मदद, मुस्लिम को दफन, हिंदू को देते हैं मुखाग्नि

शहर के मोहल्ला गद्दी चौक निवासी शरीफ गाजी के पिता रियाकत अली क्रेन चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके निधन के बाद शरीफ गाजी ने भी क्रेन चलानी शुरू की। शरीफ गाजी बताते हैं कि साल 1991 में शहर की एक युवती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। उस युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने उसका अंतिम संस्कार नहीं किया।

दो दिन तक शव रखा रहा। उन्होंने सुना तो अच्छा नहीं लगा। इंसानियत कचोटने लगी। इसके बाद शव के अंतिम संस्कार का फैसला किया। अपने पैसे से सामान जुटाकर शव का अंतिम संस्कार किया। तभी से उन्हें लावारिस शवों को दफनाने और अंतिम संस्कार करने का जूनून सवार हो गया। अब तक गिनती नहीं की कि कितने शवों का अंतिम संस्कार कर चुके हैं।

धर्म के अनुसार करते हैं अंतिम संस्कार

जिले में जहां भी लावारिश शव मिलता शरीफ गाजी खुद वहां पहुंच जाते हैं और शव का अंतिम संस्कार करते हैं। पुलिस लावारिस शव बरामद करती है तो पोस्टमार्टम कराने के बाद वह शरीफ भाई को याद करती है। शरीफ गाजी का कहना है कि मरने वाला जिस धर्म का होता है उसका अंतिम संस्कार उसी के अनुसार करते हैं। लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने से दिली सुकून मिलता है। उनका कहना है कि शरीर एक मिट्टी है। उनके धर्म में मिट्टी को मिट्टी से मिलाना शबाब का काम होता है। शव का अच्छे से अंतिम संस्कार करना या दफन करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हैं।

33 साल से नहीं ली किसी की मदद

नेक कार्य के लिए जिला प्रशासन से लेकर कई सामाजिक संस्थाएं उन्हें सम्मानित कर चुकी हैं। उनके कार्य की सराहना होती है। कुछ लोग तो उन्हें मुर्दों का मसीहा तक कहकर पुकारते हैं। वह लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने के अलावा समय-समय पर जरूरतमंदों को भोजन भी कराते हैं। वह लगभग 33 साल से यह काम कर रहे हैं लेकिन आज तक उन्होंने किसी की मदद नहीं ली। हां जो अपनी इच्छा से लकड़ी देता है तो ले लेते हैं लेकिन किसी के पास मदद के लिए नहीं जाते।

कल्याणिका हिमालया देवस्थानम डोल आश्रम के वार्षिकोत्सव पर मुख्यमंत्री धामी रहे मौजूद, संस्कृति संरक्षण के कार्यों को सराहा

विश्व के प्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र के रूप में उभर रहा डोल आश्रम

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : श्री कल्याणिका हिमालया देवस्थानम डोल आश्रम प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के प्रसिद्ध प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। जिस उद्देश्य से डोल आश्रम की स्थापना हुई उसे पूरा करने के लिए यहां किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। यह आध्यात्मिक केंद्र धर्म, शिक्षा और बेहतर समाज के निर्माण के लिए जो कार्य कर रहा है। वह भविष्य में मील के पत्थर साबित होंगे।

यह बात श्री कल्याणिका हिमालया देवस्थानम डोल आश्रम के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कही। सीएम धामी ने आश्रम के संस्थापक बाबा कल्याणदास के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि डोल आश्रम धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक कर रहा है। साथ ही देवभूमि उत्तराखंड की धार्मिक आस्था, संस्कृति और रीति रिवाजों को आगे बढ़ाने का काम भी कर रहा है। आश्रम में स्थापित विश्व का सबसे बड़ा और भारी श्रीयंत्र इस बात का प्रतीक है। धामी ने कहा कि डोल आश्रम में स्थापित श्रीयंत्र आज पूरे विश्व को ऊर्जा देने का काम कर रहा है। धामी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नए उत्तराखंड का निर्माण हो रहा है। पूरे विश्व में सनातन संस्कृति की पताका फहर रही है और लोग इससे परिचित हो रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार संस्कृति के संरक्षण के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है। केदार खंड और मानस खंड योजना के तहत कुमाऊं और गढ़वाल के मंदिरों को और अधिक विकसित किया जा रहा है।

इस दौरान आश्रम के संस्थापक बाबा कल्याणदास महाराज, गोविंद गिरि महाराज, स्वामी जगदीशानंद, विश्व स्वरूपानंद, डा. भरत राज, पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी, विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, प्रमोद नैनवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, पूर्व स्पीकर गोविंद सिंह कुंजवाल, दिनेश कुंजवाल, तारू जोशी आदि रहे।

डोल आश्रम में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में भाग लेते सीएम धामी, साथ में आश्रम के संस्थापक बाबा कल्याणदास व अन्य।

एक हजार से अधिक कन्याओं का हुआ पूजन

अल्मोड़ा : श्री कल्याणिका हिमालया देवस्थानम डोल आश्रम के वार्षिकोत्सव पर आश्रम में एक हजार से अधिक कन्याओं का पूजन किया गया। जबकि यहां आचार्यपीठ लोकार्पण भी किया गया। इन कार्यक्रमों में देशभर से आए संतों के साथ ही सीएम धामी ने भी प्रतिभाग किया। सीएम ने कहा कि उनके लिए यह बड़े सौभाग्य का मौका है कि उन्हें इन धार्मिक कार्यों में प्रतिभाग करने का मौका मिला है।

नशे के कारोबार को लेकर आक्रोश छात्र- छात्राओं ने हल्दूचौड़ चौकी घेरी

राज्यपाल और डीजीपी को भेजा ज्ञापन, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता, हल्दूचौड़

अमृत विचार : नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सख्त सजा देने और कोतवाली क्षेत्र में बिक रहे अवैध नशे के खिलाफ दर्जनों छात्र-छात्राओं ने आक्रोश प्रकट करते हुए हल्दूचौड़ी चौकी का घेराव किया। उन्होंने पुलिस पर नशे के कारोबारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। इसके बाद राज्यपाल और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को संबोधित ज्ञापन चौकी प्रभारी को सौंपा। चेतावनी दी अगर शीघ्र ही नशे के कारोबार पर रोक नहीं लगी तो छात्र एसएसपी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

गुरुवार को युवा समाजसेवी एवं छात्र नेता पीयूष जोशी के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं हल्दूचौड़ चौकी पहुंचे। जहां उन्होंने वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरेन्द्र सिंह नेगी का घेराव करते हुए ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने कहा कि लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न इलाकों में अवैध कच्ची शराब, चरस, स्मैक, गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थों का बेरोकटोक धंधा चल रहा है और यह पुलिस की शह पर हो रहा है। कहा कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने नशे के अवैध कारोबारियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं, वाबजूद इसके लालकुआं क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार फलफूल रहा है। जिसके चलते कई युवा नशे की लत के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, स्कूल-कॉलेज में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती करने की मांग की। कहा कि अवैध नशे के कारोबारियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया तो वे खुद नशे के अड्डों को बंद करेंगे। इस दौरान छात्र महासंघ उपाध्यक्ष सचिन फुलारा, छात्रसंघ अध्यक्ष कार्तिक रजवार, खजान चन्द्र आर्य, छात्रा उपाध्यक्ष उर्मिला कोरंगा, नेहा बोरा, पंकज जोशी, प्रतीक जोशी, करण दुम्का, सुब्रत विश्वास, अनुज सुयाल, तनुजा आदि मौजूद रहे।

हल्दूचौड़ पुलिस चौकी में वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरेन्द्र सिंह नेगी को ज्ञापन सौंपते छात्र नेता।

विद्युत यांत्रिकी कार्यालय शिफ्ट करने पर आक्रोश

संवाददाता, भीमताल

विरोध

- पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व लोगों के विरोध के बाद स्थगित हुई कार्यवाही
- कार्यालय को रानीबाग शिफ्ट करने की सूचना पर दफ्तर में धमके लोग

अमृत विचार : ब्लॉक रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विद्युत यांत्रिकी कार्यालय को रानीबाग शिफ्ट करने की सुगबुगाहट से लोगों में रोष है। बुधवार की रात जैसे ही विभागीय अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय का सामान ले जाने लगे तो लोगों ने पुरजोर विरोध किया। काफी बहस के बाद कार्यालय शिफ्ट करने की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट ने बताया कि पूर्व में भी लोनिवि ने यांत्रिकी कार्यालय को शिफ्ट करने का प्रयास किया था, तब भी लोगों ने इसका विरोध किया था। उन्होंने बताया कि तत्कालीन सीडीओ डॉ. संदीप तिवारी ने विकास भवन में ही कक्ष उपलब्ध कराए थे, पर विभागीय अधिकारियों ने वह स्थान नहीं लिया और कार्यालय को रानीबाग ले जाने पर उतारू हैं। इधर, सहायक अभियंता यांत्रिकी विभाग राजेश आर्या ने बताया कि कार्यालय को रानीबाग शिफ्ट करने के आदेश मिले हैं। वहीं देर सांय जैसे ही विभागीय अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय का सामान रानीबाग शिफ्ट करने की कार्यवाही करने लगे तभी मनोज भट्ट लोगों के साथ कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से आदेश दिखाने को कहा। विभागीय अधिकारियों ने जो आदेश दिखाया उसमें न तो किसी उच्च अधिकारी के हस्ताक्षर थे और न ही अन्य की कार्य बातें सम्मिलित थीं। काफी बहस के बाद अधिकारियों ने कार्यालय को रानीबाग ले जाने की कार्यवाही स्थगित कर गई। मनोज भट्ट ने बताया कि इस मामले में विधायक राम सिंह कैड़ा ने आश्वासन दिया है कि 10 दिन में कार्यालय की व्यवस्था विकास भवन या अन्य स्थान पर कर दी जायेगी।

नैनीताल में 90 प्रतिशत होटल ऑनलाइन बुक

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : गर्मी से बचने के लिए देशभर से बड़ी संख्या में पर्यटक सरोवर नगरी नैनीताल पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी नैनीताल के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की आवाजाही रही।

पर्यटक बढ़ने से शहर के 90 प्रतिशत होटल ऑनलाइन बुक हो गये हैं। शहर के माल रोड स्थित सभी होटल पूरी तरह से पैक हो गए हैं। जो पर्यटक बिना ऑनलाइन बुकिंग के नैनीताल घूमने पहुंचे रहे हैं उन्हें होटल के कमरे के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पर्यटकों के नैनीताल पहुंचने से कारोबारी खुश नजर आ रहे है। गुरुवार को स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिता ताल, वॉटर फॉल, बोटनिकल गार्डन व हनुमान गढ़ी समेत नगर के सभी पर्यटन स्थल में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही। सैलानियों ने नैनी झील में नौका विहार का लुत्फ उठाया। इधर, कार पार्किंग फुल होने के बाद पुलिस ने नैनीताल आने वाले पर्यटकों को वाहनों को रूसी बाईपास पर रोकना शुरू कर दिया। जिन पर्यटकों की ऑनलाइन होटल बुकिंग थी, उन्हें शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल में प्रवेश करने दिया गया। बाकी को वापस लौटा दिया गया।

> नैनीताल में पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। वाहन पार्किंग के लिए व्यवस्था नहीं होने से पर्यटक परेशान हैं। पर्यटकों को पुलिस शहर के बाहर रोक रही है, जो गलत है।
> -**दिग्विजय सिंह बिष्ट**, अध्यक्ष होटल एसोसिएशन

24 घंटे में अतिक्रमण हटा लें दुकानदार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के निर्देश के बाद नगर पालिका प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। गुरुवार को पालिका अधिकारियों ने घोड़ा स्टैंड, बारा पत्थर, तिब्बती बाजार, न्यू पालिका बाजार समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध निर्माण चिन्हित कर पर्यटक स्थलों पर हुए अतिक्रमण को हटाया।

पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान न्यू पालिका बाजार और तिब्बती बाजार में दुकानों के आगे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जिसके बाद दुकानदारों को 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण स्वयं हटाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने दुकान स्वामियों को निर्देश दिए कि जिन लोगों को दुकानें आवंटित हुई हैं वही अपनी दुकानों में व्यवसाय करें। अगर कोई दूसरा व्यक्ति दुकान लगाता मिला तो दुकान का आवंटन रद कर दिया जायेगा। इसके अलावा हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग पर धर्मशाला के समीप हुए अतिक्रमण पर दुकानदारों को नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

तिब्बती बाजार क्षेत्र में निरीक्षण करते नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी।

वेंडर जोन चिन्हित करने के लिए सर्वे

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका की टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पार्किंग निर्माण और फड़ बाजार संचालित किए जाने की संभावनाएं तलाशीं। अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया शहर का पंत पार्क क्षेत्र नॉन वेंडिंग जोन है। जहां पर इन दिनों फड़ व्यवसाय संचालित हो रहा है। जिन्हें व्यवस्थित किए जाने को लेकर हाईकोर्ट के निर्देशानुसार वेंडिंग जोन चिन्हित किया जा रहा हैं। इस दौरान शिवराज नेगी, सुनील खोलिया, हिमांशु चंद्र, कमल कटियार आदि मौजूद रहे।

वाटर प्यूरीफायर लगाए, निकासी का उपाय नहीं

नैनीताल, अमृत विचार : नगर पालिका प्रशासन ने पर्यटकों व स्थानीय लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीते वर्ष करीब 35 जगहों पर वाटर प्यूरीफायर लगाये थे, लेकिन कई जगहों में पानी निकासी के कोई उपाय नहीं किए गए हैं। जिस कारण वाटर प्यूरीफायर का पानी सड़कों पर बह रहा है।

नैनीताल बस स्टैंड में कई पर्यटक वाटर प्यूरीफायर का उपयोग कर रहे हैं। वहां भी पानी निकासी का कोई उपाय नहीं किया है। जिससे खुले में निकासी का पानी बह रहा है, जो गंदगी का कारण बना हुआ है। इसके चले स्थानीय लोगों और पर्यटकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इधर, पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने कहा कि शहर में लगे सभी वाटर प्यूरीफायरों की जांच कर निकासी के उपाय किए जायेंगे।

आयोजन लोकचूली लोहाखाम ताल के पवित्र कुंड पर किया स्नान, रात्रि मेले में लोक कलाकारों ने झोड़ा-चाचरी व छोलिया नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी

बुद्ध पूर्णिमा पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : बुद्ध पूर्णिमा पर लोकचूली लोहाखाम ताल के पवित्र कुंड पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस मौके पर पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरु और अध्यक्ष दीवान सिंह मटियाली ने रात्रि मेले का उद्घाटन किया।

मेले में लोक व स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रमों के साथ झोड़, चाचरी व छोलिया नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। ग्रामीणों ने अखंड रामायण का पाठ कर सुख-समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना की। पुजारी विपिन चंद्र परगाई ने तड़के स्नान के बाद नया अनाज का भगवान को भोग लगाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि नई फसलों के अनाज का भगवान को भोग लगाया जाता है। इसके बाद ही नए अनाज का भोजन मुख्य पुजारी ग्रहण करता है। ग्रामीणों ने वॉलीबॉल का भी आयोजन किया गया। जिसमें ककोड पटरानी की टीम विजेता रही। इस दौरान प्रकाश सिंह मटियाली, पूरन रूवली, आन सिंह मटियाली, भगवान राम, जगन्नाथ सिंह, दीवान राम, हरीश सिंह, तेज सिंह गौनिया, दयानंद सनवाल, कमल चौहान, ललित, कमल मेहता, शेर सिंह आदि मौजूद रहे।

लोहाखाम ताल में स्नान करते लोग। ● अमृत विचार

मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा सम्मानित किए गए बच्चे।

भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण करते एकता फाउंडेशन के सदस्य।

मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

हल्दूचौड़ : मानव उत्थान सेवा समिति ने बुद्ध पूर्णिमा पर हल्दूचौड़ पंचायत भवन में हाईस्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। पूर्व प्रधानाचार्य प्रेमलता आर्य तथा फ्लाइंग इंस्टीट्यूट की संचालिका नेहा आर्य ने कहा कि समिति का प्रयास सराहनीय है। पूर्व मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने बच्चों के मंगलमय जीवन की कामना की। समिति की महात्मा प्रचारिका बाई महात्मा आलोकानंद ने मंगल पट्टिका पहनाकर मेधावियों को सम्मानित किया।

भगवान बुद्ध की जीवनी पर डाला प्रकाश

कालाढूंगी : डॉ. भीमराव एकता फाउंडेशन कालाढूंगी ने बुद्ध पूर्णिमा दिवस धूमधाम से मनाया। संगठन के अध्यक्ष जगदीश चंद्र, सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द कुमार व अध्यक्ष जगदीश चंद्र ने भगवान बुद्ध की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग में चलने का लोगों के साथ संकल्प लिया। इस दौरान मदन चंद्र, धनी राम, यशपाल टम्टा, जोगेन्द्र प्रसाद, गंगा प्रसाद, दिवान चंद्र, तेजेन्द्र टम्टा, अंजली, अनिल कुमार, सोनू, प्रकाश चंद्र मौजूद रहे।

सार-संक्षेप



भीमताल झील का दृश्य। ● अमृत विचार

सिल्ट निकालने के लिए भेजा 29 लाख का प्रस्ताव

भीमताल : सिंचाई विभाग ने भीमताल झील से सिल्ट निकालने के लिए 29 लाख का प्रस्ताव बनाकर डीएम को भेज दिया है। धनराशि के स्वीकृत होने के बाद सिल्ट निकालने की कार्यवाही की जाएगी। वर्ष 2013 में सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने सातताल, भीमताल व नौकुचियाताल झील के लिए ट्रिपल आर योजना के तहत प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को भेजा था। जिसके तहत 90 प्रतिशत अंशदान केन्द्र सरकार और 10 प्रतिशत अंशदान प्रदेश सरकार को देना था, लेकिन केंद्र ने दर्जन से अधिक आपत्ति लगाकर प्रस्ताव को वापस भेज दिया। जिसके बाद से झील से सिल्ट निकालने का कार्य ठप है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता दिनेश रावत ने बताया कि भीमताल झील से सिल्ट निकालने के लिए 29 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाकर डीएम को भेज दिया गया है। धनराशि स्वीकृत होते ही कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

ड्रीम इलेवन में राहुल ने जीते एक लाख रुपये

भीमताल : होटल कारोबारी व एडवोकेट राहुल जोशी ने ड्रीम इलेवन में एक लाख रुपये जीते हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल और बेंगलुरु के आईपीएल एलिमिनेटर राउंड पर 99 रुपये का दांव लगाया था। क्रिकेट प्रेमी होने के नाते मनोरंजन के लिए उन्होंने गेम खेला था।

मछलियों को चारा डालने पर चार का चालान

नैनीताल : तल्लीताल क्षेत्र में पुलिस ने झील में मछलियों को चारा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को तल्लीताल क्षेत्र से नैनी झील में कई पर्यटक ब्रेड व नमकीन डालते दिखाई दिए। जिस पर पुलिस ने मुनादी कर झील में खाद्य सामग्री डालने से मना किया, लेकिन उसके बाद भी पर्यटक नहीं माने तो पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि झील में खाद्य सामग्री डालते चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

रामसेवक सभा कक्ष में बैठक करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

आठ सितंबर से होगा मां नंदा देवी महोत्सव

नैनीताल : मां नंदा-सुनंदा महोत्सव 8 सितंबर से आयोजित किया जाएगा। गुरुवार को महोत्सव के आयोजन को लेकर आयोजक संस्था राम सेवक सभा की कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें तय किया गया कि पंचांग अनुसार श्री नंदा देवी महोत्सव 8 से 15 सितंबर और श्री रामलीला महोत्सव 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। रामलीला हेतु तालीम 4 जून से शुरू की जायेगी। बैठक के बाद रामसेवक सभा परिवार से जुड़े सुधांशु जोशी और रंगकर्मी सोनी कांडपाल की माता के निधन पर शोक सभा हुई। बैठक में अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश बावड़ी, प्रबंधक विमल चौधरी, उपसचिव राजेंद्र बिष्ट, राजेंद्र लाल साह, कोषाध्यक्ष विमल साह, घनश्याम साह, चंद्र प्रकाश साह, भीम सिंह कार्की, राजेंद्र बजेठा,प्रो ललित तिवारी समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

डीडी उत्तराखंड चैनल पर नजर आएंगे कवि संजय

भीमताल : दूरदर्शन उत्तराखंड के चैनल पर प्रसारित होने वाली हिंदी काव्य गोष्ठी में जनपद के ओखलकांडा क्षेत्र के सुरंग गांव निवासी कवि संजय परगांई का चयन हुआ है। कार्यक्रम अधिकारी विकास कोटनाला ने उन्हें आमंत्रित किया था। बीती 22 मई को हिंदी काव्य गोष्ठी की रिकॉर्डिंग दूरदर्शन उत्तराखंड के देहरादून स्टूडियो में हुई। जिसमें पांच कवियों को आमंत्रित किया था, जिसका संचालन देहरादून की कवयित्री शिखा अग्रवाल ने किया। इसमें कवि संजय परगांई ने उत्तराखंड के मुख्य मुद्दों पर अपनी रचनाएं रखीं। जिसका प्रसारण 25 मई शनिवार को सायं 5 बजे दूरदर्शन उत्तराखंड के टीवी चैनल तथा यूट्यूब पर लाइव देखा जा सकेगा। संजय को परिजनों और क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

अधिकारियों की बैठक लेते ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट दूर करें अधिकारी

भीमताल : ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने गुरुवार को जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिये। साथ ही पेयजल की समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत कई जल स्रोतों को नहीं जोड़ा गया है, जिस पर ब्लॉक प्रमुख ने शीघ्र जलस्रोतों को जोड़ने को कहा। बैठक में प्रधान ललित मोहन, मोहन बबियाड़ी, विपिन जंतवाल, बीडीसी प्रकाश, कमल गोस्वामी, नंदन सिंह, प्रेम मेहरा, धर्मेन्द्र शर्मा, महेश भंडारी, नवीन क्वीरा, हिमांशु पंत, विनोद जोशी, गौरव पांडे, विमल, महेश्वर सिंह आधिकारी, एलडी आर्य, उत्तम नाथ गोस्वामी, मोहन राम, राजदीप वर्मा, किरन, मंदिरा बुदियाल, नेहा त्रिपाठी, संजय, विवेक पाल समेत जल निगम, समाज कल्याण, खाद्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

बुद्ध पूर्णिमा आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

भगवान बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर

रामनगर : अंबेडकर पार्क में बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान भगवान बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजाद बौद्ध और विशिष्ट अतिथि चन्द्रहास गोतम, राम सिंह, महेन्द्र पाल ने बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेखीराज खेरिया और संचालन विनोद अनजान ने किया। इस दौरान दयाराम, प्रकाश शिल्पी, सियाराम, लाल चंद माझी, मदन राम, ललित मोहन तिवारी, नन्द राम आर्य, वाली राम, ललित मोहन, डॉ. जीएस कोटिमा, सरस्वती मौजूद रहे।

एक नजर

संदिग्ध हालत में हुई व्यक्ति की मौत

हल्द्वानी : एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। पुलिस के मुताबिक वार्ड 6 शिवपुरी बिंदुखत्ता लालकुआं निवासी लालाराम (43 वर्ष) मूलरूप से जवाहरपुर बहेड़ी बरेली उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। बुधवार की शाम अचानक घर में ही उनकी हालत बिगड़ी तो परिजनों ने डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। प्राथमिक जांच में विषैले पदार्थ के सेवन की बात सामने आई है। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ होगा।

सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

हल्द्वानी : सड़क हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में दम तोड़ दिया। नई बस्ती गौंटिया वार्ड 7 किच्छा निवासी सलमान (25 वर्ष) पुत्र मुखत्यार भारी माल वाहकों में हेल्पर था। 19 मई को दो लड़के उसे घर से ले गए। 20 मई की रात पंतनगर सड़क हादसे में घायल होने की वजह से युवक को पुलिस ने एसटीएच में भर्ती कराया। 21 मई की रात फेसबुक और व्हाट्सएप के जरिए परिजनों को सलमान की सूचना मिली। बुधवार की रात युवक की मौत हो गई।

आज अनिवार्य रूप से जमा करें आवेदन

हल्द्वानी : विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रशासनिक संवर्ग के समूह क और ख श्रेणी के अनिवार्य स्थानांतरण के लिए कार्मिकों की सूची और रिक्ति की सूचना विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इस श्रेणी के जो पात्र कार्मिक अनुरोध के आधार पर स्थानांतरण चाहते हैं, उन्हें अपने आवेदन पत्र सुगम/दुर्गम के विकल्प के साथ शुक्रवार (आज) तक अनिवार्य रूप से महानिदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयी शिक्षा के अपर निदेशक ललित मोहन चमोला ने प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा के निदेशक को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

छोई में स्वास्थ्य शिविर आज

रामनगर : विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद की ओर से पं. गौरी दत्त दानी सरस्वती विद्या मंदिर छोई में शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए विद्यालय के पूर्व छात्र सुमित जोशी ने बताया कि उत्तराखंड के नामी न्यूरो सर्जन, फिजियोथेरेपिस्ट, नेत्र रोग विशेषज्ञ, जरनल फिजिशियन शिविर में रोगों से संबंधित परामर्श देंगे।

लघु सिंचाई उपखंड नैनीताल के अधिशासी अभियंता के दो घर और कार्यालय से मिले 23 लाख 97 हजार रुपये, कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया आरोपी

गढ़वाल से कुमाऊं तक साम्राज्य, घर और दफ्तर में नोटों का जखीरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ठेकेदार से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया लघु सिंचाई उपखंड के अधिशासी अभियंता का साम्राज्य गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक फैला है। उसके कई जिलों में घर और बेनामी संपत्तियां है। गुरुवार की रात गिरफ्तारी के बाद उसके हल्द्वानी और देहरादून स्थित आवास के साथ दफ्तर में भी छापेमारी की गई। तीनों ही स्थानों से विजिलेंस की टीम को 23 लाख 97 हजार रुपये मिले हैं। आरोपी बरामद इन रुपयों का कोई हिसाब-किताब नहीं दे पाया है। शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

अधिशासी अभियंता कृष्ण सिंह कन्याल मूलरूप से लार्ड कृष्णा ग्रीन प्रथम तल वी-109 केदारपुरम

मोथरोवाला देहरादून का रहने वाला है। यहां फिलहाल उसकी पत्नी रहती है। वह यहां मुकुल विहार तल्ली बमौरी स्थित किराए के मकान में रहता है। एक ठेकेदार का आरोप है कि उसने 10 लाख रुपये के सरकारी काम किए थे। जिसके एवज में अधिशासी अभियंता कृष्ण ने ठेकेदार से 50 हजार की रिश्वत मांगी। ठेकेदार की शिकायत पर विजिलेंस ने ट्रैप टीम तैयार की और आरोपी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए सिक्स सीजन रिजॉर्ट नया गांव कालाढूंगी से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारी के बाद रात ही विजिलेंस ने तीन टीमें गठित कीं। एक टीम ने देहरादून स्थित आवास, दूसरी ने हल्द्वानी स्थित किराए के मकान में और तीसरी टीम ने उसके दफ्तर में छापेमारी की। देहरादून वाले घर से 16 लाख 73 हजार रुपये, तल्ली बमौरी के मुकुल विहार स्थित किराये के मकान से 3 लाख 38 हजार रुपये और ऊंचापुल स्थित कार्यालय से 3 लाख 86 हजार रुपये बरामद किए गए। सूत्रों का कहना है कि आरोपी ने देहरादून के अलावा कई जिलों में घर और बेनामी संपत्तियां जोड़ी हैं। छापे में कुछ अहम दस्तावेज भी विजिलेंस के हाथ लगे हैं।

फिक्स था कृष्ण की कट मनी का 20 प्रतिशत : पीड़ित ठेकेदार ने जो 10 लाख रुपये का सरकारी काम किया था, उसका भुगतान उसे दो बार में हो गया। इसी रकम के एवज में 50 हजार की मांग की गई थी। बताया जाता है कि ऐसी मांग हर ठेकेदार से की जाती है। फिर वह ठेका 10 हजार का हो या फिर 10 लाख रुपये का। इसके लिए कृष्ण सिंह कन्याल की कट मनी तय कुल रकम पर 20 प्रतिशत तय थी।

18 घंटे पूछताछ, कई जगह संपत्ति की आशंका

बुधवार की रात गिरफ्तारी के बाद करीब 18 घंटे तक विजिलेंस की टीम ने आरोपी अधिशासी अभियंता से पूछताछ की। वहीं देहरादून और हल्द्वानी स्थित मकान में छापेमारी के दौरान टीम को आरोपी की चल-अलल संपत्ति से जुड़े कई तरह के दस्तावेज भी मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक कुमाऊं मंडल के कई जिलों में संपत्ति होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अभी टीम जांच में जुटी है और पुष्टि कर रही है। वहीं आरोपी के निजी बैंक खाते से लेकर ज्वाइंट अकाउंट आदि की छानबीन भी की जा रही है।

विदेश में पढ़ रही बेटी खंगाले जाएंगे बैंक खाते

हल्द्वानी : पता लगा है कि आरोपी कृष्ण सिंह कन्याल की एक बेटी भी है, जो विदेश में रहकर पढ़ाई कर रही है। हालांकि इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं है। बहरहाल, देहरादून, हल्द्वानी और दफ्तर से लाखों का कैश बरामद होने के बाद विजिलेंस की नजर अब कृष्ण सिंह कन्याल के अलावा उसकी पत्नी, रिश्तेदारों व दोस्तों के बैंक खातों पर है।

विजिलेंस के रडार पर है कृष्ण का 'सारथी'

हल्द्वानी : घूसखोरी के इस खेल में अकेला कृष्ण शामिल नहीं है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि लघु सिंचाई के कुछ और लोग इसमें शामिल हो सकते हैं। फिलहाल, विजिलेंस को एक व्यक्ति का नाम पता चला है, जिसे कृष्ण का 'सारथी' कहा जा रहा है। यानी ऐसा व्यक्ति जिसे न सिर्फ कृष्ण के लेने-देन की सारी जानकारी थी, बल्कि वह इस लेने-देने में कुछ प्रतिशत का भागीदार भी है। कई बार ये सारथी, कृष्ण के लिए घूस की रकम खुद भी लेने गया है।

सिर पर था राज्य के बड़े राजनेता का हाथ

हल्द्वानी : कृष्ण सिंह कन्याल न सिर्फ ठेकेदारों बल्कि कई विधायकों के लिए सिर का दर्द बन चुका था। आलम यह था कि कई-कई शिकायतों के बाद भी कृष्ण सिंह पर कार्रवाई नहीं हुई। दरअसल, घूस लेने के आदी हो चुके कृष्ण से ठेकेदार खफा थे। ठेकेदार उसकी शिकायत विधायकों से करते और जब विधायक कृष्ण से बात करते तो वह ऐंठ जाते। विधायकों से भी उसका स्थानांतरण कराने की सिफारिश की, लेकिन नहीं हुआ। माना जा रहा है कि उस पर राज्य के एक बड़े राजनेता का हाथ था।

> आरोपी के देहरादून और हल्द्वानी स्थित घर के साथ दफ्तर में भी छापेमारी की गई, जहां से 23 लाख 97 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। इतना सारा कैश कहां से जुटाया गया, इसकी जांच की जा रही है। छापेमारी में कुछ दस्तावेज भी मिले हैं, जिनका अध्ययन किया जा रहा है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। – **अनिल मनराल**, सीओ विजिलेंस हल्द्वानी सेक्टर

पेयजल किल्लत पर फूटा गुस्सा, सड़क पर लगाया जाम

इंदिरानगर बड़ी रोड की महिलाओं ने शनि बाजार रोड पर बुग्गियां आड़ी तिरछी खड़ी कर किया रास्ता बंद, विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भीषण गर्मी में एक माह से पानी नहीं मिलने पर इंदिरानगर बड़ी रोड के बाशिंदों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साई महिलाओं ने शनि बाजार रोड पर बुग्गियां लगाकर जाम लगा दिया। जाम खुलवाने पहुंची महिलाओं की पुलिस से तीखी बहस हुई। बाद में पुलिस ने किसी तरह समझाबुझा कर महिलाओं को शांत कराया और जाम खुलवाया। आक्रोशित महिलाओं ने पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं होने पर फिर से उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

गुरुवार को सुबह लगभग 11:30 बजे इंदिरानगर बड़ी रोड की रहने वालीं दर्जनों महिलाएं खनन बुग्गियां लेकर शनि बाजार रोड पहुंच गईं और बुग्गियां आड़ी-तिरछी खड़ीकर जाम लगा दिया। महिलाओं ने जल संस्थान के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि इंदिरानगर बड़ी रोड में नलकूप से पानी की आपूर्ति होती है। बड़ी रोड का इलाका नलकूप से आपूर्ति का अंतिम इलाका है। गर्मी में लोग विद्युत

एक माह से पेयजल आपूर्ति ठप होने पर शनि बाजार रोड पर जाम लगातीं महिलाओं को समझाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

मोटर के जरिए पानी खींच लेते हैं। ऐसे में जब तक उनके घरों पर पानी पहुंचता है तब तक नलकूप बंद हो जाता है। आरोप लगाया कि जल संस्थान बिना किसी पूर्व सूचना के कभी सुबह 4 तो कभी 8 बजे आपूर्ति करता है। जानकारी नहीं होने से इस क्षेत्र में पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। जल संस्थान दिखावे के लिए टैंकर भेजता है, लेकिन इतनी बड़ी आबादी में एक टैंकर पर्याप्त नहीं रहता है। गुस्साई महिलाओं ने कहा कि पिछले एक माह से लगातार इसी तरह पानी की किल्लत हो रही है। दैनिक काम तो दूर खाना पकाने के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं, जाम की सूचना पर मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन महिलाएं आपूर्ति सुचारू की जिद पर अड़ गईं। इसको लेकर महिलाओं की पुलिस से तीखी बहस भी हुई गई। जैसे-जैसे पारा चढ़ता गया महिलाओं का गुस्सा भी बढ़ता गया। पुलिस ने बमुश्किल किसी तरह समझा कर लगभग आधे घंटे बाद बुग्गियां हटाकर जाम खुलवाया। जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस को दोबारा यातायात पटरी पर लाने में इतना ही समय लग गया। इस दौरान शकीला, नाजरा बेगम समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रविशंकर लोशाली ने बताया कि इंदिरानगर बड़ी रोड के लोगों की पानी आपूर्ति सुचारू नहीं होने की शिकायत मिली है, जिसके लिए बरेली रोड लटूरिया मंदिर स्थित नलकूप से 30 मीटर की नई पेयजल लाइन बिछाई जाएगी। इस लाइन का काम पूरा होने के बाद यहां के लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल पाएगी।

04 बजे सुबह या 8 बजे होती है पानी की आपूर्ति

गौलापार व बागजाला में नलकूप खराब होने से संकट

हल्द्वानी : शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में नलकूपों के खराब होने सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गौलापार इलाके में जलसंस्थान का नलकूप खराब होने के चलते पानी का संकट विगत कई दिनों से छाया हुआ है। नलकूप खराब होने के चलते करीब हजारों की आबादी के सामने पेयजल की दिक्कत बनी हुई है। गुरुवार को गौलापार के खेड़ा क्षेत्र में नलकूप खराब होने के चलते लोगों के सामने पानी की दिक्कत बनी रही। वहीं बागजाला इलाके का नलकूप बीते 4 दिनों से खराब चल रहा है, जिसे अभी तक ठीक नहीं किया जा सका है। नलकूप खराब होने के चलते स्थानीय लोगों को पेयजल के लिए यहां वहां भटकना पड़ रहा है। इधर जलसंस्थान के कनिष्ठ अभियंता शेखर जोशी ने बताया कि खराब नलकूपों की मरम्मत जारी है, नलकूप ठीक होते ही इन इलाकों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी।

कैंटर खाई में गिरा चालक की मौत

भवाली के पास खाई में गिरा कैंटर।

भवाली, अमृत विचार : अल्मोड़ा-भवाली हाईवे पर बुधवार की देर रात एक कैंटर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार (45) निवासी गरुड़ बागेश्वर हल्द्वानी से बागेश्वर कैंटर में निर्माण सामग्री लेकर जा रहा था।

भवाली चौराहे से करीब एक किलोमीटर आगे अल्मोड़ा हाईवे पर कैंटर अनियंत्रित होकर 60 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हाईवे से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल डीआर वर्मा ने बताया कि पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

बाइक से पेट्रोल चोरी करते तीन किशोरों को पकड़ा

- लोगों ने पीटने के बाद किया पुलिस के हवाले
- 9वीं, 10वीं कक्षा के छात्र हैं पकड़े गये किशोर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एक पार्टी में गये 9वीं और 10वीं कक्षा के किशोरों को घर लौटने में आधी रात गुजर गई। रास्ते में बाइक का पेट्रोल खत्म हुआ तो चोरी की योजना बना डाली। एक गली में खड़ी बाइक से तीनों पेट्रोल चोरी करने लगे, लेकिन पकड़े गए। मोहल्ले वालों ने पीटने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

वेलेजली लॉज निवासी तीन किशोर नैनीताल रोड स्थित स्कूल में 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्र हैं और दोस्त हैं। पुलिस के मुताबिक बुधवार की रात तीनों कैनाल रोड स्थित एक बारातघर में आयोजित समारोह में शामिल होने गए थे। इस समारोह में आधी रात गुजर गई। गुरुवार की रात करीब 3 बजे तीनों बाइक पर सवार होकर घर के लिए निकले, लेकिन रास्ते में बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। तीनों ने मोटर साइकिल सड़क किनारे खड़ी कर दी और एक कॉलोनी में घुस गए। एक गली में किशोरों ने घर के बाहर बाइक खड़ी देखी तो उससे पेट्रोल निकालना शुरू कर दिया। तभी वहां रहने वाले लोगों ने किशोरों को पकड़ लिया। पकड़े गए किशोरों में दो एमबी इंटर कॉलेज के छात्र हैं। जबकि तीसरा ठंडी सड़क स्थित स्कूल में पढ़ता है। तीनों की काउंसलिंग कर पुलिस अधिनियम के तहत चालान किया गया है।

चालान की कार्रवाई से निजात दिलाने की मांग

नैनीताल, अमृत विचार : नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर की जा रही चालानी कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को लोगों ने एसएसपी से मुलाकात की। उन्होंने चालान की कार्रवाई से निजात दिलाने की मांग की। व्यापारी हरीश जोशी के नेतृत्व में व्यापारियों और शहरवासियों का एक शिष्ट मंडल एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा से मुलाकात करने पुलिस लाइन पहुंचा।

लोगों ने पुलिस द्वारा की जा रही चालानी कार्रवाई को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। कहा कि सड़क किनारे सफेद पट्टी के पीछे खड़े वाहनों में पुलिस ढाई हजार रुपए का चालान कर रही है। जबकि नो पार्किंग की चालानी राशि पांच सौ निर्धारित है। इस दौरान मनोज कुमार, राहुल कुमार, कुंदन बिष्ट, धीरू सिंह, विक्की सोनकर, अनिल ठाकुर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

क्वारब में आपदा प्रभावितों को प्रशासन ने दिए पांच-पांच हजार

राहत

- अतिवृष्टि से हुए नुकसान का अधिकारियों ने लिया जायजा
- बुधवार की शाम जमकर हुई बारिश से हुआ था नुकसान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिले की कोश्याकुटौली तहसील के अंतर्गत क्वारब में अति वृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही आपदा प्रभावितों को पांच-पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद की गई।

बीते बुधवार की सांय भवाली-अल्मोड़ा एनएच-109 के अंतर्गत कोश्याकुटौली तहसील के क्वारब में जमकर बारिश हुई थी। बारिश से

क्वारब में आपदा प्रभावित को आर्थिक सहायता देते एसडीएम। ● अमृत विचार

लोगों के आवासीय व व्यवसायिक भवनों में मलबा घुस गया था। वहीं क्वारब-मौना मोटर मार्ग भी बाधित हो गया था। इधर, गुरुवार को एसडीएम विपिन पंत मौके पर पहुंचे और आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। आपदा प्रभावित छह परिवारों को फौरी तौर पर पांच-पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई। साथ ही मलबा आने से बाधित क्वारब-मौना मोटर मार्ग को खुलवाने के लिए लोनिवि निर्माण खंड के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। ढोकाने में 11 केवी की विद्युत लाइन के ऊपर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति चरमरा गई थी। देर सायं पेड़ हटवाकर लाइन की मरम्मत कर आपूर्ति सुचारू की गई।

संजयनगर लाइन पार क्षेत्र में 18 घंटे से बिजली गुल

- लोगों ने विद्युत विभाग पर लगाया उपेक्षा करने का आरोप
- बिंदुखत्ता में भी कटौती और लो-वोल्टेज से लोग परेशान

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : नगर के संजयनगर लाइन पार क्षेत्र में पिछले 18 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप है, जिससे लोगों में हाहाकार मचा है। लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही के साथ उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। कहा कि शीघ्र आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो उच्च अधिकारियों से शिकायत की जायेगी। वहीं बिंदुखत्ता क्षेत्र में विद्युत कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से लोगों में आक्रोश है।

बुधवार की देर रात अज्ञात ट्रक ने विद्युत पोल को टक्कर मार दी, जिसके बाद से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप है। गुरुवार सांय 5 बजे तक क्षेत्र में आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी। जिस कारण लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों ने कहा कि बिजली न होने के कारण पानी की समस्या खड़ी हो गई है, लेकिन विद्युत विभाग को इससे कोई लेना-देना नहीं है। कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन उनका एक ही जवाब था की कार्य चल रहा है। जबकि नगर के अन्य मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति सुचारू है। उन्होंने अधिकारियों पर भेदभाव करने का आरोप लगाया। इधर, बिंदुखत्ता क्षेत्र में लो-वोल्टेज व विद्युत कटौती से परेशान लोगों ने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग की है।

कवायद प्रेमपुर लोश्ज्ञानी चौक से जंगल की ओर 1.8 किमी लंबाई तक बनाया जाएगा नाला

एडीबी ने शुरू किया रकसिया नाले का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मानसून सीजन में रकसिया नाले से होने वाली तबाही को रोकने के लिए प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। नाले के पानी को घरों में घुसने से रोकने के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने नाला निर्माण शुरू कर दिया है। दावा है कि मानसून सीजन शुरू होने से पूर्व नाला बन जाएगा।

रकसिया नाला दमुवाढूंगा से शुरू होता है, जो लालडांठ, छड़ायल से होता हुआ प्रेमपुर लोश्ज्ञानी तक जाता है। बारिश में इस नाले में बेतहाशा पानी आता है, इस नाले की नियमित सफाई नहीं होने से

पानी आसपास के रिहायशी इलाकों में तबाही मचाता है। सबसे ज्यादा नुकसान प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में होता है। इस समस्या से निजात के लिए प्रेमपुर लोश्ज्ञानी के ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई थी। इसको लेकर नगर निगम, खनन विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सर्वे भी किया था। इसके बाद सर्वसम्मति से तय हुआ था कि दमुवाढूंगा से लालडांठ तक अलग-अलग पैच में नगर निगम व खनन विभाग साफ-सफाई करेगा। जबकि प्रेमपुर लोश्ज्ञानी चौक से जंगल तक लगभग 1.8 किमी नाला बनाने का जिम्मा एडीबी को सौंपा गया है। एडीबी ने हल्द्वानी के ड्रेनेज प्लान में इस प्रोजेक्ट को शामिल कर लिया है। इसके बाद गुरुवार से नाला निर्माण भी शुरू हो गया है। तहसीलदार सचिन कुमार ने गुरुवार को मौके पर पहुंच कर नाला निर्माण का जायजा लिया। उन्होंने मानसून से पूर्व नाला निर्माण के निर्देश दिए, ताकि बारिश में नाले में पानी आने पर ग्रामीणों के घरों में जलभराव नहीं हो।

वाहन से उतारा हूटर और पुलिस लाइट

नैनीताल, अमृत विचार : पीलीभीत से नैनीताल घूमने आये पर्यटकों को अपने निजी वाहन में हूटर बजाना और पुलिस लाइट लगाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने नियम विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पर्यटकों का चालान काटा।

तल्लीताल थाने के एसओ रमेश बोहरा ने बताया पीलीभीत के पर्यटकों ने गाड़ी में पुलिस हूटर और पुलिस लाइट लगा रखी थी। वह नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर घूम रहे थे। लोगों की शिकायत के बाद मौके पर पहुंची चीता पुलिस ने पर्यटकों के वहां से हूटर और पुलिस लाइट निकाल कर जब्त कर ली। साथ ही वाहन चला रहे रहमत हुसैन के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

'सीबीआई से मैंने पकड़वाया था दरोगा, ये रेलवे स्टेशन मेरा है'

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शराब पीकर एक व्यक्ति ने जीआरपी चौकी हल्द्वानी में जमकर हंगामा काटा। उसने सीबीआई का नाम लेकर न सिर्फ रौब गांठा, बल्कि अपनी बहनों को बड़ा अधिकारी बता कर डराया भी। जीआरपी काठगोदाम ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जीआरपी चौकी हल्द्वानी में तैनात कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह यादव के मुताबिक बीती 18 मई को वह ड्यूटी पर था। शाम करीब साढ़े सात बजे एक व्यक्ति नशे की हालत में बिना अनुमति चौकी में जबरदस्ती घुस आया। उससे आने

हंगामा

- जीआरपी चौकी हल्द्वानी में शराब पीकर पहुंचे युवक का हंगामा
- बोला, मैं करोड़ पति, मेरी एक बहन डीएम दूसरी सुप्रीम कोर्ट में

का कारण पूछा तो वह चीखने-चिल्लाने लगा। शोर सुनकर बीट पर तैनात गोविन्द बल्लभ भी मौके पर पहुंच गया। नशे में धुत युवक गाली-गलौज करने और धमकी देने लगा। बोला, मैं वही इरशाद अहमद हूं जिसने पहले वाले दरोगा दिनेश मीना को सीबीआई से ट्रेप करवाया था। ये स्टेशन मेरा है और मैं तुम सभी को झूठी गवाही देकर सीबीआई से गिरफ्तार करवा दूंगा। बोला, मैं करोड़पति आदमी हूं और ये स्टेशन मेरी सम्पत्ति है। मेरी बहन सुप्रीम कोर्ट में है और एक बहन हाईकोर्ट में। मेरी तीसरी बहन जिला मजिस्ट्रेट है। जब वह नहीं माना तो उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की गई, लेकिन शातिर भाग निकला। जीआरपी काठगोदाम के मुताबिक आरोपी टैक्सी ड्राइवर इरशाद अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी लाइन नंबर 17 आजाद नगर बनभूलपूरा के खिलाफ नशे की हालत में हंगामा करते हुए सरकारी व रेल कार्य में बाधा उत्पन्न करने व धमकाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पर्याप्त कमरे नहीं, प्रयोगशाला में पढ़ने को मजबूर बच्चे

प्राथमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में पानी का भी संकट

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय प्राथमिक विद्यालय जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में 166 बच्चे पढ़ रहे हैं, जिन्हें पढ़ाने के लिए एक प्रधानाचार्य और 6 शिक्षक नियुक्त हैं। मगर विद्यालय में पानी की संकट है। रोजाना टैंकर मंगवाकर पानी की व्यवस्था की जाती है। विद्यालय के पास अपना परिसर है जो वर्तमान में बदहाल स्थिति में है। शासन से प्राथमिक विद्यालय को मात्र 50 हजार रुपये की अनुदान राशि मिलती है।

प्रधानाचार्य वीना भगत ने बताया कि अनुदान राशि इतनी कम है की इससे सभी प्रमुख कार्य नहीं कराए जा सकते हैं। अनुदान राशि को बढ़ाया जाना चाहिए। कहा कि विद्यालय में शौचालय बहुत खराब स्थिति में थे, उन्हें अनुदान राशि से ठीक कराया गया। लेकिन अभी भी विद्यालय में कई महत्वपूर्ण काम कराने शेष हैं। इसी परिसर में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है, जिसमें 236 बच्चे पढ़ते हैं। यहां एक प्रधानाचार्य और 7 शिक्षक नियुक्त हैं। पर्याप्त कक्षाएं न होने के कारण बच्चे प्रयोगशाला में बैठने को मजबूर हैं। कक्षा 9 के 37 बच्चों को प्रयोगशाला में पढ़ाया जा रहा है। साथ ही अन्य कक्षाओं में भी बेंच-मेज हटाकर दरी में बिठाकर पढ़ाया जा रहा है, जिससे सभी बच्चों के बैठने की व्यवस्था हो सके। जगह की कमी के कारण कई बच्चों को नए शैक्षिक सत्र में प्रवेश नहीं दिया गया है। बच्चों के मध्याह्न भोजन करने के लिए विद्यालय में टिन शेड या कमरा उपलब्ध नहीं है, जिससे बच्चों को खुले में भोजन करना पड़ता है।

कम जगह होने के कारण दरी पर बैठकर पढ़ते बच्चे। ● अमृत विचार

प्राथमिक विद्यालय का उबड़-खाबड़ परिसर।

जर्जर कमरों के ध्वस्तीकरण का प्रस्ताव स्वीकृत

विद्यालय का एक भवन लंबे समय से जर्जर हालत में हैं, जिसमें दो कमरे हैं। भवन के ध्वस्तीकरण का प्रस्ताव भेजा गया था, जो स्वीकृत हो गया है। पूर्व में इन कमरों में कक्षाएं चलाई जाती थी। विद्यालय प्रबंधन को भवन ध्वस्तीकरण और इसके निर्माण का इंतजार है। जिसके बाद विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो पाएगी। वर्तमान में यहां विद्यालय का सामान और पुराना फर्नीचर रखा गया है।

> बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। दो कमरों का निर्माण होना है, जिसका बजट स्वीकृत हुआ है। टैंकर मंगाकर पानी की व्यवस्था की जाती है। अन्य सभी व्यवस्थाएं ठीक हैं।
>
> – **अनिता पाठक**, प्रधानाचार्य, राजकीय माध्यमिक विद्यालय जवाहर ज्योति

कई मामलों में बेहतर है उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था भले न हो, लेकिन यहां अन्य सुविधाएं बेहतर हैं। टैंकर से पानी मंगाकर कक्षाओं के बाहर दो फिल्टर में डाला जाता है, जिससे बच्चे पानी पीते हैं। विद्यालय के कमरों, दीवारों को प्रेरक पेंटिंग बनाकर सजाया गया है। परिसर में नर्सरी लगाई गई है, जो विद्यालय की खूबसूरती को बढ़ा रही है। विद्यालय का प्रधानाचार्य और स्टाफ कार्यालय बेहतर है।

विद्यालय का जर्जर भवन जिसमें पूर्व में चलती थीं कक्षाएं। ● अमृत विचार

टैंकर से फिल्टर में डालकर पीते हैं पानी।

कक्षा की छत व दीवार में पड़ी हैं दरारें।

सार-संक्षेप

आदि कैलाश मार्ग पर तीर्थ यात्रियों की कार दुर्घटनाग्रस्त

पिथौरागढ़ : आदि कैलाश जा रहे तीर्थ यात्रियों की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। कंट्रोल रूम पिथौरागढ़ को आदि कैलाश मार्ग पर गुरुवार सुबह कार दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी। हादसा जिले के कुटी गांव के पास हुआ था। सड़क पर पैराफिट नहीं होने से कार नीचे गिर गई। संयोग से कार ज्यादा गहरी खाई में नहीं गिरी। खबर मिलते ही रेस्क्यू टीम को घटनास्थल पर पहुंची। घटना में कार सवार चार लोग संदीप रोहिला, अविनाश कुमार, पूजा और रंजू घायल हो गए। जिन्हें रेस्क्यू टीम ने गुंजी के आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। सभी हरिद्वार जिले के रहने वाले हैं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीन घायलों अविनाश कुमार, पूजा व रंजू की हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद तीनों घायलों को एयर एंबुलेंस के जरिये गुंजी से एम्स ऋषिकेश भेज दिया गया। चौथे घायल संदीप को हल्की चोटें आई थी, उन्हें सड़क मार्ग से भेजा गया है।

नाबालिग से छेड़छाड़ पर पॉक्सो में मुकदमा

रामनगर : युवक द्वारा एक किशोरी के साथ उसका पीछा करते हुए छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि स्थानीय युवक नानू द्वारा बीते दिन उसकी नाबालिग पुत्री का पीछा करते हुए छेड़छाड़ की गयी। आरोपी जबरदस्ती घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने पोस्को के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जलभराव का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

भीमताल : डीएम के निर्देश पर धारी एसडीएम केएन गोस्वामी ने लोनिवि, नगर पालिका और सिंचाई विभाग के अधिकारियों और भाजपा नेताओं के साथ ब्लॉक रोड में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नालियों को साफ करने और सिल्ट निकालने के निर्देश दिए। भीमताल झील में सिल्ट को रोकने के लिए चेकडैम बनाने के भी निर्देश दिये। इस दौरान भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, शिप्रा जोशी, धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

गऊ हत्या निंदनीय व शर्मनाक अपराधः हरि चैतन्य

रामनगर : स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने अपना जन्म दिन श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट एवं राधा कृष्ण गौशाला में धूमधाम से गौ सेवा करके मनाया। उन्होंने कहा कि गऊ माता सारे विश्व की मां है। कहा कि गऊ हत्या निंदनीय एंव शर्मनाक अपराध है। जिस पर रोक लगनी चाहिए। इस अवसर पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं गौशाला के अध्यक्ष भागीरथ चौधरी, पूर्व पालिका अध्यक्ष उर्मिला ने हरिचैतन्य पुरी महाराज की दीर्घायु होने की कामना की।

गायों को चारा खिलाते चैतन्य पुरी महाराज।

धूमधाम से मनाई नरसिंह चतुर्दशी

रामनगर : श्री नरसिंह चतुर्दशी महोत्सव इस्कॉन ईकाई ने धूमधाम से मनाया। इस्कॉन रामनगर में आई श्री नरसिंह भगवान की प्रथम विग्रह को स्थापित किया गया। इस दौरान नरसिंह भगवान का महाभिषेक प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान भगवान जगन्नाथ के विशेष दर्शन, विशेष महाआरती, प्रहलाद नरसिंह नाटक नृत्य कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में काशीपुर व रुद्रपुर से आए भक्तों ने भी हरिनाम संकीर्तन किया, जिसमें सभी भक्त झूमे उठे। इस्कॉन रामनगर के संचालक मधूहा हरी दास ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

रामनगर में बैठक करते टेंपो चालक। ● अमृत विचार

पालिका की सीमा में सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाया जाए

▸▸ **प्रोफेसर ने एक्स के जरिए नगर पालिका से की अतिक्रमण पर कार्रवाई की मांग**

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हाल ही में सरकारी संपत्ति से अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया है। जिसके बाद लोगों ने बाजार क्षेत्र में फुटपाथों और सड़कों पर हुए अतिक्रमण पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना शुरू कर दिया है।

रामनगर में अतिक्रमण विकराल रूप ले रहा है। जिसके चलते बाजार क्षेत्र में लोगों का पैदल चलना दूभर हो रहा है। संबंधित विभागों की अनदेखी के चलते जो फुटपाथ लोगों के पैदल चलने के लिए बनाए गये थे, उन पर दुकानें सजी हैं। कुमाऊं आयुक्त के आदेश के अनुपालन में मंगलार निवासी लॉ कॉलेज बरेली के प्रोफेसर प्रदीप कुमार ने नगर पालिका परिषद रामनगर को एक्स के जरिये रामनगर में पालिका की सीमा के अंदर आने वाले सभी सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि कार्यवाही न होने पर इस मुद्दे को मुख्यमंत्री पोर्टल और आरटीआई के जरिये उठाया जायेगा।

रामनगर में फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण का दृश्य। ● अमृत विचार

पर्यटक के पास मिली चोरी की स्कूटी

नैनीताल : तल्लीताल क्षेत्र से दिनदहाड़े स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर स्कूटी समेत पर्यटक को पकड़ लिया। पता लगा कि गलती से पर्यटक गलत स्कूटी ले गया। प्राथमिक पाठशाला पार्किंग के समीप गली में तल्लीताल बूचड़खाना निवासी हाजी शमशाद हुसैन ने गुरुवार को दिन में एक बजे अपनी स्कूटी खड़ी की। वह कुछ देर बाद वापस आए तो स्कूटी नहीं मिली। पुलिस ने छानबीन के बाद स्कूटी ले जाने वाले पर्यटक को पकड़ लिया है। पूछताछ में पता चला कि पर्यटक मुरादाबाद से घूमने आया है, उसने स्कूटी किराए में ली थी। स्कूटी किराए में देने वाले युवक को बुलाया गया तो उसने बताया कि पर्यटक दूसरी स्कूटी में चाबी लग जाने के चलते गलती से स्कूटी ले गया। पुलिस ने दोनों का चालान काट दिया।

पांच हजार मजदूरों को सौ दिन भी काम नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मनरेगा योजना में पंजीकृत 8 हजार मजदूरों में से 5 हजार को 100 दिन भी काम नहीं मिल पाया। जबकि अन्य 3 हजार मजदूरों ने मनरेगा के तहत मजदूरी करने में कोई रूचि नहीं दिखाई।

मनरेगा के तहत विकासखंड कार्यालय में करीब 8 हजार मजदूरों ने अपने जॉब कार्ड बनाए हैं। जबकि सक्रिय मजदूरों की संख्या लगभग 5 हजार है। योजना में पंजीकृत मजदूरों को साल में सौ दिन काम दिए जाने का नियम निर्धारित है, लेकिन इसमें से अधिकतर को सालभर में 100 दिन का रोजगार उपलब्ध नहीं हो पाया है। बीते साल विकासखंड कार्यालय से मनरेगा के तहत करीब 5 करोड़ रुपये से गूल, गौशाला, मुर्गी व बकरी बाड़े, सोख्ता पिट आदि निर्माण कार्य किए गए। जिससे 77 हजार मानव दिवस सृजित हुए, लेकिन इसके बावजूद अधिकतर मजदूरों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध नहीं हो पाया। इसका एक कारण मनरेगा में मजदूरी कम होना व समय पर भुगतान भी नहीं होना है। प्रदेश में मनरेगा के तहत 230 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिलती है। अधिकारियों का कहना है कि कार्य शुरू होने के 14 दिनों के भीतर मजदूरों का मस्टर रोल ऑनलाइन भर दिया जाता है।

> मजदूरों के काम मांगने के आधार पर विभाग की ओर से 100 दिनों का रोजगार दिलाया जाता है। विभाग की कोशिश रहती है कि सभी पंजीकृत मजदूरों को साल में 100 दिन का रोजगार मिले। – **दीवान सिंह कन्याल**, बीडीओ

हाईकोर्ट शिफ्टिंग पर स्थिति स्पष्ट करे सरकार : ध्यानी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : राज्य आंदोलनकारी एवं उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान सचिव प्रभात ध्यानी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं सरकार से हाईकोर्ट शिफ्टिंग पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। जारी बयान में प्रभात ध्यानी ने कहा कि राज्य का गठन उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों और पर्वतीय क्षेत्र की अवधारणा को केंद्र में रखते हुए किया गया था।

प्रभात ध्यानी।

जिसके लिए स्थाई राजधानी गैरसैंण सहित सचिवालय, उच्च न्यायालय एवं समस्त विभागों के कार्यालयों को गैरसैंण में स्थापित कर राज्य का सर्वांगीण विकास का संकल्प था। कहा कि 42 लोगों की शहादत तथा रामपुर तिराहे में महिलाओं के साथ हुये दुराचार जैसी घटना के बाद अस्तित्व में आया उत्तराखंड राज्य भाजपा एवं कांग्रेस की सरकारों के साजिश एवं षड्यंत्र का शिकार रहा है। हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर मुख्यमंत्री धामी की ओर से कोई वक्तव्य न आने से स्पष्ट है कि इसके पीछे कुमाऊं एवं गढ़वाल के लोगों को आपस में लड़ाने की बहुत बड़ी साजिश हो रही है। इस संबंध में शीघ्र ही राज्य निर्माण आंदोलन की शक्तियों एवं संगठनों से बातचीत कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इधर, हाईकोर्ट ऋषिकेश स्थानांतरित करने के विरोध में बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को दोपहर दो बजे ब्लॉक सभागार में बैठक बुलाई है। अध्यक्ष ललित तिवारी ने सभी लोगों से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है।

केंद्र की योजनाओं और कार्यों के बारे में बताया

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज की 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी ने भारत सरकार की योजना नई रोशनी : स्कीम फॉर लीडरशिप डेवलपमेंट का माइनॉरिटी वूमेन पर चार दिवसीय वेबीनार का आरंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर नरेंद्र सिंह बनकोटी ने छात्रों को केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यों के विषय में बताया। मुख्य वक्ता डॉ. तनुजा मेलकानी असिस्टेंट प्रोफेसर बीएड विभाग ने बताया कि उक्त योजना वर्ष 2012-13 में आरंभ की गई थी। इसके तहत अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु विभिन्न नीतियों का क्रियान्वयन किया गया। उन्होंने महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन और उनके समावेशी सामाजिक विकास के विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. ज्योति टम्टा ने किया।

निकासी बंद होने से पहले ही घरों को लौटने लगे गौला के श्रमिक

▸▸ **श्रमिकों ने भीषण गर्मी और खनन व्यवसायियों की दिलचस्पी न होने की वजह बताई**

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : आगामी 31 मई तक गौला नदी से खनन निकासी के आदेश हैं, बावजूद इसके गौला श्रमिकों ने अभी से घर लौटना शुरू कर दिया है। श्रमिकों का कहना है कि भीषण गर्मी और खनन व्यवसायियों की खनन निकासी में अधिक दिलचस्पी नहीं होने के चलते वह नदी बंद होने के 9 दिन पूर्व ही घर वापसी कर रहे हैं।

बरेली जाने वाली रेलगाड़ी में सवार होने के लिए भारी संख्या में गौला श्रमिक लालकुआं रेलवे स्टेशन की टिकट खिड़की पर पहुंचे। इस दौरान श्रमिकों से जब बात की गई तो उनका कहना था कि इस बार नदी में भीषण गर्मी पड़ रही है। पेयजल के उचित इंतजाम नहीं है। खनन व्यवसायियों में इस सत्र में वाहन चलाने के प्रति दिलचस्पी भी नहीं दिखाई दे रही है। प्रतिदिन गौला नदी में वाहन कम हो रहे हैं। कई वाहन स्वामी अपने वाहनों को इस सत्र के लिए सरेंडर करने की प्रक्रिया में जुटे गये हैं। इधर, वन विकास निगम के डीएलएम धीरेश बिष्ट ने बताया कि सरकार ने फिलहाल चार लाख 24 हजार घन मीटर खनन की पुनः अनुमति दी है। इससे पूर्व 38 लाख घन मीटर का लक्ष्य दिया गया था जो अब पूर्ण हो चुका है। नया लक्ष्य 31 मई तक पूरा होने के अनुमान है। डीएलएम ने भी माना कि पिछले तीन दिन से गौला नदी में खनन लेने के लिए वाहनों की संख्या गिरती जा रही है।

लालकुआं रेलवे स्टेशन में रेलगाड़ी आने का इंतजार करते गौला श्रमिक। ● अमृत विचार

ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पर जताया रोष

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : नगर में चलने वाले टेंपो चालकों एवं स्वामियों ने ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पर रोष जताया है।

गजेंद्र सिंह अधिकारी की अध्यक्षता एवं मोहमद आसिफ के संचालन में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि परिवहन विभाग ने उन्हें सड़क पर चलने के लिए परमिट दिए हैं, लेकिन ई-रिक्शा चालक परिवहन विभाग की जारी शर्तों एवं नियमावली का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टेंपो संचालन के लिए बाकायदा रजिस्ट्रेशन फीस, परमिट फीस, बीमा शुल्क दिया जाता है, इसके बावजूद ई-रिक्शा चालक नियम कानून को ताक पर रखकर सड़कों पर ई-रिक्शा का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एसडीएम और आरटीओ से वार्ता की जाएगी। समाधान न मिलने पर आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान दर्शन सिंह, देवेंद्र सिंह, सोहनलाल, हरि नेगी, प्रभु ध्यानी, ईश्वरी दत्त पंत, वीरेंद्र कुमार, हरीश मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

दोगांव और ज्योली के जंगल धधके

वनाग्नि

▸▸ **जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी**

▸▸ **सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे**

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : गुरुवार को नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में दोगांव के समीप ज्योली के जंगल में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने आसपास के क्षेत्र को चपेट में ले लिया।

हवा का रूख तेज होने के कारण आग तेजी से जंगल में फैलने लगी। जंगल की आग से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन वन संपदा जलकर नष्ट हो गई। दोगांव और ज्योली गांव से लगे जंगलों में लगी आग की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद वनकर्मी मौके पर पहुंचे। दिनभर विभाग की टीमें आग पर नियंत्रण करने में जुटी रही, लेकिन आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। मनोरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल कुमार शर्मा ने बताया कि ज्योली क्षेत्र के जंगल में आग की सूचना के बाद टीमें मौके पर भेजी गईं। उन्होंने कहा कि जल्द ही वनाग्नि पर काबू पा लिया जाएगा।

जंगल में विशालकाय पेड़ पर लगी आग बुझाई

रामनगर : हाथी डंगर वन क्षेत्र में एक विशालकाय पेड़ पर आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंच गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। इस दौरान लीडिंग फायरमैन जवाहर सिंह, चालक रमेश बंगारी, फायरमैन शम्भू गिरी, देवेंद्र पाल, पुष्कर सिंह, धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे।

जंगल में पेड़ पर लगी आग बुझाते कर्मी।

असिस्टेंट प्रोफेसर बनीं डॉ. पूजा शैलानी

नैनीताल : लोक सेवा आयोग उत्तराखंड से गृह विज्ञान विषय में डॉ. पूजा शैलानी का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है। कुमाऊं स्थित नैनीताल की बहु और गढ़वाल की बेटी डॉ. पूजा मूल रूप से चमोली जिले के पीपलकोटी स्थित सल्ला गांव की रहने वाली हैं। पूजा ने बचपन से ही बेहद संघर्षो के बीच पढ़ाई पूरी की। महज डेढ़ वर्ष की आयु में सिर से पिता का साया उठ जाने के बाद उनकी मां आशा देवी शैलानी ने उन्हें मेहनत कर पढ़ाया। इसके बाद वह केंद्रीय विवि गढ़वाल से गृह विज्ञान में शोध पूरा करने वाली पहली शोधार्थी बनी। जहां उन्हें डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की गई।

राजकीय विद्यालयों में होगा ग्रीष्मकालीन शिविर

▸▸ **विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यालयों में 5 से 11 जून तक होंगे कार्यक्रम**

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में 5 से 11 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किये जायेंगे।

इस दौरान विद्यालयों में जागरूकता भी अभियान चलाया जाएगा। छात्र-छात्राओं में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत, स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र, जल संरक्षण और पौधारोपण आदि पर जागरूकता पैदा करने और उन्हें संवेदनशील बनाने के लिए शिविर लगाया जा रहा है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सात गतिविधियों में एक सप्ताह के हिसाब से प्रत्येक दिन एक गतिविधि आयोजित की जाएगी। केंद्र सरकार के सचिव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के निर्देशों पर समस्त राजकीय विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। केंद्र सरकार ने कार्यक्रम के लिए गूगल ट्रैकर बनाया है, जिसमें प्रदेश के सभी विद्यालयों को प्रत्येक दिन की रिपोर्ट और फोटो अपलोड करनी होगी। समग्र शिक्षा के अपर राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को शिविर में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

स्ट्रीट लाइट की सुविधा मिली पर सड़कें अब भी बदहाल

हरिनगर वार्ड 42 का हाल :- पानी के लिए जूझ रहे लोग, ओवर हैड टैंक से नहीं मिलता पर्याप्त जल

जनसंख्या: 05 हजार तीन सौ | मतदाता: 04 हजार करीब

मुख्य कॉलोनियां :-हरिनगर, हरिपुर नायक, हिम्मतपुर मल्ला, दयाल विहार, कार्तिकेय कॉलोनी, जयदेवपुर, ऊषा रूपक, एसके पुरम, हिम्मतपुर, नरोत्तम विहार आदि।

संवाददाता, हल्द्वानी

वार्ड 42 में जगह-जगह सड़क में पड़े हैं गड्ढे, हरिपुर नायक में सिंचाई गूलों की नहीं हुई सफाई और हनुमान मंदिर चौराहे का चौड़ीकरण लंबे समय से अटका हुआ है। ● अमृत विचार

अमृत विचार : हरिनगर वार्ड 42 के लोगों को नगर निगम में शामिल होने के बाद सिर्फ स्ट्रीट लाइट की सुविधा मिली है। लेकिन वार्ड की अधिकांश सड़कें अब भी बदहाल हैं। जिनसे आने-जाने में लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। वार्ड में पेयजल समस्या भी रहती है। कई क्षेत्रों में जलभराव भी आम बात है।

वार्ड 42 में पेयजल का सही वितरण न होने से लोगों को आये दिन परेशानी होती है। सिंचाई के लिए बने ऊंचापुल स्थित नलकूप से पेयजल का वितरण होता है, जबकि जल संस्थान के नलकूप से पानी बहुत कम आता है। जल संस्थान ने ओवर हेड टैंक बनाया है, मगर यह आधा ही भरता है। जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। सिंचाई के लिए बने नलकूप से पेयजल का वितरण होने से किसानों को भी पानी नहीं मिल पाता है। क्षेत्र के जयदेवपुर में नया नलकूप लगा है, लेकिन हरिपुर नायक स्थित नलकूप से यहां अब भी पानी वितरित होता है। हाल ही में ऊषा रूपम में नलकूप का उद्घाटन हुआ है। वार्ड में सड़कों की स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं है। हिम्मतपुरम, गोविंदपुरम, कार्तिकेय कॉलोनी, ऊषा रूपक आदि कॉलोनियों में छोटी-छोटी सड़कें बनी हैं, लेकिन शांति फार्म, साईंपुरम, विश्वलोक आदि कॉलोनियों में सड़कों की स्थिति बेहद खराब है। हरिपुर नायक में शिव मंदिर के पास स्थित सड़क बनने के बाद टूट भी गई है। लोग स्ट्रीट लाइट लगने से खुश हैं। निवर्तमान पार्षद धीरज पांडे ने बताया कि ऊषा रूपम व एसके पुरम में पार्कों में ओपन जिम लगाए गए हैं। पानी की समस्या पूरे वार्ड में है।

लोगों से बातचीत

गलियों में स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। कॉलोनियों में सड़कों में सुधार हुआ है, लेकिन पानी का वितरण ठीक से नहीं होता है। जिससे परेशानी होती है।
-मनमोहन पांडे

स्ट्रीट लाइटें लगने से रात में आने-जाने में सुविधा मिली है, लेकिन शौचालय आदि की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे दुकानदारों को परेशानी होती है।
-रंजन पांडे

आरटीओ रोड में हनुमान मंदिर के पास चौराहे का चौड़करण का कार्य लंबे समय से रुका हुआ है। दयाल विहार आदि में काफी बदलाव हुए हैं।
-हरीश बिष्ट

नगर निगम में शामिल होने के बाद स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में कर्मचारियों की संख्या कम है। लोगों को खुद गाड़ी में कूड़ा डालना पड़ता है। -केएस नेगी



नगर निगम में शामिल होकर कोई लाभ नहीं मिला। बिजली, पानी, सड़क किसी की भी सुविधा नहीं है। पानी नहीं मिलने से खेत सूख गए हैं।
-चंदन सिंह

देवकी कॉलोनी में लंबे समय से सड़क नहीं बन पाई है, जिससे दिक्कत होती है। नगर निगम की कूड़ा गाड़ी नियमित आती है। स्ट्रीट लाइटें लगी हैं।
-पार्वती बिष्ट

अग्निकांड पीड़ितों को नुकसान का आकलन कर आर्थिक सहायता दें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत पीलीकोठी क्षेत्र में अग्निकांड पीड़ित के घर पहुंचे और प्रशासन, जिला आपूर्ति विभाग व गैस एजेंसी प्रभारी को नुकसान का आकलन कर मदद के निर्देश दिए।

विधायक भगत गुरुवार को श्यामा गार्डन के पास रहने वाले दिनेश पाल के घर पहुंचे। बीते बुधवार को खाना पकाते समय सिलेंडर फटने से जोरदार धमाके के साथ घर में आग लग गई थी। अग्निकांड में दिनेश की पत्नी, बच्चों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि घर का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया था। विधायक ने हल्द्वानी एसडीएम परितोष वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन मौर्या एवं चौधरी गैस एजेंसी के प्रभारी को मौके पर बुलाकर अग्निकांड की वजहों की जांच और नियमानुसार मुआवजा देने को कहा। साथ ही पीड़ितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से भी मदद दिलाने का आश्वासन दिया। एसडीएम वर्मा ने बताया कि अग्निकांड पीड़ितों को राशि मदद के लिए दी जा रही है। घरेलू गैस सिलेंडर का बीमा होता है इसलिए एजेंसी को नियमानुसार बीमे का लाभ दिलाने के लिए भी कहा गया है। इस दौरान देवकी नंदन जोशी, कमल जोशी, प्रताप पाल, भुवन पांडे, त्रिलोक सिंह बिष्ट, अंकित पाल, पूर्ति निरीक्षक राहुल सिंह डांगी, शिवराज बगड़वाल, संजय प्रसाद मौजूद रहे ।

घटना स्थल का मुआयना करते विधायक बंशीधर भगत व एसडीएम परितोष वर्मा।

अतिक्रमण को लेकर दिया शिकायती पत्र

हल्द्वानी, अमृत विचार : वार्ड 53 मुखानी तृतीय के लोगों ने खाली जमीन और सिंचाई विभाग की गूल में बढ़ते अतिक्रमण की शिकायत कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से की है। कुमाऊं आयुक्त को दिये शिकायती पत्र में लोगों ने कहा है कि नई आईटीआई रामपुर रोड डहरिया में फॉरेस्ट से सिंचाई की गूल निकल रही है। उसके ठीक बगल से 6 से 8 फीट का रास्ता खुला है। इस जगह को कुछ लोगों ने अपना बताकर दीवार बनाकर बंद कर दिया है।

सिंचाई विभाग की चेतावनी के बाद भी दीवार को ध्वस्त नहीं किया गया। इधर सीएमटी कॉलोनी के पास भी खाली जमीन में अतिक्रमण किया जा रहा है। वार्ड के निवर्तमान पार्षद नरेंद्र सिंह बगड़वाल ने कुमाऊं आयुक्त से शीघ्र अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।

भाजपा हर विस क्षेत्र में 15 कार्यकर्ता तैनात करेगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाजपा ने निकाय चुनाव के साथ ही मतगणना की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मतगणना के दौरान नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 15-15 कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे, इनकी सूची तैयार की जा रही है।

पार्टी ने जिले के सात निकायों के अध्यक्षों के लिए इच्छुक पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से आवेदन मांगे थे। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने निकायों के दायरे में आने वाले सभी मंडलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति बनानी शुरू कर दी थी। इधर, निकाय चुनाव टलने के आसार लग रहे हैं। ऐसे में भाजपा ने निकाय चुनाव के लिए मतदाताओं को जोड़ने के साथ ही लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आगामी 4 जून को एमबीपीजी कॉलेज में मतगणना प्रस्तावित है। इसको लेकर प्रशासन जहां तैयारियों में जुटा हैं, वहीं भाजपा ने नैनीताल संसदीय सीट की 14 विधानसभा क्षेत्रों में 15-15 कार्यकर्ता तैनात करने का फैसला किया है। इसके लिए विधानसभा प्रभारियों को संयोजक बनाने के साथ ही उनसे कार्यकर्ताओं की सूची मांगी है। इन कार्यकर्ताओं को एक दिनी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना में हर विधानसभा क्षेत्र में 15-15 कार्यकर्ता तैनात रहेंगे।

बैठक के बाद खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर मौजूद पदाधिकारी।

छात्रवृत्ति योजना के लिए मांगी छात्रों की जानकारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने के लिए जुलाई माह में परीक्षा होनी है। प्रदेश के सभी राजकीय और शासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 5 और 8 की परीक्षा उत्तीर्ण कर उक्त विद्यालय में ही कक्षा 6 और 8 में प्रवेश करने वाले बच्चे इस छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। जिले के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों से ऐसे छात्र-छात्राओं की विकासखंडवार जानकारी मांगी गई है। मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को शुक्रवार (आज) सुबह 11 बजे तक जानकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

वृद्धाश्रम के स्थापना दिवस पर सुंदरकांड का आयोजन

हल्द्वानी : श्री आनंद आश्रम ने बाबा नीब करोरी वृद्धाश्रम का 8वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लाल सिंह धामी ने सपत्नी दीप प्रज्जवलित कर संगीतमय सुंदरकांड का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट रहे। संस्था की अध्यक्ष कनक चंद ने सुमित्रा प्रसाद, मदन सिंह बिष्ट, प्रमोद पांडे, रंजीत सिंह मेहरा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सचिव मनीष चंद ने सभी को सम्मान पट्टिका पहनाई। संचालन रिम्पी बिष्ट ने किया। कार्यक्रम के समापन पर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बिंदु चावला, भावना, ममता, रोहन बोरा, हरीश भाकुनी, रोहित जोशी, नीरज मिश्रा, विनीता मेहरा, योगेंद्र साहू, डॉ. नीरज वार्ष्णेय रहे।

बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर की गई चर्चा

हल्द्वानी, अमृत विचार : राजकीय शिक्षक संघ ने ओखलकांडा ब्लॉक कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बुलाई। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी सुलोहिता नेगी के साथ खंड शिक्षा कार्यालय में संघ पदाधिकारियों ने ब्लॉक में कार्यरत शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में ब्लॉक के किसी भी प्रकरण का संज्ञान खंड शिक्षा अधिकारी अथवा ब्लॉक कार्यकारिणी के बजाए मीडिया के माध्यम से सामने लाने की निंदा की गई। कहा कि इससे विभाग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक पाण्डेय, मंत्री नमिता पाठक, संयुक्त मंत्री त्रिलोक वृजवासी, गिरीश कांडपाल, ब्लॉक अध्यक्ष हेम जोशी, भाष्कर चंद्र पांडे मौजूद रहे। इधर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शिक्षक संघ की कुमाऊं मंडलीय कार्यकारिणी ने गुरुवार को शिक्षकों की समस्या के समाधान के लिए बैठक की। सभी एलटी शिक्षकों ने स्थानांतरण से संबंधित समस्या के बारे में मंडल कार्यकारिणी को अवगत कराया।

नौ हजार किसानों को नहीं मिलेगी सम्मान निधि

हल्द्वानी : जनपद नैनीताल के नौ हजार किसानों को इस बार भी किसान सम्मान निधि नहीं मिल पाएगी। इन किसानों की अब तक केवाईसी नहीं हो पाई है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों को वित्तीय सहायता देने के लिए शुरू की गई थी, जिसके तहत केंद्र सरकार की ओर से किसानों को तीन किश्तों में छह हजार रुपये सालाना मिलते हैं। योजना के तहत लाभार्थी किसान अब 17वीं किश्त का इंतजार कर रहे हैं। जिले में कुल 63 हजार किसान पंजीकृत हैं। इसमें से लगभग 54 हजार किसानों की केवाईसी हो गई है, जबकि करीब 9 हजार किसानों की अब तक केवाईसी नहीं हो पाई है। कृषि अधिकारियों का कहना है कि किसानों का सत्यापन साल में एक बार जुलाई में किया जाता है, इसलिए फिलहाल यह जानकारी नहीं है कि इन किसानों की केवाईसी क्यों नहीं हो पाई है। ऐसे में जिन किसानों की केवाईसी नहीं हुई है, उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। जिला कृषि अधिकारी वीके यादव ने बताया कि जिले में 98 प्रतिशत किसानों की केवाईसी हो गई है। इसके अलावा कई लाभार्थियों का निधन हो जाने पर उनके परिजन उनका मृत्यु प्रमाण पत्र लेकर कार्यालयों में आ रहे हैं।

सार-संक्षेप

श्री खाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर हवन करते श्रद्धालु।

श्री खाटू श्याम मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

हल्द्वानी : श्री खाटू श्याम मंदिर तल्ली बमोरी मुखानी का 32वां स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह ध्वज निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे। भक्तों ने प्रभु खाटू श्याम का भव्य श्रंगार किया। भजन-कीर्तन से माहौल श्याममय हो गया। पंड़ित पुष्कर दत्त शास्त्री के नेतृत्व में पंडित निखिल उपाध्याय, श्लोक भट्ट और ललित मोहन पांडे ने पूजा-अर्चना कराई। हवन के बाद आरती और प्रभु खाटू श्याम को भोग लगाया गया। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, तरुण बंसल, जयप्रकाश अग्रवाल, मदनमोहन अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, सिद्धांत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, विनोद दानी मौजूद रहे।

काठगोदाम रेलवे स्टेशन में जानकारी लेते रेलवे बोर्ड दिल्ली के मुख्य वाणिज्य अधिकारी।

अमृत योजना के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश

हल्द्वानी : दिल्ली रेलवे बोर्ड के एडिशनल मेंबर कमर्शियल मुकुल शरण माथुर और पूर्वोत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनोज कुमार सिन्हा ने गुरुवार को काठगोदाम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत योजना के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली और शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अमृत स्टेशन योजना का कार्य यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर पूरा किया जाए। साथ ही कार्य के दौरान स्टेशन में यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को वेटिंग रूम, हाईटैक शौचालय और लिफ्ट समेत अन्य निर्माण कार्य को इस वर्ष जून माह तक पूरा करने के निर्देश दिये। जिससे पर्यटन सीजन में स्टेशन पर पहुंचने वाले यात्रियों को कोई असुविधा न हो। इस दौरान इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव वर्मा, मंडल वाणिज्य निरीक्षक सत्यावन, स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

ओवरहैड टैंक का निरीक्षण करते पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य।

रामपुर रोड में नवनिर्मित ओवरहेड टैंक जल्द होगा चालू

हल्द्वानी : रामपुर रोड समता आश्रम के सामने बन रहा ओवरहेड टैंक जल्द चालू हो जायेगा। करीब 72 लाख रुपये की लागत से बने इस ओवरहेड टैंक से 15 दिन में पेयजल आपूर्ति शुरू होने की उम्मीद है। जिससे लोगों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी। गुरुवार को उत्तराखंड राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य ने ओवरहैड टैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को शीघ्रता शीघ्र टैंक से पानी की आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि इस ओवर हेड टैंक के शुरू होने से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पेयजल की आपूर्ति होगी। जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। दिनेश आर्य ने करायत चतुर सिंह और चांदनी चौक घुड़दौड़ा में निर्माणाधीन नलकूपों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र निर्माण पूरा करने के निर्देश दिये। इस मौके पर जल संस्थान के एई प्रमोद पांडेय, जेई इलमा रहमान, निवर्तमान पार्षद राजेंद्र अग्रवाल, मनोज गुप्ता, राजेंद्र नेगी, पूरन डालाकोटी आदि मौजूद रहे। इधर, जल संस्थान के ईई रविशंकर लोशाली ने बताया कि बरेली रोड स्थित लटूरिया मंदिर के नलकूप से 30 मीटर की नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। लाइन का काम पूरा होने के बाद लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल पाएगी।

SURAJMAL AGARWAL GIRLS PG COLLEGE
Established in Year-2008 by Surajmal Laxmidevi Sawarthia Educational Trust (Affiliated to Kumaun University, Nainital & UTU, Dehradun)
ADMISSION OPEN (2024-25)
DEPARTMENT OF BASIS SCIENCE : • B.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Micro-Biology) • B.Sc. (PCM) • B.Sc. (ZBC) • B.Sc. (PSM) • M.Sc. (Physics) • M.Sc. (Botany) • M.Sc. (Zology) • M.Sc. (Chemistry) • M.Sc. (Mathematics)
DEPARTMENT OF FOOD TECHNOLOGY : • B.Sc. (Food technology) • M.Sc. (Food Technology)
DEPARTMENT OF HOME SCIENCE : • B.Sc. (Home Science) • M.Sc. (Home Science in Food Nutrition) • M.Sc. (Home Science in Textile & Apparel Designing)
DEPARTMENT OF LIBRARY SCIENCE : • B.Lib • M.Lib
DEPARTMENT OF CS & IT : • BCA • B.Sc. (IT) • M.Sc. (IT)
DEPARTMENT OF MANAGEMENT : • BBA • MBA
DEPARTMENT OF COMMERCE : • B.Com (Hons.) • M.Com.
DEPARTMENT OF EDUCATION : B.Ed.
NO. 1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND
ADVANTAGE OF SAPKM
• 100% Placement assistant
• Job oriented academic programs
• Secure Campus for girls
• Student Counselling Services
• Reasonable Fee Structure
• Modern academic Infrastructure
• Smart Classes with Wifi
• Hostel facility including air cooler
• Bus facility from nearby places
• Scholorship schemes by Govt.
• Bank loan support
• Health Centre and medical facility
• Internships & training programs
• Sports & Co-Curricular Activities.
SURAJMAL AGARWAL GIRLS COLLEGE OF NURSING
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN NURSING
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• M.Sc. (Nursing) • B.Sc. (Nursing)
• Post Basis B.Sc. (Nursing) • GNM
SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF PARAMEDICAL AND HEALTH SCIENCES
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN PARAMEDICAL
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• BMLT • BMRIT
• B.Sc. (Optometry)
उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024
आवेदन की अन्तिम तिथि - 27/6/2024
प्रवेश परीक्षा तिथि - 07-06-2024
सामान्य / ओ.बी.सी. / ई.डब्ल्यू.एस. परीक्षा शुल्क - रु. 1500.00 अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति परीक्षा शुल्क रु. 1000.00
पोर्टल की आधिकारिक वेबसाईट https://ukentrance.samarth.edu.in से प्राप्त करें।
आवेदन के लिए सूरजमल अग्रवाल गर्ल्स बी.एस. कॉलेज, किच्छा, ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
Kishanpur, Kichha, Distt. Udham Singh Nagar, Uttarakhand, Pin-263148 E-mail : sapkm.edu@gmail.com, Website : www.sapkam.org
FOR ADMISSION PLEASE CALL US :
9412920331, 9837242760, 8192801031, 7902103001, 7902103002

सार-संक्षेप

प्रेस वार्ता करते भाजपा प्रदेश महामंत्री। ● अमृत विचार

कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया

काशीपुर : कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा ममता सरकार में जारी ओबीसी प्रमाण पत्र निरस्त किए जाने का भाजपा ओबीसी मोर्चा ने स्वागत किया। साथ ही कार्रवाई की मांग की। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने कहा कि काशीपुर कोलकाता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 2011 के बाद से अब तक जो पांच लाख ओबीसी के सर्टिफिकेट बने थे, उनको निरस्त करने का आदेश दिया है। साथ ही वह राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की सिफारिश के बिना जिन जातियों को ममता सरकार ने ओबीसी में शामिल किया था, उन सभी जातियों के बने सर्टिफिकेट को निरस्त कर दिया गया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा हाई कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करता है। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा राजेंद्र सैनी, पुष्कर बिष्ट, कुंदन सैनी, राजेंद्र कश्यप, अशोक कुमार सैनी, विजय चौधरी, धीरज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

खो-खो की चैंपियन गंगोत्री भवन की टीम के साथ डीएसडब्ल्यू डॉ. बृजेश सिंह।

पटेल और गंगोत्री भवन बने खो-खो चैंपियन

पंतनगर : विवि में सत्र 2023-24 की अंर्तछात्रावास खो-खो (महिला एवं पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन नौ से 21 मई तक स्टीवेंसन स्टेडियम में किया गया। इसमें 10 महिला एवं 11 पुरुष छात्रावासों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग का फाइनल मैच पटेल भवन और सीबी-1 के बीच खेला गया। इसमें पटेल भवन ने सीबी-1 को 14-05 से पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। वहीं महिला वर्ग का फाइनल मैच मंदाकिनी और गंगोत्री भवन के बीच खेला गया। इसमें गंगोत्री ने मंदाकिनी भवन को 11-10 से पराजित कर प्रतियोगिता जीत ली। सीबी-1 के मनीष मेहरा और गंगोत्री भवन की पूजा भट्ट को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. बृजेश सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। सह निदेशक डॉ. पूनम त्यागी, डॉ. भाष्कर तिवारी मौजूद रहे।

मेधावी छात्रा मल्लिका त्रिपाठी को पुरस्कृत करते अधिकारी।

विवि के छात्र बैंक ऑफ बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित

पंतनगर : जीबी पंत कृषि विवि में बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से वर्ष 2022-23 के लिए शैक्षणिक संस्थान में शैक्षणिक अनुसंधान और ऑल राउंडर में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बैंक ऑफ बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। विवि केंद्र (नाहेप भवन) में आयोजित सम्मान समारोह में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख अंजनी कुमार सिंघल, कुलसचिव डॉ. केपी रावेरकर व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. बृजेश सिंह की मौजूदगी में मास्टर लेवल सर्वश्रेष्ठ छात्र शोधकर्ता पुरस्कार के लिए विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के विवेक नेगी, सभी विषयों में यूजी स्तर के अकादमिक में सर्वश्रेष्ठ के लिए कृषि महाविद्यालय की मल्लिका त्रिपाठी एवं विवि स्तर के सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंडर (यूजी) के लिए कृषि महाविद्यालय की नेहा बिष्ट को सम्मानित किया गया।

किच्छा में मीडिया को जानकारी देते विधायक बंशीधर भगत।

तीसरे कार्यकाल में कश्मीर मुद्दे पर होगा अहम फैसला

किच्छा : पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन जल्द ही आने वाला है क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष किशन गोयल के प्रतिष्ठान पर मीडिया से वार्ता करते हुए विधायक भगत ने कहा कि भाजपा के तीसरे कार्यकाल में समान नागरिक संहिता कानून, गुलाम कश्मीर की समस्या सहित देश के तमाम अहम मुद्दों का प्राथमिकता से निदान किया जाएगा। कहा कि केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल में बेरोजगारी एवं महंगाई पर भी अंकुश लगेगा। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदन लाल खुराना, किशन गोयल, लता सिंह, लवी सहगल, विवेक राय, धीरेंद्र प्रताप सिंह, नितेश बाला, प्रमोद पंत, राजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों में लायी जाए तेजी

डीएम ने किया भवनों का निरीक्षण, अधिशासी अभियंता से ली निर्माण कार्य की जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से ग्राम बागवाला रुद्रपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आर्थिक कमजोर वर्ग के लोगों के लिए निर्मित किए जा रहे भवनों का निरीक्षण किया। ये भवन 128.93 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे हैं। इसमें चार मंजिला 23 ब्लॉक के तहत 1872 ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इस दौरान उन्होंने प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

गुरुवार को निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता ने जिलाधिकारी को बताया कि वर्तमान में 560 भवनों के स्ट्रक्चर तैयार हो गए हैं। ब्लॉक सी को छोड़कर शेष 22 ब्लॉकों की प्लिंथ तक कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। योजना में भवनों के निर्माण के साथ-साथ बाह्य विकास कार्य भी सम्मिलित हैं। इसमें एसटीपी, पार्क आदि का भी प्रावधान रखा गया है।

निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों से जानकारी लेते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कार्य में और तेजी लाये जाने के निर्देश संबंधित फर्म एवं संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने ग्रामीण मार्ग को ट्यूबवेल तक बढ़ाए जाने के लिए आगणन तैयार कराये जाने के निर्देश अधिशासी अभियंता को दिए ताकि सड़क का लाभ ग्रामीणों को भी मिल सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, अधिशासी अभियंता जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, अवर अभियंता विकास प्राधिकरण, कार्यदायी संस्था मैसर्स अभिलाषा इंटरप्राइजेज के साइट इंजीनियर व योजना के लिए चयनित थर्ड पार्टी के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

स्कूल भवन, सामुदायिक भवन और खेल मैदान का प्रस्ताव करें तैयार

रुद्रपुर : जिलाधिकारी ने प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता को प्रस्तावित योजना के समीप स्थित भूमि में हाईस्कूल तक स्कूल भवन, सामुदायिक भवन और खेल मैदान का प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए। ताकि योजना के तहत पात्र लोगों के बच्चों को पास में ही स्कूल आदि की सुविधा भी मिल सके। उन्होंने कहा कि वाहन पार्किंग, पार्क, खेल मैदान आदि के साथ ही प्रोविजन स्टोर व मेडिकल स्टोर जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भूमि की उपलब्धता का भी ध्यान रखें।

विधायक बेहड़ के समक्ष चेयरमैन पद के लिए दावेदारी करते समर्थकों संग जनार्दन सिंह।

नगला चेयरमैन पद के लिए जनार्दन ने ठोकी दावेदारी

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : नगला-पंतनगर नगरपालिका चेयरमैन पद के लिए पंतनगर ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष और इंटक जिला अध्यक्ष जनार्दन सिंह ने कांग्रेस से टिकट के लिए दावेदारी ठोक दी है। उन्होंने कांग्रेस से टिकट की मांग करते हुए क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हिमांशु गाबा को अपना बायोडाटा सौंपा है।

पहली बार नगला-पंतनगर नगरपालिका गठित हुई है। कांग्रेस संगठन में युवा कांग्रेस से लेकर अब तक चार दशकों से नगर, जिला व प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न पदों पर सक्रिय रहे एवं 37 वर्षों से ट्रेड यूनियन की राजनीति कर रहे जनार्दन सिंह कर्मचारियों की सहकारी समिति के अध्यक्ष भी रहे हैं। नगला नगरपालिका में 70 प्रतिशत मतदाता विवि का कर्मचारी वर्ग हैं। जहां जनार्दन मजदूर कर्मचारी नेता के रूप में उनकी समस्याओं को उठाते रहे हैं। वर्तमान में वह पंतनगर श्रमिक कल्याण संघ के 12वीं बार अध्यक्ष हैं। उन्होंने चेयरमैन पद के लिए कांग्रेस से टिकट की मांग करते हुए विधायक तिलकराज बेहड़ एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हिमांशु गाबा को अपना बायोडाटा सौंप दिया है। संगठन के संतोष कुमार, आरके श्रीवास्तव, शोषित परिषद के राजपाल सिंह, श्रमिक कल्याण संघ के महेंद्र कुमार शर्मा, देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के मनोहर वाल्मीकि, अल्पसंख्यक से जुबेर खान इंटक नगर अध्यक्ष जगदीश कुमार सहित दर्जनों पदाधिकारी उनके समर्थन में पहुंचे थे।

पाक के नंबर से विहिप नेता को मिली धमकी

संवाददाता, रुद्रपुर

- पिता-पुत्र को ठोकने के अंदाज में की कॉलर ने बात
- डीजीपी के डीपी लगे फोन नंबर से आया कॉल

अमृत विचार: विश्व हिंदू परिषद के नेता को पाकिस्तान कोड नंबर से जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। हिंदू नेता का कहना था कि डीजीपी की डीपी लगे कॉल ने उसे व उसके बेटे को ठोकने के अंदाज में धमकी दी थी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

विहिप नेता वार्ड-21 रंपुरा बस्ती निवासी विपिन उर्फ बिट्टू शर्मा ने एसएसपी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि गुरुवार की सुबह साढ़े दस बजे के करीब उसके मोबाइल नंबर पर डीजीपी की फोटोयुक्त नंबर से एक कॉल आया। इसका कोड प्लस 92 यानि पाकिस्तानी था। जब कॉल रिसीव की तो कॉलर उसके दोनों बेटों के बारे में पूछने लगा और अचानक छोटे बेटे आदित्य से बात करने को कहा। घर पर नहीं होने की बात कही तो कॉलर ने धमकी भरे अंदाज में उसे व उसके बेटे को ठोकने की धमकी दी और फोन काट दिया। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर जानमाल का खतरा बताते हुए नंबर की जांच करने और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना था कि चूंकि मोबाइल का कोड पाकिस्तानी है। ऐसे में हिंदूवादी संगठन से जुड़े होने के नाते खतरा हो सकता है। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि अभी प्रकरण का शिकायती पत्र उनके पास नहीं आया है और मामले का संज्ञान भी नहीं है।

सीएम से कई मुद्दों पर की चर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विधायक शिव अरोरा ने पंतनगर एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बुके और अंगवस्त्र भेट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने रुद्रपुर क्षेत्र से जुड़े अनेक विकास के मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा भी की।

विधायक अरोरा ने रुद्रपुर क्षेत्र में जाम की समस्या को देखते हुए मल्टीस्टोरी पार्किंग निर्माण कार्य को धरातल पर उतारे जाने की मांग रखी। वहीं एक नए इंटर कॉलेज का निर्माण जिसका प्रस्ताव शासन स्तर पर है, साथ ही क्षेत्र में एक भव्य सुंदर पार्क निर्माण की मांग रखी।

केंद्रीय विद्यालय का निर्माण जो रुद्रपुर क्षेत्र मे प्रस्तावित है उसकी प्रकिया को आगे बढ़ाने का भी आग्रह किया। वहीं सीएम धामी ने विधायक को आश्वस्त किया कि सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराने का कार्य किया जायेगा।

पंतनगर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री धामी का स्वागत करते पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना।

सीएम धामी का पंतनगर एयरपोर्ट पर स्वागत किया

पंतनगर : देहरादून से अल्मोड़ा कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पंतनगर एयरपोर्ट पर भाजपाइयों ने स्वागत किया। यहां पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नैनीताल लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना ने पंतनगर विश्वविद्यालय में कर्मचारियों का 25 प्रतिशत वेतन बढ़ाने व बढ़ा हुए वेतन मिलने पर उनका स्वागत कर धन्यवाद दिया। साथ ही ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बैंक कर्मचारियों, पुलिस, स्कूल कर्मियों और व्यवसायियों आदि का मकान का किराया 10 गुना बढ़ाने पर मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान को निर्देशित कर इस प्रकरण को देखने के लिए कहा है। इस दौरान रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल व एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी सहित पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

खटीमा में पेड़ से गिरकर युवक घायल

खटीमा: चकरपुर निवासी प्रताप सिंह दिगारी बृहस्पतिवार को मवेशियों के लिए पेड़ पर चढ़कर पत्ते काट रहा था। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों और ग्रामीणों ने घायल को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Niraj Habil से बदलकर Neeraj Habil रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे Neeraj Habil नाम से जाना, पहचाना जाए। - नीरज हाबिल पुत्र श्री हेनरी हाबिल, निवासी वसुंधरा कालोनी, गुलजारपुर, फतेहपुर, निकट ट्रांसफार्मर, हल्द्वानी, जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

पूर्व सांसद की कोठी में लगी भीषण आग

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में पूर्व सांसद उमर अकबर अहमद डम्पी के फार्म हाउस में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

कोतवाली अंतर्गत कलकत्ता फॉर्म पुलिस चौकी क्षेत्र में पूर्व सांसद उमर अकबर अहमद डम्पी की कोठी में गुरुवार रात्रि अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग की तेज लपटें कोठी से उठने लगीं। आग लगने की जानकारी पर चौकी प्रभारी धीरेंद्र पंत भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। घर में मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना के बाद दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में दमकल कर्मी दीपक बसेड़ा, संजय सिंह एवं कैलाश बिष्ट की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों के चलते हुई घटना में कोठी में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पूर्व सांसद अकबर अहमद डम्पी सहित परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए और हुए नुकसान का जायजा लिया।

किच्छा में पूर्व सांसद की कोठी में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मचारी।

काशीपुर में जीजीआईसी का निरीक्षण करते सीईओ। ● अमृत विचार

सीईओ ने जीजीआईसी का किया निरीक्षण

काशीपुर, अमृत विचार : मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत बृहस्पतिवार को अवकाश के दिन जीजीआईसी पहुंचे। जहां उन्होंने विद्यालय में कक्षों की स्थिति देखकर स्टाफ संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन किया।

सीईओ रावत ने बताया कि जीजीआईसी काशीपुर में अतिरिक्त नए कक्ष बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसके अलावा नया जीजीआईसी बनाने के लिए पुरानी जीजीआईसी का भी निरीक्षण किया है। जरूरी दस्तावेज भेजने के निर्देश दिए गए हैं। जीजीआईसी में कक्षा 1 से 12वीं तक करीब 1700 से अधिक छात्राएं पंजीकृत है। करीब ढाई सौ छात्राएं प्रवेश के लिए प्रतीक्षा में हैं। विद्यालय के 28 कक्षों में छात्राएं बैठ रही हैं। एक कक्ष में 100 से अधिक तक छात्राएं बैठ रही हैं। कक्ष छोटे होने के कारण प्रथम तल पर कक्षा 11 ए और बी, कक्षा 12 ए व बी की छात्राओं को दरी पर बैठना पड़ रहा है। जबकि फर्नीचर उपलब्ध है। फर्नीचर कक्षा में डालने से क्षमता से अधिक छात्राएं बैठ नहीं पाएगी। जिस कारण फर्नीचर डाला नहीं गया है।

आलम यह है कि इतनी भीषण गर्मी में क्षमता से अधिक बैठने के कारण छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है। जबकि नई शिक्षा नीति के तहत एक कक्ष में 40 छात्राएं बैठ सकती है। जिसको लेकर सीईओ रावत ने स्कूल में निरीक्षण किया और आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

बारिश के नहीं आसार, अभी शुष्क बना रहेगा मौसम

पंतनगर : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में अगले पांच दिन मौसम बना रहगा। डॉ. सिंह के अनुसार पूर्वानुमान से पता चला है कि इस दौरान कोई बारिश नहीं होगी और अधिकतम तापमान जहां 39-40 डिग्री सेल्सियस, वहीं न्यूनतम तापमान 23-25 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद है। दक्षिण-पूर्व दिशा से 10-12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है। इस अवधि के दौरान मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। इसलिए फसलों में गर्मी के झटके को नियंत्रित करने के लिए बार-बार सिंचाई और एक प्रतिशत बोरॉन, एक प्रतिशत पोटेशियम नाइट्रेट, एस्कॉर्बिक या सैलिसिलिक एसिड का छिड़काव करें। गन्ना एवं कद्दूवर्गीय फसलों में अंतर सांस्कृतिक क्रियाएं करनी चाहिए। फसलों में शाम के समय सिंचाई करनी चाहिए।

अवैध खनन में लिप्त डंपर, दो ट्रक सीज

बाजपुर/खटीमा : तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट की अगुवाई में राजस्व व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने गांव बाजपुर के नजदीक अवैध खनन व ओवरलोडिंग रोकने के लिए सघन अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान ओवरलोडिंग एवं अवैध खनन में लिप्त एक डंपर को पकड़ा गया। डंपर को सीज कर अवैध खनन की रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जा रही है।

उधर खटीमा में भी खटीमा वन प्रभाग की उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने आरक्षित वन क्षेत्र से मिट्टी का अवैध खनन करने वाले दो ट्रकों को खनन कर ले जाते पकड़कर सीज कर दिया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 9756032977, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

लखनऊ आयकर विभाग की छापामार कार्रवाई : पुलिस को भी नहीं लगी आने की भनक, पूर्व में भी आयकर विभाग की टीम कर चुकी है गोपनीय छापेमारी

रात को डाला डेरा, सुबह फिल्मी अंदाज में छापेमारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लखनऊ आयकर विभाग की टीम की छापामार कार्रवाई बेहद गोपनीय थी। यही कारण है कि देर रात को ही टीम ने शहर में होटलों में आकर अपना डेरा जमा लिया था और सुबह होते ही फिल्मी अंदाज में कार्रवाई को अंजाम दे दिया। जिसकी भनक पुलिस को भी नहीं हुई।

गुरुवार को शहर के विनायक ग्रुप की फर्म पर छापेमारी करने से पहले लखनऊ से आई आयकर विभाग की टीम बुधवार की शाम को ही रुद्रपुर में पहुंच चुकी थी और होटलों में देर रात्रि विश्राम करने के बाद अधिकारियों ने एसएसपी को कॉल कर पुलिस बल देने की बात कही। जिसके चलते एसएसपी के आदेश पर प्रत्येक टीम के साथ पीएसी और पुलिस के जवानों को बेहद गोपनीय तरीके से ड्यूटी पर भेजा गया। गुरुवार की सुबह जैसे ही गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट की दुकान का ताला खुला। उसी समय डिप्टी कमिश्नर टीएस पंचपाल ने टीम के साथ अंदर प्रवेश किया और दुकान कर्मी से फोन कर दुकान स्वामी को बुलाने को कहा। सूचना मिलते ही दुकान स्वामी के पिता गुलशन नारंग मौके पर पहुंचे। इसके बाद बाहरी लोगों के दुकान के अंदर प्रवेश पर रोक लगाकर पूछताछ शुरू कर दी। व्यापारी नेताओं का कहना है कि दो साल के भीतर आयकर विभाग की यह तीसरी कार्रवाई है। इससे पहले बॉक्स बनाने की फर्म और मोबाइल विक्रेता के यहां भी आयकर विभाग ने छापेमारी कर टैक्स चोरी पकड़ी थी। माना यह जा रहा है कि टीम के पास टैक्स चोरी के पुख्ता साक्ष्य हैं। यही कारण है कि आयकर विभाग की टीम ने अपने आने की दस्तक और कार्रवाई करने की भनक किसी को भी नहीं लगने दी।

गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर में पूछताछ करती आयकर विभाग की टीम।

नारंग फर्नीचर के बाहर आयकर विभाग के वाहन। ● अमृत विचार

नारंग ग्रुप की विनायक प्लाई फर्नीचर समेत कई हैं फर्म

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: नारंग ग्रुप की विनायक प्लाई, नारंग फर्नीचर के अलावा कई ऐसी फर्म हैं। इसमें नारंग की एक विनायक ट्रांसपोर्ट फर्म भी शामिल है। इन फर्मों के माध्यम से यूपी और उत्तराखंड के अलावा कई अन्य प्रदेशों में माल का आदान प्रदान होता है। चर्चा यह कि लखनऊ आयकर विभाग की टीम विनायक ट्रांसपोर्ट से जुड़े टैक्स चोरी के मामले को लेकर यहां पहुंची है।

गुरुवार की सुबह गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट की दुकान का जब ताला खुला। उसी समय डिप्टी कमिश्नर टीएस पंचपाल के नेतृत्व में टीम ने मार्ट के अंदर प्रवेश किया। इसके बाद मालिक को बुलाकर पूछताछ शुरू की। टीम पांच वाहनों में गल्ला मंडी पहुंची।

बताया यह भी जा रहा है कि आयकर की टीम शहर ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर छापेमारी की है। टीम जिन फर्मों में छापेमारी कर रही है वे सभी सभी फर्में विनायक ग्रुप से जुड़ी हुई है। टीम को आशंका है कि ट्रांसपोर्ट के माध्यम से ही सभी फर्मों के द्वारा टैक्स चोरी की गई होगी। इसी कारण टीम ने विनायक यानी नारंग ग्रुप के सभी फर्मों पर डेरा डाल दिया है।

कीपैड मोबाइल से मिल सकती है टीम को कई अहम जानकारियां

रुद्रपुर: गल्ला मंडी में छापामार कार्रवाई के बाद लखनऊ से पहुंची आयकर विभाग की टीम ने विनायक फर्म के स्वामी रौनिक नारंग के आवास पर पूछताछ की। इसी दौरान टीम को पता चला कि फर्म स्वामी के पास कीपैड मोबाइल भी है जो खराब होने की बात कहकर रिपेयरिंग की जानकारी मिली। इस पर टीम ने काशीपुर बाईपास स्थित एक मोबाइल की दुकान पर भी छापा मारा और कीपैड मोबाइल संबंधी जानकारी जुटायी। ऐसे में टीम का दावा है कि कीपैड मोबाइल मिलने के बाद कई अहम जानकारियां मिल सकती हैं। मोबाइल को जब्त करने के बाद टीम फर्म स्वामी को दोबारा उनके आवास ले गयी और पूछताछ शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

फाजलपुर महरौला में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते पर्यावरण मित्र।

फाजलपुर महरौला में हुआ कीटनाशक का छिड़काव

रुद्रपुर : नगर निगम की टीम ने वार्ड नंबर 25 फाजलपुर महरौला में डेंगू संक्रमण की रोकथाम के लिए कीटनाशक का छिड़काव कराया गया। नगर निगम की सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल ने बताया कि डेंगू संक्रमण से बचाव के लिए सभी 40 वार्डों में नाले-नालियों की सफाई के साथ ही कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। सभी वार्डों में सुपरवाइजरों के नेतृत्व में पर्यावरण मित्रों की अलग-अलग टीम बनायी गयी है। इसके अलावा मानसून से पूर्व बड़े नालों के साथ ही कल्याणी नदी की सफाई भी की जा रही है।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग फ्रिज सहित सामान राख

खटीमा : लोहियाहेड रोड पर बीती देर शाम शार्ट सर्किट से मकान के एक कमरे में लगी आग से घरेलू सामान जल गया। बुधवार देर शाम लोहियाहेड रोड निवासी रमेश चंद्र जोशी के घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सुभाष जोशी के नेतृत्व पर मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने घर के अंदर लगी आग पर बमुश्किल काबू पाया। गृह स्वामी जोशी ने बताया कि आग लगने से फ्रिज, डबल बेड गद्दों समेत घरेलू सामान जल कर राख हो गया। इस दौरान राजेंद्र सिंह मल्ल, सुंदर सिंह, पुष्कर राम, अमित कुमार, सोनिया रॉय, निकिता मेहता, चंद्रकला आदि मौजूद थे।

ऑल्टो कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

बाजपुर : ऑल्टो कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। गुरुवार दोपहर लगभग एक बजे बन्नाखेड़ा निवासी संतोख सिंह (45) पुत्र भूप सिंह गदरपुर में स्थित रिश्तेदारी में शादी से सम्मिलित होकर वापस अपने घर बाजपुर की ओर आ रहा था। इसी बीच गदरपुर हाईवे पर मसीद स्थित पानी की टंकी के समीप तेज रफ्तार ऑल्टो कार की टक्कर से संतोख सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। डॉक्टरों का कहना है कि घायल व्यक्ति की दाईं टांग फ्रैक्चर हो जाने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

कार से टक्कर मारने पर मुकदमा

काशीपुर : टक्कर मारकर घायल करने के मामले में कार चालक व उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुर निवासी जितेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 अप्रैल 2024 की दोपहर वह बाइक से अनाज मंडी से गेहूं की पेमेन्ट लेकर घर लौट रहा था। भरतपुर रोड पर यूनिवर्सल स्कूल के सामने सफेद रंग की क्रेटा कार में सवार छीना फार्म निवासी प्रभ छीना व उसके साथी गदरपुर निवासी हरप्रीत सिंह जान से मारने के इरादे से उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। लगभग दो माह पहले उसके भतीजे अमितोज सिंह उर्फ पारस से विवाद हुआ था। इसमें उसने बीच बचाव कराया था। बाद में उसका भतीजा न्यूजीलैंड चला गया। आरोपियों ने पूर्व में उसके खेत में जाकर उसके नौकर राज कुमार से जाति सूचक शब्दो का प्रयोग कर गाली गलौज भी की थी।

23 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर : गोवंश संरक्षण स्क्वाड किच्छा ने कुंडा थाना पुलिस की मदद से ग्राम इस्लामनगर में दबिश देकर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 23 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक कुण्डा विक्रम सिंह राठौड़ व गौवंश संरक्षण स्क्वाड टीम प्रभारी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में संयुक्त रूप से पुलिस ने ग्राम इस्लामनगर थाना कुंडा निवासी इबले हसन व इरफान को 23 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने दोनों के पास से औजार भी बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई मनोज धोनी, गोवंश संरक्षण हेड कांस्टेबल दीवान नाथ, प्रमोद कुमार व राजकुमार, कांस्टेबल संजय कुमार, कुंडा थाने के कांस्टेबल कैलाश परिहार शामिल रहे।

फैक्ट्री कर्मचारी की बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

काशीपुर : रास्ते में लघुशंका करने के लिए रुके एक फैक्ट्री कर्मी की बाइक लेकर चोर फरार हो गए। आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में जुडका नंबर 2 कुण्डेश्वरी निवासी नितिन ने बताया कि वह 16 मार्च, 2024 की शाम आलू फार्म स्थित एक फैक्ट्री से ड्यूटी कर घर वापस जा रहा था। रास्ते में वह बाइक को सड़क किनारे खड़ी कर लघुशंका करने लगा। इस दौरान उसकी बाइक चोरी हो गई।

तीन लोगों पर मारपीट व अभद्रता का आरोप

काशीपुर : एक युवक ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट और अभद्रता करने का आरोप लगाया है। आदर्श नगर, कुंडेश्वरी निवासी आशीष रावत ने दी तहरीर में कहा है कि 20 मई 2024 की रात करीब 08 बजे गांव के ही कुलदीप पंवार, विकास कुमार और सूरज ने उसे फोन कर पथरी मन्दिर के पास बुलाया और वहां पर नशे में उसके साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की।

वाहन की टक्कर से दंपति घायल, पति रेफर

खटीमा : स्कूटी पर खटीमा आ रहे दंपति को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को 108 की सहायता से नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए पति को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। गुरुवार को श्रीपुर बिछवा निवासी वासुदेव कापड़ी (52) अपनी पत्नी राधा कापड़ी (45) के साथ स्कूटी से खटीमा बाजार आ रहे थे। रास्ते में किसी वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना 108 को दी। मौके पर पहुंची 108 सेवा ने दोनों घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद वासुदेव कापड़ी की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया जबकि राधा कापड़ी का इलाज चल रहा है।

तवे से ताबड़तोड़ प्रहार कर पत्नी ने की पति की हत्या

घरेलू कलह को लेकर गुस्साई, पुलिस हिरासत में आरोपी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: घरेलू कलह को लेकर उपजे विवाद में महिला ने अपने पति पर तवे से ताबड़तोड़ वारकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित महिला को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

चंद्रप्रकाश उर्फ सोनू।

नगरपालिका के वार्ड नंबर-8 मोहल्ला सुभाषनगर में चंद्रप्रकाश उर्फ सोनू का अपनी पत्नी कंचन से घरेलू विवाद चल रहा था। सुबह-शाम दोनों में गाली-गलौज व शोरशराबा होता था। गुरुवार की सुबह भी दोनों जब विवाद हुआ तो गुस्से में आई कंचन ने रोटी सेकने वाले तवे से पति चंद्रप्रकाश पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। इस दौरान वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा और उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने आरोपित महिला को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने चंद्रप्रकाश के पिता शंकर की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

प्रेम प्रसंग के शक में पत्नी से होता था आए दिन विवाद

बाजपुर : तहरीर में शंकर सिंह ने कहा है कि उसके तीन लड़के एवं एक लड़की हैं। सभी शादीशुदा हैं। सुभाषनगर बाजपुर में दो मंजिला मकान व दुकान है। निचले तल में वह स्वयं व बेटा जगदीश रहता है तथा दूसरी मंजिल में सबसे बड़ा वाला बेटा इन्द्रपाल अपनी पत्नी अनीता (दोनों मूक बधिर) एक कमरे में रहते हैं। दूसरे कमरे में चंद्रप्रकाश अपनी पत्नी कंचन व अपने दोनों बच्चों गीतांजली व कुशाल के साथ में रहते हैं। चंद्रप्रकाश नशे का आदी था। आरोप है कि बहू कंचन का किसी बाहरी लड़के के साथ प्रेम संबंध था। इसको लेकर चंद्रप्रकाश और कंचन में अक्सर लड़ाई झगड़ा होता रहता था। गुरुवार की सुबह बहू कंचन निचली मंजिल पर आई बोली कि चन्द्रप्रकाश को देखो क्या हो गया है। जब सभी कमरे में पहुंचे तो उसके सिर, नाक और मुंह से खून निकल रहा था। हाथ पूरी तरह से अकडे हुए थे और वो मृत अवस्था में पड़ा था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कंचन के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर शव पोस्टर्माटम को भेज दिया है। सोनू का विवाह लगभग नौ साल पहले किच्छा निवासी कंचन के साथ हुआ था।

दो किसानों को लाखों का लगाया चूना

रुद्रपुर, अमृत विचार: सितारगंज के दो थारू जनजाति के किसानों को ट्रैक्टर खरीद पर सरकारी छूट योजना का झांसा देकर लाखों रुपये ऐठने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम नगला सितारगंज निवासी ओम प्रकाश और ग्राम साधू नगर सितारगंज निवासी महेश सिंह राणा ने बताया कि वह खेतीबाड़ी कर परिवार की आजीविका चलाते हैं। बताया कि मई 2013 की दोपहर को उनके घर पर परिचित के साथ चार व्यक्ति आए। बताया कि इस्लाम नगर गदरपुर निवासी रफीक सैफी और सनव्वर अली जो खुद को महक मशीनरी स्टोर रुद्रपुर का सब डीलर बता रहे थे, जबकि मुजीव बेग ने खुद को ट्रैक्टर कंपनी का सप्लायर व मैग्मा फाइनेंस कंपनी लिमिटेड हल्द्वानी कार्यालय का सर्वे विकास अधिकारी बताया। इसके अलावा ग्राम रोशनपुर गदरपुर निवासी अमन ने भी मुलाकात की।

कहा कि छह से सात लाख कीमत के ट्रैक्टर पर 75 फीसदी अनुदान की सरकारी योजना चल रही है। आरोप था चारों व्यक्तियों ने दो-दो लाख रुपये की धनराशि फाइनेंस कंपनी हल्द्वानी में जमा करवाई और ट्रैक्टर नहीं दिलवाया।

मोबाइल के विवाद में महिला ने लगाई फांसी

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: मोबाइल को लेकर विवाद के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

ग्राम चमनगंज गदरपुर निवासी बंटी सिंह ट्रक ड्राइवर है। उसका 7 वर्ष पूर्व रतनपुरा किच्छा निवासी कोमल कौर से विवाह हुआ था। पति-पत्नी के बीच में कुछ महीनों से घरेलू कलह चल रही थी। गुरुवार की प्रातः 9 बजे कोमल का मोबाइल फोन को लेकर अपने पति दीपक सिंह उर्फ बंटी से विवाद हो गया। कोमल ने गुस्से में अपने आप को कमरे के अंदर बंद कर लिया। पति दीपक ने कई बार-बार दरवाजा खोलने का अनुरोध किया, लेकिन वह नहीं मानी। इस पर दीपक ने 112 पर पुलिस और कोमल के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जब कमरे के दरवाजे से झांक कर देखा तो अंदर कोमल फंदे से लटकी हुई थी। पुलिस टीम दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची। पुलिस ने कोमल के शव को फंदे से नीचे उतारा। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर अन्न राम आर्य भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतका के पति दीपक और आसपास के ग्रामीणों से जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। मृतका की 4 वर्षीय पुत्री नवनीत कौर और 2 साल का पुत्र अवनीर सिंह है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी में आपस में अक्सर विवाद होता रहता था।

कोमल कौर।

अज्ञात कारणों से एक युवक ने खाया जहर

खटीमा : अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे परिजनों ने गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार की देर शाम उमरूखुर्द निवासी 40 वर्षीय एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया।

ट्रेन की छत पर चढ़ा विक्षिप्त करंट से झुलसा, हालत गंभीर

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: रेलवे स्टेशन पर खड़ी तेल टैंकर ट्रेन की छत पर चढ़ा अधेड़ हाईटेंशन तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। मूल रूप से नेपाल निवासी अधेड़ मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है।

गुरुवार की सुबह तेल के टैंकर लेकर जा रही रेलगाड़ी नगर स्थित रेलवे स्टेशन पर लाइन नंबर दो पर खड़ी थी। इसी दौरान एक अधेड़ ने ट्रेन पर चढ़ने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद स्टेशन कर्मचारी द्वारा उसे डांट कर भगा दिया गया। कुछ देर बाद मौका मिलते ही अधेड़ फिर से ट्रेन की छत पर चढ़ गया और हाईटेंशन तार की चपेट में आकर झुलस गया। मौके पर मौजूद स्टेमा द्वारा टीपीसी को फोन कर तुरंत लाइन बंद कराई गई और टैंकर के ऊपर बेहोशी की हालत में पड़े अधेड़ को नीचे उतारा गया। 48 वर्षीय अधेड़ को इलाज के लिए सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान आंचल बागमती, नेपाल निवासी 48 वर्षीय शेर बहादुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शेर बहादुर दिमागी रूप से कमजोर है।

अधेड़ का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी।

उधार दिए सरिया को लेकर हुई मारपीट

बाजपुर। उधार दिए गए कुछ सरिया को लेकर पड़ोसियों में मारपीट हो गई। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे एक पक्ष ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

वार्ड नंबर-एक मोहल्ला बांकेनगर निवासी रामजीमल ने पुलिस को बताया कि उसके घर के पास में एक व्यक्ति अपना मकान बना रहा है जिसने पूर्व में कुछ दिनों के लिए सरिया उधार ली थी। आरोप है कि गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे पड़ोसी से सरिया वापस मांगी तो वह गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इतना ही नहीं बीच-बचाव करने पर उसकी पत्नी व भतीजे के साथ भी मारपीट की गई। अन्य लोगों को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

30 ग्राम स्मैक के साथ महिला समेत दो तस्कर किये गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं गदरपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय स्मैक तस्करी गिरोह से जुड़े महिला सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से स्मैक की खेप भी बरामद की है। बताया कि पकड़े गए आरोपी मुरादाबाद से थोड़ी-थोड़ी स्मैक लाकर तराई भाबर में सप्लाई करते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

गुरुवार को सीओ एसटीएफ आरबी चमोला एवं प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ पावन स्वरूप ने बताया कि पिछले काफी समय से तराई भाबर में स्मैक की सप्लाई होने की सूचनाएं मिल रही थीं। उसको दबोचने के लिए एएनटीएफ के उपनिरीक्षक विपिन जोशी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि गदरपुर इलाके में दो स्मैक तस्कर मादक पदार्थ की सप्लाई करने की फिराक में हैं। इसके आधार पर टीम ने गदरपुर के मोतियापुर तिराहे के समीप चेकिंग अभियान शुरू कर दिया।

इसी दौरान बाइक पर दो लोग पुलिस को देखकर भागने की कोशिश लगे। टीम ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम तिकोनिया धोबिया मस्जिद के पास थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी हैदर अली और शबाना उर्फ गुलनाज बताया। पुलिस ने उनके कब्जे से 30 ग्राम स्मैक भी बरामद की है। पूछताछ में पता चला कि शबाना उर्फ गुलनाज वर्ष 2021 और वर्ष 2023 में भी एनडीपीएस प्रकरण में जेल जा चुकी है। दोनों आरोपी मुरादाबाद से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में स्मैक लाकर तराई भाबर में महंगे दामों पर बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

कार्रवाई

- एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने की बड़ी कार्रवाई
- गदरपुर से हुई गिरफ्तारी, तीन लाख है कीमत

एकाउंटेंट ने फर्म के 11.61 लाख हड़पे

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: इंटरप्राइजेज फर्म के अकाउंटेंट द्वारा गोलमाल कर लाखों रुपये गबन करने का मामला सामने आया है। जीएसटी जमा नहीं करने की भनक लगने पर गबन किए जाने का खुलासा हुआ है। जिसके बाद फर्म स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

काशीपुर रोड स्थित ग्रीन पार्क निवासी रोहित कुमार ने बताया कि वह माया इंटरप्राइजेज व पिता रमेश कुमार गर्ग की आरके इंडस्ट्रीज फर्म का संचालन करता है। बताया कि फरवरी 2019 में अपनी-अपनी फर्मों का जीएसटी एवं अकाउंट का सारा काम आवास विकास गदरपुर निवासी हर्षित गुंबर को दिया था। इस दौरान हर्षित गुंबर का कार्य जीएसटी पोर्टल पर सेल, परचेज दर्ज कर उसके आधार पर जीएसटी चालान बनाकर दोनों फर्मों का जीएसटी टैक्स जमा कराना था।

इसके लिए पांच हजार रुपये प्रति फर्म हर माह चेक से हर्षित को दिया गया। हर्षित पर विश्वास होने के कारण उसने अपना और अपने पिता का जीएसटी पोर्टल कभी चेक नहीं किया। इसका फायदा उठाकर उसने जीएसटी पोर्टल पर अपना मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी रजिस्टर्ड करा ली। ताकि टैक्स से जुड़ी कोई भी जानकारी उन्हें न मिल सके। कुछ समय तक जब उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली तो उन्होंने अपना-अपना जीएसटी पोर्टल चेक कराया। साथ ही सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सूचना वाणिज्य कर विभाग से मांगी। जिसके जवाब में पता चला कि जीएसटी पोर्टल पर किसी भी प्रकार की सूचना मुहैया नहीं है।

आरोप था कि एकाउंटेंट ने शिकायतकर्ता की माता व पिता की फर्म में गोलमाल कर फर्जी तरीके से जीएसटी चालान बनाकर 11.61 लाख रुपये का गबन किया है। फर्म स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर हर्षित द्वारा हड़पे 11.61 लाख और मानसिक उत्पीड़न और विधिक कार्य में व्यय रुपयों के लिए पांच लाख रुपये दिलाए जाने की मांग की है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है।

कृषि विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 75 हजार ठगे

काशीपुर : कृषि विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा देकर पीड़ित से 75 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई। पुलिस ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जसपुर खुर्द, गढ़वाल सभा, काशीपुर निवासी दीपक रावत ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 11 सितंबर 2023 को उनके पुत्र रमन रावत के पास उनके दोस्त सूरज राव निवासी गाजियाबाद, यूपी का फोन आया और पीड़ित के पुत्र को कृषि विभाग में बाका बिहार में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इस पर पीड़ित ने अलग-अलग तिथि में अलग-अलग माध्यम से 75 हजार रुपये दे आरोपी को दे दिए। लेकिन आरोपी ने रुपये लेने के बाद भी नौकरी नहीं लगाई और रुपये वापस मांगने पर मना करते हुए धमकी देने लगा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर अनुसार संबंधित धाराओं में आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डाटा एंट्री कर्मी ने 8.21 लाख का फर्जीवाड़ा किया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड में अस्थायी तौर पर डाटा एंट्री का कार्य करने वाले एक कर्मी ने बेहद ही शातिराना अंदाज से कंपनी में 8.21 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा कर दिया। मामला पकड़े जाने पर कंपनी के डीजीपी वित्त ने तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करवाया।

बीएचईएल के डीजीएम वित्त जितेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी में अस्थायी तौर पर शरद तोमर नाम का युवक पिछले डेढ़ साल से डाटा एंट्री का कार्य करता है। जो कि रोजमर्रा के होने वाले वेंडर कोड भुगतान के अलावा कंपनी के लेनदेन को देखता था। बताया कि अक्सर कंपनी वेंडर कोड और बैंक टेस्ट फाइल और मेल आईडी पर होने वाले भुगतान का एंट्री के आधार पर लेनदेन करती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 से इसी ऑनलाइन तकनीक पर कार्य होता आ रहा है। आरोप था कि पांच माह पहले आरोपी डाटा एंट्री कर्मी ने शातिराना अंदाज से वेंडर कोड लाभार्थी मैसर्स प्रगति इलेक्ट्रिकल प्राइवेट लिमिटेड का खाता संख्या बदल कर अपना खाता संख्या और आईएफएससी कोड बदल दिया, जबकि वेंडर कोड लाभार्थी का नाम वही रखा। इसके आधार पर आरोपी रोज अपने खाते में कंपनी के देनदारी का भुगतान करता रहा। इसी दौरान जब वेंडर कोड लाभार्थी ने कोई भी भुगतान नहीं होने की शिकायत की तो बैंक और लाभार्थी के खाता डिटेल का मिलान कराया गया।

सार-संक्षेप

जसपुर नगर पालिका के नए कार्यालय का निर्माणाधीन भवन।

नगर पालिका के नए कार्यालय का निर्माण कार्य शुरू

जसपुर : नगर पालिका के नए कार्यालय भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जसपुर नगर पालिका का वर्तमान कार्यालय भवन मेन बाजार को जाने वाली कोतवाली रोड पर स्थित है। नगर पालिका का यह कार्यालय काफी पुराना हो चुका है। इसलिए अब नगर पालिका प्रशासन द्वारा नए कार्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। नगर पालिका का यह कार्यालय भवन नगर के पास से बहने वाली लपकना नदी के किनारे व जीजीआईसी के पास जसपुर- काशीपुर मार्ग पर बन रहा है। इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

खटीमा के सिटी कान्वेंट पब्लिक स्कूल में फोटोग्राफी करते बच्चे।

सिटी कॉन्वेंट में छह दिवसीय समर कैंप शुरू

खटीमा : सिटी कॉन्वेंट स्कूल में छह दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय और प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान ने फीता काटकर किया। विद्यालय परिसर में आयोजित समर कैंप के पहले दिन बच्चों को फोटोग्राफी, सिलाई, पेंटिंग क्राफ्ट, डांस, गायन, इंस्ट्रूमेंट प्लेइंग, क्ले मॉडलिंग, नॉन गैस कुकिंग, स्क्रैपिंग जैसी विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। प्रधानाचार्य चौहान ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इस अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

तीन विद्यार्थियों का सहायक प्राध्यापक के लिए चयन

पंतनगर : जीबी पंत कृषि विवि स्थित सीबीएसएच कॉलेज के गणित एवं कंप्यूटर साइंस विभाग के तीन विद्यार्थियों का उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग के अधीन राजकीय महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक (गणित) के लिए चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ. एमएस चौहान व डीन डॉ. संदीप अरोरा ने बधाई दी है। साक्षात्कार के आधार पर विवि के तीन विद्यार्थियों क्रमशः सामान्य वर्ग से डॉ. रेनू, ईडब्ल्यूएस वर्ग से डॉ. खिलाफ सिंह व अनुसूचित जाति से डॉ. नीलम चंतोला का चयन हुआ है। डॉ. खिलाफ ने गणित विभाग में प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में अपना शोध कार्य किया, जबकि डॉ. रेनू व डॉ. नीलम ने विभागाध्यक्ष डॉ. एसबी सिंह के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया था।

डॉ. खिलाफ सिंह, डॉ. रेनू, डॉ. नीलम चंतोला।

शांतिपुरी स्थित मां नंदा देवी मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते ग्रामीण।

शांतिपुरी के भूमियां मंदिर में नए अन्न का भोग लगाया

शांतिपुरी : शांतिपुरी नंबर दो ढांकानी स्थित मां नंदा देवी मंदिर में ग्रामीणों ने गुरुवार को सामूहिक रूप से अपने ईष्ट देवों को नए अन्न का भोग लगाया। इसमें गांव के महिला पुरुष एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में प्रातः काल प्रधान पुजारी नारायण सिंह कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा, गुलाब सिंह मेहता एवं हुकम सिंह कोरंगा ने पंडित ललित मोहन जोशी के निर्देशन में देव पूजन एवं पाठ आदि अनुष्ठान किए। इस दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष हरपाल सिंह कोरंगा, हयात सिंह कोरंगा, राम सिंह कोरंगा, डिगर सिंह कोरंगा, कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा, श्याम सिंह कोरंगा, त्रिलोक सिंह रावत, तारा सिंह कोरंगा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, पोखर सिंह कोरंगा, जीवन सिंह कोरंगा आदि उपस्थित रहे।

अलविदा तनाव शिविर का शुभारंभ करते अतिथि।

अलविदा तनाव शिविर का हुआ शुभारंभ

काशीपुर : प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के काशीपुर सेवा केंद्र ने नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर का आयोजन किया। इसका शुभारंभ पूर्व मेयर उषा चौधरी, खिलेंद्र चौधरी और संस्था की विशिष्ट आध्यात्मिक संस्थान विशेषज्ञ व शिविर संचालिका पूनम दीदी ने किया। गुरुवार को सुबह 6 बजे रामलीला मैदान में अलविदा तनाव शिविर का संचालन किया गया है। यह नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर सुबह 6 बजे से 8 बजे तक 31 मई तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान काशीपुर केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी चंद्रावती दीदी, ब्रह्माकुमारी पार्वती, ब्रह्माकुमारी ज्योति, इंदुमान, मनोज डोबरियाल, डॉ. अशोक गुप्ता, सौरभ जोशी, सुरेश चंद्र जोशी, सर्वेश बंसल, रजत सिद्धू, लता शर्मा आदि मौजूद रहे।

खटीमा में अभियान के तहत योग करते लोग।

'आओ हम सब योग करें' अभियान चलाया

खटीमा : सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक माह का "आओ हम सब योग करें" अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय योग विभाग द्वारा चलाए जा रहे योग शिविर में संयोजक डॉ. नवीन भट्ट ने कहा कि योग को हमारी दिनचर्या में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि योग आसन का अभ्यास करने से शक्ति और शरीर में लचीलापन बढ़ता है, तनाव कम होता है। अभियान के तहत नानकमत्ता, किशनपुर, खत्री फॉर्म में महाविद्यालय की योग विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका और योग शिक्षक डॉ. धीरज बिनवाल के निर्देशन में योग शिविर का उद्घाटन प्रशिक्षक इंदिरा ने किया। योग शिविर में 70 वर्ष की द्रौपदी देवी और कम उम्र की ओमिका (2 वर्ष) भी शामिल हैं। इस अवसर पर चंद्रा देवी, चांदनी देवी, निर्मला देवी, हेमा देवी, चंपा देवी, जयंती देवी, अनिता देवी आदि थे। वहीं दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी नानकमत्ता में छात्रा कंचन बसेड़ा ने योग शिविर आयोजित किया।

विशाल समागम में उमड़े हजारों श्रद्धालु

बाबा बुड्ढा जी का 56वां समागम, संगत ने संत बाबा भगवंत भजन सिंह से आशीर्वाद प्राप्त किया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम ज्ञानी बाबा बुड्ढा साहिब के चौथे स्थान निर्मल तालाब खेड़ा नवाबगंज में 56वां समागम (जोड़ मेला) श्रद्धाभाव से मनाया गया। देश के अनेक प्रांतों से पहुंचे प्रचारकों ने बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला। संगत ने गद्दीनशीन संत बाबा भगवंत भजन सिंह से आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रत्येक वर्ष की भांति बुद्ध पूर्णिमा को लेवड़ा वाले बाबा के नाम से प्रचलित ब्रह्मज्ञानी बाबा बुड्ढा जी के स्थान पर गुरुवार को विशाल धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की तादाद में संगत ने मत्था टेका। समागम में निर्मल, तख्त के प्रमुख संत बाबा भगवंत भजन सिंह ने सभी को मर्यादा में रहने की प्रेरणा दी। भगवंत भजन सिंह ने कहा कि गुरुग्रंथ साहिब की वाणी में श्लोक है- गुरुदेव माता, गुरुदेव पिता, गुरुदेव स्वामी परमेश्वरा...। बच्चे को संस्कारित बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

रमदास साहिब से आए भाई वीर सिंह के रागी जत्थे ने माता गंगा जी का प्रसंग सुनाया। इस मौके पर भाई दर्शन सिंह के रागी जत्थे, भाई माखन सिंह पंजाब के कविशर व भूपेंद्र सिंह पंजाब के ढाडी जत्थे ने गुरु महिमा का बखान किया। संचालन कथावाचक भाई हरप्रीत सिंह ने किया।

बाजपुर में आयोजित समागम में लंगर का प्रसाद ग्रहण करती संगत।

समागम में कथा सुनाते निर्मल तख्त हरिद्वार के प्रचारक।

भीड़ के चलते लगता रहा जाम

मेले में भीड़ का आलम यह था कि एनएच-74 से निकल रहे लिंक मार्ग से लेकर बाबा जी के स्थान तक लगभग एक किमी की दूरी तक लोगों की कतार नहीं टूट रही थी। वाहन भी जाम में फंसे थे, सेवादारों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद व्यवस्था बनाई जा रही थी। वहीं खेत गीले होने के कारण अधिकांश बड़े वाहन सड़कों के किनारे ही खड़े कर दिए गए, जबकि पार्किंग की व्यवस्था भी की गई थी, लेकिन भीड़ का रेला जाम को कम नहीं होने दे रहा था।

संजीवनी अस्पताल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते अतिथि।

संजीवनी अस्पताल में लगा चिकित्सा शिविर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : मुरादाबाद रोड स्थित संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सात वर्ष पूरे होने पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक बाली तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता दीपक बाली और खिलेंद्र चौधरी ने कहा कि संजीवनी हॉस्पिटल आयुष्मान व चिकित्सा संबंधी अन्य सरकारी योजनाओं के चलते क्षेत्र की गरीब जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

हॉस्पिटल के एमडी मुकेश चावला ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में पर्चा और तीन दिन की दवाई फ्री दी जाएगी। साथ ही शुगर, बीपी एवं ईसीजी जांच भी फ्री होगी। बताया कि इस शिविर में अल्ट्रासाउंड मात्र 700 रु. में, खून की जांच में 40 प्रतिशत की छूट, दिमाग का सीटी स्कैन मात्र 1500 रु., पेट का सीटी स्कैन मात्र 3000 रु. में किया जा रहा है। मरीज इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर डा. सौरभ शर्मा, डॉ. रजनीकांत, डॉ. नमिता कालरा, डॉ. ज्योति प्रकाश, डॉ. बसंत डालमिया, डॉ. राजीव राय, डॉ. प्रणव शाह, डॉ. पंकज पवार, प्रबंधक मनोज बाठला, अमित सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

रुद्रपुर में शरबत बांटते राधा रानी संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

गल्ला मंडी में छबील लगाकर शरबत बांटा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: वैशाख की बुद्ध पूर्णिमा और गर्मी को देखते हुए राधा रानी संस्था की ओर से गल्ला मंडी रोड पर छबील लगाई गई। इस दौरान राह चलते करीब एक हजार से अधिक लोगों को शरबत पिलाया गया।

गुरुवार को संस्था की महामंत्री वर्तिका जिंदल ने बताया कि राधा रानी संस्था एक धार्मिक संस्था है, जो पिछले चार वर्षों से संचालित है। भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था की ओर यह कार्यक्रम आयोजित किया है।

वहीं अग्रवाल महासभा मंदिर के पंडित सुनील शास्त्री को राधा रानी संस्था के पदाधिकारियों ने 31 हजार की धनराशि सौंपी। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष उमा गर्ग, उपाध्यक्ष सुमन जिंदल, उप महामंत्री अंजू मित्तल, कोषाध्यक्ष राधा अग्रवाल, लता खंडेलवाल, पारूल गुप्ता, कविता बंसल, मोनिका श्यामपुरिया, लक्ष्मी अग्रवाल, सरिता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

मां मनसा देवी मंदिर पर हुआ शरबत का वितरण

काशीपुर : बुद्ध पूर्णिमा पर नई आशा सेवा समिति ने मुंशी राम चौराहा स्थित मां मनसा देवी मंदिर के बाहर शरबत का वितरण किया। आकाश गर्ग ने बताया कि इतनी तेज गर्मी में राहगीरों ने शरबत पीकर राहत महसूस की। इस दौरान समिति के विशेष कुमार, आकाश गर्ग, विपिन कुमार, विकास शर्मा, जसपुर खुर्द के पूर्व प्रधान आनंद कुमार, सौरव शर्मा, आयुष शर्मा, राहुल शर्मा, अंशुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली शांति संदेश पद यात्रा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : अंबेडर पार्क जनकल्याण सेवा समिति ने बुद्ध पूर्णिमा शांति संदेश पद यात्रा निकाली। गुरुवार को काशीपुर स्थित द्रोण सागर से धम्म शान्ति संदेश पद यात्रा को बौद्ध भिक्खु महेंद्रपाल भंते ने त्रिशरण पंचशील का संकल्प दिलवाकर शुरु करवाया। इसमें सभी धम्म उपासक एवं उपासिकाएं सफेद कपड़ों में हाथ में पंचशील का ध्वज लिए शामिल हुईं। इस दौरान रामसिंह, जितेंदर देवांतक, आरबी सिंह, हिमांशु गौरव, हसीन खान, सुरेन्द्र सागर, चंद्रहास गौतम, राजबहादुर गौतम, कपिल बौद्ध, इंद्रजीत अम्बेडकर, आनंद बौद्ध, मोहनी बौद्ध, बीना बौद्ध , सुमन गौतम, सुधा बौद्ध, रानी बौद्ध, कृपाल बौद्ध आदि उपस्थित रहे।

बाजपुर। सेवानिवृत्त गन्ना उपायुक्त धर्मवीर सिंह की अगुवाई में अंबेडकर जयंती संयुक्त समारोह समिति के सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार में भगत सिंह चौक पर खीर का वितरण किया। इस मौके पर एसटीएससी शिक्षक एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डीआर बाराकोटी, बब्बूराम सागर, कमल दास, यतिन सागर, नौबहार सिंह मौजूद रहे।

काशीपुर में शांति संदेश पद यात्रा निकालते अंबेडकर पार्क जनकल्याण सेवा समिति के लोग। ● अमृत विचार

छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई

पंतनगर : बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में क्षेत्र के युवाओं ने जनसहयोग से हल्दी में राहगीरों के लिए छबील लगाई। तपती गर्मी में ठंडा शरबत पीकर लोगों ने राहत महसूस की। यहां अतुल वर्मा, महेश राम, संजय शुक्ला, धीरज बंसल, ऋतुज सिंह, सूरज आदि मौजूद रहे।

गर्मी से राहत के लिए लगाया प्याऊ

खटीमा : बुद्ध पूर्णिमा पर बढ़ती गर्मी को देखते हुए वार्ड संख्या 17 पीलीभीत रोड़ शिव कॉलोनी के लोगों ने मां पूर्णागिरि को आने जाने वाले श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को प्याऊ लगाकर शीतल जल का वितरण किया। इस अवसर पर रमेश रौतेला, मनोज मौर्य, पवन मौर्य, प्रदीप ठाकुर, अंकित सिंह, अभिषेक दुबे, राजेश काण्डपाल, मानक सिंह, सचिन राणा आदि ने विशेष सहयोग किया।

बाजपुर में भगत सिंह चौक पर प्रसाद वितरण करते समाज के लोग। ● अमृत विचार

खटीमा में राहगीरों को शरबत पिलाते लोग। ● अमृत विचार

बाजपुर में मिलेगा विदेशों में रोजगार का प्रशिक्षण

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : देश विदेश में हस्तकला में निपुण योग्य युवाओं की बढती मांग को पूरा करने के लिए बाजपुर के युवा पंकज चानना ने यूके इंटरनेशनल लंदन ब्यूटी स्कूल की स्थापना की है। इस स्कूल के खुलने के बाद जो बच्चे शिक्षा के लिए विदेशों में जाकर लाखों रुपये खर्च कर समय खराब करते थे अब वह यहीं से प्रशिक्षण ले सकेंगे।

उत्तराखण्ड में यूके इंटरनेशनल लंदन ब्यूटी स्कूल की आधुनिक शाखा का उद्घाटन बाजपुर में समाजसेवी बंटी मार्ट रूद्रपुर के संस्थापक लक्ष्मण दास बांगा, पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते', व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पं. जितेन्द्र शर्मा 'सोनू', प्रमुख भाजपा नेता राजेश कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश राय खुल्लर, मेघराज गर्ग ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर बरहैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष गुलशन कुमार गुल्लू, मेघराज गर्ग, राजीव अरोरा, बंटी बांगा, नवीन बांगा, जैमल सिंह, धर्मवीर सरना, बलजीत सिंह, ध्रुव चानना, देवांश बांगा, आशीष चानना मौजूद रहे।

यूके इंटरनेशनल लंदन ब्यूटी स्कूल का उद्घाटन करते समाजसेवी।

एसबीआई ने 4ए को उपलब्ध कराई एंबुलेंस

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: भारतीय स्टेट बैंक की पंतनगर शाखा की ओर से एक फोर्स कंपनी का वाहन एंबुलेंस के रूप में पंतनगर विवि के एल्युमिनाई संगठन (4ए) को उपलब्ध कराया गया। इसका उपयोग विवि चिकित्सालय आने वाले समय में करेगा। इसका लोकार्पण विवि के कुलपति एवं 4ए के अध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने किया।

कुलपति डॉ. चौहान ने बताया कि इस एंबुलेंस का प्रयोग पंतनगर के छात्रों और परिसरवासियों के स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए किया जाएगा। उन्होंने एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद सेमवाल और मुख्य प्रबंधक प्रकाश चंद्र पांडे को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। 4ए के सचिव एवं मुख्य समन्वयक डॉ. जेपी जायसवाल ने बताया कि एंबुलेंस जैसी अति महत्वपूर्ण सुविधा विवि के कुलपति और एसबीआई पंतनगर के मुख्य प्रबंधक के प्रयासों से संभव हो सकी है। इस कार्य में लखनऊ के चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकुंद अग्रवाल का सहयोग रहा है। इस दौरान इंजी. एमके अग्रवाल, डॉ. सुनीता टी. पांडेय, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. एससी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान को एंबुलेंस भेंट करते बैंक के अधिकारी।

कृष्णा पब्लिक कॉलेजिएट में बाल वाटिका का उद्घाटन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: मुरादाबाद रोड स्थित कृष्णा पब्लिक कॉलेजिएट में बाल वाटिका का उद्घाटन किया गया। बाल वाटिका में बाल विकास को मद्देनजर रखते हुए सभी कमरों को वातानुकूलित किया गया है। साथ ही विद्यार्थियों के लिए करके सीखने की विधि को विकसित किया गया है। जिसमें बच्चों के लिए अलग-अलग कॉर्नर सुव्यवस्थित हैं जैसे किचन कॉर्नर, कंप्यूटर कॉर्नर, आर्ट एंड क्राफ्ट कॉर्नर, म्यूजिक कॉर्नर, लाइब्रेरी कॉर्नर इत्यादि। स्कूल के प्रबंधक डॉ. अनिल कुमार सक्सेना ने कहा कि उनका हमेशा से ही प्रयास रहा है कि वे बच्चों के लिए कुछ अलग कार्य करें। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी रेखा रावत, स्कूल के सेक्रेटरी आरूणी सक्सेना, योगेश यादव मौजूद रहे।

काशीपुर बार एसोसिएशन ने सौंपा नौ सूत्री मांग पत्र

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा (प्रशासनिक जज) से नैनीताल हाईकोर्ट में मुलाकात की। इस दौरान नौ सूत्री मांगों का मांग पत्र सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने न्यायमूर्ति को अवगत कराया कि वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत जसपुर और बाजपुर स्थित न्यायालयों में निर्णीत मामले की अपील एवं रिवीजन रुद्रपुर में जिला जज के न्यायालय में होते हैं। वादकारियों को रुद्रपुर दूर पड़ता है। इस पर न्यायमूर्ति ने प्रतिनिधिमंडल को जल्द ही उक्त मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उप-सचिव सूरज कुमार, सौरभ शर्मा मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बरसाती पानी की निकासी का उपाय करने की मांग

बनबसा : ग्राम प्रधान बमनपुरी भावना नेगी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जलभराव से निजात दिलाने के लिए पानी निकासी की मांग की है। ज्ञापन में भावना ने कहा है कि उनकी ग्राम सभा बमनपुरी जनजाति बाहुल्य है। वर्षाकाल में पानी की निकासी न होने से पानी खेतों एवं घरों में भर जाता है। इससे बीमारियों का भी खतरा रहता है। जल निकासी न होने का मुख्य कारण बनबसा पेट्रोल पम्प से 100 मीटर आगे पुलिया का मुहाना छोटा होना तथा एनएच के दोनों साइड जगबूढ़ा पुल तक निकासी के पुख्ता इंतजाम न होना है। पिछले वर्ष तक पचपकरिया ग्राम सभा में एनएच के किनारे से थोड़ी बहुत जल निकासी होती थी किन्तु कुछ ग्रामीणों ने जल निकासी के स्थान पर मिट्टी भरान कर दिया है जिससे निकासी बंद हो गयी है।

नेपाल के नाबालिग बालक बालिका अलवर से बरामद

बनबसा : नेपाल से गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। महेन्द्रनगर नेपाल के इंस्पेक्टर जीवन गुरुंग और परिजनों ने चंपावत पुलिस, एसओजी, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट बनबसा को बताया कि नेपाल से एक नाबालिग लड़का व लड़की जो कि आपस में रिश्तेदार भी हैं। अपने घर से भागकर भारत में कहीं चले गए हैं। साथ ही उनके गलत हाथों में जाने की आशंका जताकर उनके तलाश की गुहार लगाई। पुलिस टीम ने दोनों बच्चों को ट्रेस करने का प्रयास किया। उक्त दोनों को अलवर राजस्थान से सकुशल बरामद किया। सूचना मिलने के बाद बनबसा पहुंचे गुमशुदा बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

चालक की सूझबूझ से खाई में लुढ़कने से बचा कैंटर

टनकपुर : टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिन्याड़ी के पास ब्रेक फेल होने से एक कैंटर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कैंटर को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा नुकसान बच गया। ड्राइवर ने बेकाबू कैंटर को क्रश बैरियर से टकरा कैंटर को खाई में जाने से बचा लिया। चालक और कैंटर में सवार एक सैनिक मामूली रूप से चोटिल हो गए। पुलिस के अनुसार सेना की कैंटीन का सामान लेकर देहरादून से पिथौरागढ़ जा रहा कैंटर सिन्याड़ी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कैंटर में चालक दीपक कुमार और सेना का जवान रविंद्र राय सवार थे। सूचना पर मौके पर पहुंची चल्थी पुलिस चौकी के जवानों ने घायलों को टनकपुर उप जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई।

स्लो साइकिल रेस में नियति ने मारी बाजी

स्लो साइकिल रेस में विजयी छात्राओं के साथ एलायंस क्लब के सदस्य।

बनबसा : बुधवार को एलायंस क्लब द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं की स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़ का हिस्सा लिया। स्लो साइकिल रेस में नियति कश्यप प्रथम, माहीं कश्यप द्वितीय, साक्षी गोस्वामी तृतीय और सानिया चंद ने सांत्वना पुरस्कार जीता। पुरस्कार स्वरूप एलायंस क्लब के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने विजयी छात्राओं को साइकिल भेंट की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मीना शुक्ला, एलायंस क्लब के सचिव आशीष ठाकुर, कोषाध्यक्ष कमल जैन, कैप्टन हरीश कापड़ी, जिला पंचायत सदस्य पुष्कर दत्त कापड़ी, व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी, हेमेंद्र सिंह रावत आदि क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

धूराफाट क्षेत्र के कई गांवों में पेयजल का संकट

बागेश्वर : जनपद के धूराफाट क्षेत्र के कई गांवों में पेयजल संकट बना हुआ है ग्रामीणों ने पेयजल संकट दूर किए जाने की मांग की है। कहा कि पेयजल संकट होने के कारण ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीण गोविंद सिंह, आनंद सिंह, कैलाश लोहनी, संजय लोहनी, दीप चंद्र, महेश चंद्र आदि ने बताया कि प्रदेश सरकार ने कुछ साल पहले ही धूराफाट पेयजल योजना बनाई जिसमें 20 गांवों को लाभान्वित करने की योजना थी। कहा कि योजना के प्रमुख लिफ्ट पंप के सही न होने से असों, बोहाला, पाना, सिया, रैखोली, कुलधार, बोहाला, कठपुड़ियाछीना, जोशीगांव आदि गांवों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि जल निगम व जल संस्थान पंप की मरम्मत एक बारसही तरीके से नहीं करा पा रहा है जिससे पंप आए दिन खराब रहता है।

खाते से कटौती पर भड़के पेंशनर्स संगठन के सदस्य

अल्मोड़ा : उत्तराखंड सरकारी पेंशनर्स संगठन की बैठक में सदस्यों ने गोल्डन कार्ड में पेंशन खाते से कटौती हुई धनराशि वापस नहीं आने पर रोष जताया। गुस्साए सदस्यों ने जल्द धनराशि वापस नहीं होने पर हाईकोर्ट जाने की चेतावनी दी है। भिकियासैंण में हुई बैठक में सदस्यों ने कहा कि गोल्डन कार्ड के नाम पर 20 जनवरी 2021 से पेंशनर्स खातों से कटौती शुरू की गई थी। बाद में कटौती बंद करने के लिए विकल्प दिया गया। उसके बाद कोर्ट ने भी धनराशि वापस करने के आदेश दिए थे, लेकिन अब तक कटौती हुई धनराशि पेंशनर्स के खातों में वापस नहीं की गई है। यहां अध्यक्ष तुला सिंह तड़ियाल, केएन कबडवाल, डीएस नेगी, प्रकाश उपाध्याय, जीडी शर्मा, प्रेम गिरी, प्रतापसिंह मनराल, अंबा दत्त, एपी लखचौरा, केएस मेहता आदि रहे।

चौखुटिया के कई गांवों में 36 घंटे से गुल है बिजली

अल्मोड़ा : विकास खंड चौखुटिया में बुधवार को अंधड के कारण चीड़ का पेड़ हाईटेंशन लाइन पर जा गिरा। जिस कारण विकास खंड के दर्जन भर से अधिक गांवों और तोकों में पिछले 36 घंटे से ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन ऊर्जा निगम अब तक फाल्ट को ठीक नहीं कर सका है। बुधवार को अचानक आए अंधड के कारण ग्राम सभा लालुरी से होते हुए गुजर रही हाईटेंशन लाइन में अचानक वनाग्नि से जल चुका चीड़ का पेड़ आ गिरा। लाइन पर पेड़ के गिरने के कारण लाइन को काफी नुकसान पहुंचा और संबंधित इलाकों की बत्ती गुल हो गई। बुधवार को दिन भर बिजली की आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी और ग्रामीणों ने रात भी अंधेरे में काटी। गेवाड़ विकास समिति के सदस्यों ने बताया कि लाइनों में आए फाल्ट के कारण विकास खंड के लालुरी, कनोली तल्ली, भाकुनीखत्ता समेत अनेक गांवों और तोकों में बिजली की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। बिजली न होने के कारण क्षेत्र के लोग परेशान हैं।

दो साल पहले खोदी सड़क की मरम्मत न करने से भड़के रानीधारा क्षेत्रवासी

25 जून तक कोई कार्रवाई न होने पर निकाय चुनाव के बहिष्कार की दी चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर के रानीधारा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण न होने से गुस्साए स्थानीय लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए समस्याओं का शीघ्र निस्तारण न होने पर निकाय चुनावों का पूरी तरह बहिष्कार किए जाने और उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा है।

जिलाधिकारी विनीत तोमर को दिए ज्ञापन में रानीधारा क्षेत्र के लोगों ने कहा है कि बीते दो साल पहले रानीधारा क्षेत्र में सीवर और पेयजल लाइन का निर्माण किया गया था। लेकिन निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सड़क आज भी जस की तस है। कई बार की शिकायतों और आंदोलनों के बाद भी अब तक इस मार्ग पर सुधारीकरण नहीं किया जा सका है। जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान सड़क के किनारे फैला मलबा लोगों के घरों और दुकानों में घुस जा रहा है। जिससे उन्हें काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

अल्मोड़ा में डीएम को ज्ञापन सौंपते रानीधारा के लोग। ● अमृत विचार

स्थानीय लोगों ने ज्ञापन में रानीधारा मार्ग को धार की तूनी से सांई बाबा मंदिर तक दुरुस्त किए जाने, रानीधारा मोहल्ले के नौले का जीर्णोद्धार करने, मलबे और बरसाती पानी की निकासी के लिए आरसीसी नाले का निर्माण किए जाने, हीराडूंगरी क्षेत्र से हो रहे कटान को रोकने के लिए कार्रवाई करने, बंद पड़े नालों का शीघ्र निर्माण किए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक को भी ज्ञापन भेजा है और कार्रवाई न होने पर 25 जून तक कोई कार्रवाई न होने पर निकाय चुनावों के बहिष्कार, उग्र आंदोलन और न्यायालय की शरण में जाने की चेतावनी दी है। डीएम और विधायक को दिए ज्ञापन में त्रिलोचन जोशी, डा. अरुण पंत नरेंद्र दरम्वाल, वीरेंद्र बिष्ट, कवींद पंत, कमला दरम्वाल, स्मिता जोशी, हरीश जोशी, राजन बिष्ट, विमला मठपाल, मुकुल, दीपा, विमला, विजय तिवारी, प्रदीप रावत, ज्ञान बुधोड़ी, नवीन पाठक समेत अनेक लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

कर्नाटक हिमाचल उपचुनाव के सहप्रभारी बनाए गए

अल्मोड़ा : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक को हिमाचल प्रदेश के उपचुनाव में सह प्रभारी बनाया गया है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य राजीव शुक्ला ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। कर्नाटक को हिमाचल उपचुनाव में बड़सर विधानसभा उपचुनाव के लिए सह प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। यह जिम्मेदारी मिलने के बाद कर्नाटक ने कहा है कि उनका मुख्य प्रयास बड़सर विधानसभा में जनता को कांग्रेस की नीतियों की जानकारी देना होगा। साथ ही भाजपा सरकार में हो रही महंगाई, बेरोजगारी, अवरुद्ध विकास पर लोगों का ध्यान आकर्षित वह आकर्षित करेंगे। कर्नाटक को जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है।

पूर्णागिरि में न हो बिजली संकट

संवाददाता, टनकपुर

- एसडीएम ने बिजली ठेकेदार को दी एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी

अमृत विचार : मां पूर्णागिरि धाम के मुख्य मंदिर और उसके आसपास का क्षेत्र 20 मई की रात करीब एक घंटे तक अंधेरे में रहा। बिजली नहीं होने से श्रद्धालुओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी द्वारा इस खामी को उजागर करने के बाद मेला मजिस्ट्रेट टनकपुर के एसडीएम आकाश जोशी ने ठेकेदार का जवाब तलब किया है।

व्यवस्था में सुधार नहीं करने पर बिजली ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर करने की चेतावनी दी गई है। 26 मार्च से शुरू मां पूर्णागिरि धाम के सरकारी मेले में श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए बिजली सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। मेला क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति कराने के लिए जिला पंचायत बिजली के ठेके कराता है। लेकिन अंधड़ से बिजली गुल होने पर वैकल्पिक व्यवस्था के काम नहीं करने की वजह से 20 मई की रात करीब एक घंटे तक जनरेटर की सेवा शुरू नहीं हो सके। अंधेरे से काली मंदिर से मुख्य मंदिर तक श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मंदिर समिति और पुजारियों द्वारा बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था करने से हालात बिगड़ने से बचे। पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने 20 मई की रात को ही मेला मजिस्ट्रेट को फोन कर बिजली व्यवस्था बहाल करने का आग्रह किया। करीब एक घंटे बाद मेला क्षेत्र में जनरेटर से बिजली आपूर्ति शुरू हुई। मेला मजिस्ट्रेट ने बिजली ठेकेदार को दोबारा ऐसी चूक होने पर एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी है।

छोटे बदरीनाथ के कपाट खुले

- नवनीत पांडेय की मौजूदगी में मंदिर के पुरोहितों ने खोले कपाट
- कार्तिक पूर्णिमा तक खुले रहेंगे धाम के द्वार

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : बिरगुल ग्राम पंचायत के महर पिनाना स्थित सकल धाम के कपाट बुद्ध पूर्णिमा को खुल गए। इसे बदरीनाथ धाम का लघु स्वरूप माना जाता है। यहां छह माह ही धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। कार्तिक पूर्णिमा को मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे।

महर पिनाना गांव स्थित पौराणिक व वैष्णव शक्ति धाम में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर डीएम नवनीत पांडे और चार तोकों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में धार्मिक विधि विधान, वैष्णव मंत्रों व हवन यज्ञ के साथ संकल धाम के कपाट खुले। मंदिर के पुजारी और कुल पुरोहित पंडित शंकर दत्त जोशी ने पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने मांगलिक परिधानों में कलश यात्रा निकाली और वैष्णव शक्तिधाम की शोभायात्रा निकली। मंदिर की परिक्रमा के बाद मंदिर के कपाट खोले गए। यहां के चार तोक भिंगराड़ा, बिरगुल, तलमाटा और महर पिनाना की ओर से मानव कल्याण के लिए यज्ञ किया गया। यज्ञ में गुणानंद भट्ट, विक्रम, पीतांबर भट्ट, नरेश जोशी, दिलवर जोशी, सुभाष जोशी ने यज्ञ में आहुतियां दीं। क्षेत्र के लोगों ने धाम के विकास का आग्रह किया। डीएम ने धाम क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी कदम उठाने की बात कही। रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से धाम के लिए चार तिरपाल और बर्तनों का सेट भेंट किया गया। इस मौके पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी अरविंद गौड़, पाटी के खंड विकास अधिकारी सुभाष लोनी मौजूद रहे।

डीएम नवनीत पांडेय की मौजूदगी में पुरोहितों ने मंदिर के कपाट खोलने की रस्म पूरी की।

अतिक्रमण पर रोक लगाने में प्रशासन विफल : जोशी

बागेश्वर : व्यापार संघ अध्यक्ष कवि जोशी ने जिला प्रशासन पर अतिक्रमणकारियों को शह देने का आरोप लगाया है। कहा कि प्रशासन उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी लोनिवि की भूमि पर अतिक्रमण नहीं रुका। बता दें कि नगर के तहसील रोड में एक व्यवसायी द्वारा मेगामार्ट हेतु भवन का निर्माण कराया जा रहा था। आरोप था कि उसके द्वारा लोनिवि की चाहर दीवारी तोड़कर मार्ग बनाया गया व लोनिवि की भूमि पर भी अतिक्रमण किया गया है। जिस पर व्यापार संघ अध्यक्ष कवि जोशी ने उच्च न्यायालय की शरण ली। उच्च न्यायालय के आदेश पर जिला विकास प्राधिकरण ने से सील कर कार्य रोक दिया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन कार्य रोकने के बाद निर्माणकर्ता ने पुन: निर्माण कराया जिस पर वे अदालत की अवमानना का आदेश लाए। कहा कि अभी उच्च न्यायालय में मामला चल रहा है। इसके बाद भी अतिक्रमणकारी द्वारा निर्माण करके मार्ट की स्थापना कर दी गई है जो कि प्रशासन के अतिक्रमणकारियों को शह देने का उदाहरण है।

सार-संक्षेप

सैनिक स्कूल में चयन पर खुशी

आयुष नेगी।

बैरती (अल्मोड़ा) : चितैली निवासी महेन्द्र प्रताप व ज्योति नेगी के पुत्र आयुष का सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में छठी कक्षा में चयन होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई है। महेन्द्र प्रताप कुमाऊं रेजिमेंट में हवलदार के पद पर शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) में तैनात हैं। आयुष ने पांचवी कक्षा आर्मी स्कूल रानीखेत से उत्तीर्ण की। उसके सैनिक स्कूल में चयन पर ग्राम प्रधान ललिता नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य गीता भंडारी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य खुशाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता उमेद सिंह, बालम सिंह, कमल सिंह ने बधाई दी है।

अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

अल्मोड़ा : प्रदेश में पिछले नौ सालों से अपनी सेवाएं दे रहे अतिथि शिक्षकों के शिष्टमंडल ने लमगड़ा के डोल आश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अतिथि शिक्षकों ने कहा है कि वह लंबे समय से प्रदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन समय समय पर पदोन्नति, स्थानांतरण, एवं सीधी भर्ती से नियमित शिक्षकों के पदभार ग्रहण करने के बाद अतिथि शिक्षक प्रभावित हो जाते हैं। अतिथि शिक्षकों ने मांग की कि उनके पदों को रिक्त न दिखाया जाए और उन्हें लॉक करने की कार्रवाई की जाए। अतिथि शिक्षकों ने मानदेय बढ़ाए जाने पर उनका आभार भी व्यक्त किया।

दुष्कर्मी चाचा को 20 साल का सश्रम कारावास

चम्पावत : सगी नाबालिग भतीजी को हवस का शिकार बनाने वाले चाचा को अदालत ने 20 साल के सश्रम कैद की सजा सुनाई है। दोषी पर 53 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर सवा साल का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। विशेष सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार संगल ने सगी भतीजी से दुराचार करने के दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। मार्च 2023 में चम्पावत के एक सीमावर्ती क्षेत्र की 15 वर्षीय बालिका ने सगे ताऊ पर बलात्कार करने का आरोप लगाया था। पीड़िता का कहना था कि सगे ताऊ ने उसके साथ चार-पांच दिन तक दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने ये बात अपनी मामी को बताई। जिसके बाद आरोपी चाचा के खिलाफ पॉक्सो, दुष्कर्म सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया। सुनवाई के बाद विशेष सत्र न्यायाधीश ने दोषी को 20 साल सश्रम कैद और 50 हजार रुपये का अर्तदंड सुनाया।

दुष्कर्म पीड़िता किशोरी ने जन्मा शिशु, आरोपी पर मुकदमा दर्ज

टनकपुर /चम्पावत : युवक गांव की किशोरी को लंबे समय से हवस का शिकार बना रहा था। मामले का खुलासा तब हुआ, जब नाबालिग ने अस्पताल में शिशु को जन्म दिया। परिजनों की तहरीर पर लोहाघाट थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा लिया गया है। लोहाघाट विकासखंड के एक गांव का युवक लंबे समय से एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर रहा था। 22 मई को नाबालिग ने जिले के एक अस्पताल में शिशु को जन्म दिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और धारा 376 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार का कहना है कि पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही है। आरोपी बालिग है या नाबालिग अभी यह साफ नहीं है। दरोगा अंजू यादव मामले की जांच कर रही हैं।

दुष्कर्म के आरोपी पूर्व भाजपा नेता को मिली जमानत

चम्पावत : नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने का आरोपी भाजपा से निष्कासित कमल सिंह रावत को जमानत मिल गई है। मुकदमा दर्ज होने के बाद रावत 31 दिसंबर 2023 से जेल में था। कमल सिंह रावत को उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है। कमल सिंह रावत पर चम्पावत ब्लॉक के एक गांव की एक नाबालिग लड़की के यौन शोषण करने का आरोप था। आरोपी के खिलाफ 29 दिसंबर को चम्पावत में धारा 376, 506, 363 के साथ पॉक्सो कानून के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी जेल में था। मुकदमा दर्ज होने से कुछ समय पहले तक वह भाजपा के तल्लादेश मंडल का अध्यक्ष था।

वर्ग पहेली-79

बाएं से दाएं

1. पानी उलीचने या डालने के लिए एक कृषि उपकरण, हाथा।
4. 1. गली, कूचा 2. सड़कों पर वाहनों के सुचारु यातायात
5. संन्यासी या अतिथि के लिए निकाला हुआ भोजन।
8. 1. मचना या फैलना 2. उठना।
9. 1. भुरकने की क्रिया या भाव 2. कुल्हड़, कूजा 3. मिट्टी की दवात 4. मिट्टी का प्याला, कसोरा 5. चूर्ण, बुकनी।
11. 1. विलक्षण, अद्भुत 2. श्रेष्ठ 3. अजीबोगरीब।

ऊपर से नीचे

1. एकत्रित जनसमूह, भीड़।
2. 1. जिसके बारे में जानकारी न हो, अपरिचित 2. जिसे जानकारी न हो, अनभिज्ञ 3. निश्छल, भोला
3. कुआं बनाने या कुआं खोदने वाला आदमी।
6. 1. श्रेणी, वर्ग, दरजा 2. विभाग, खंड 3. गिरोह, समूह।
7. 1. आगे की ओर फिसलना, सरकना 2. ऊपर से नीचे की ओर फिसलते हुए आना।
10. 1. समुद्र का कोई विशेष खंड 2. ताल, झील 3. क्रिकेट खेल में बल्लेबाज़ के द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना।



वर्ग पहेली -78 का हल

	1 त		2 अ		3 ची	नी
4 त	रं	ग	व	ती		
	गी		ले			5 उ
6 छु		7 उ	ख	म		त
8 आ	कं	प	न		9 दू	र
छू		वे				वा
त		10 द	ल	म	ल	ना

सुडोकू -158

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			1			2		
	2			6				
			7					
4								8
				3				
					4			
							7	
		5			1			

सुडोकू -157 का हल

4	1	2	9	8	5	3	6	7
7	8	6	1	4	3	2	9	5
5	9	3	6	7	2	1	4	8
1	3	4	8	9	7	6	5	2
2	7	5	3	1	6	9	8	4
8	6	9	2	5	4	7	1	3
9	5	7	4	3	1	8	2	6
6	4	8	7	2	9	5	3	1
3	2	1	5	6	8	4	7	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 19 .24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 10 .10 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज का दिन आपके लिए तनाव भरा हो सकता है। यदि आवश्यक न हो तो कोई बड़ा निर्णय आज न लें। भाई-बहन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। अपनी रुचि के विषय का गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

वृष — आज का दिन काफी शुभ रहेगा। अधिकारियों का व्यवहार आपके लिए काफी सहयोगात्मक रहेगा। आप कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। आपको अपनी कमजोरियों को पहचानने और उसे दूर करने का काम करना चाहिए।

मिथुन — आज आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। संतान के व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। पुराना ऋण चुकाने में सफलता मिलेगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। नाक, कान या गले में इन्फेक्शन की संभावना हो सकती है।

कर्क — आज ऑनलाइन ठगों से सावधान रहें।ज्यादा देर तक बैठकर करने वाले कार्यों को टालना उत्तम रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में नए मित्र मिल सकते हैं। सर्विस प्रदाता सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

सिंह — आज समाज की बुराइयों को लेकर आप कुछ रुष्ट हो सकते हैं, किंतु आपको किसी से विरोध नहीं लेना चाहिए। मौसम में बदलाव के कारण कुछ जुकाम जैसी समस्या हो सकती है। आप कई दिनों से जिस अवसर की तलाश में थे, वह आपको मिल सकता है।

कन्या — आज अचानक पुराने मित्रों से मिलने का अवसर बन सकता है। यात्रा के दौरान आप कुछ असहज रहेंगे। साइबर ठगों की चपेट में आ सकते हैं। आपकी प्रवृत्ति कुछ नया सीखने की हो सकती है। अपनी पुरानी किताबों की तरफ बढ़ सकते हैं।

तुला — आज लोग आपके प्रशंसक बन सकते हैं। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अचानक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी के साथ सामंज्य बना रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता द्वारा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

वृश्चिक — आज मेडिकल व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों पर नजर बनाकर रखें। छात्रों को पढ़ाई में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिल सकती है।

धनु — आज आप जितने सम्मान के पात्र हैं,उतना सम्मान लोग आपको नहीं दे रहे हैं। इसीलिए आपको धैर्यवान होकर परिस्थितियों का अवलोकन करना चाहिए। बड़बोलेपन के कारण लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं।

मकर — आज अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही खर्च करें। संपत्ति विवादों के परिणाम आपके पक्ष में आएंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। वैवाहिक जीवन की परेशानियों का निवारण होगा।

कुंभ — आज कारोबार के उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक जीवन कुछ अशांत हो सकता है। यदि आप किसी बैठक या साक्षात्कार में सम्मिलित हो रहे हैं तो परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

मीन — आज कड़वी भाषा का प्रयोग न करें। व्यवसाय में धन हानि हो सकती है। इसीलिए आपको काफी सावधान रहना चाहिए। आप अपने शौकों की पूर्ति में लगे रहेंगे। घर में नजदीकी रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- आज का महात्मा — सुबह : 10 .51
- चाइना गेट — रात : 07 .00

&pictures
- मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11 .26
- जिगर वाला नंबर 1 — शाम : 04 .45

SONY PIX
- द शौशैंक रिडेम्पशन — दोपहर : 01 .15
- स्पाइडर मैन — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- जहर — सुबह : 11 .00
- जिस्म — रात : 08 .10

colors CINEPLEX
- स्टूडेंट ऑफ द ईयर — सुबह : 08 .06
- कभी अलविदा न कहना — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 11 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

वाक्सायका वदनात्रिष्पतन्ति यैराहतः शोचति रात्र्यहानि।
परस्य नामर्मसु ते पतन्ति तान् पण्डितो नावसृजेत् परेभ्यः॥

शब्द रूपी बाण सीधा दिल पर जाकर लगता है जिससे पीड़ित व्यक्ति दिन-रात घुलता रहता है। इसलिए ज्ञानियों को चाहिए कि कटु वचन बोलने से बचें।

संपादकीय

रक्षा क्षेत्र का मजबूत घटक

डिजिटलीकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ रही दुनिया में साइबर हमलों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय रक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है। भारत के लिए भी साइबर सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। साइबर सुरक्षा के मामले में भारत की दक्षता ऐसे क्षेत्र में महत्वपूर्ण है जहां साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा जोखिम पैदा करते हैं। विदेशी हैकर्स विभिन्न भारतीय संस्थानों पर साइबर हमले कर डेटा की चोरी कर लेते हैं और काम भी ठप कर देते है। रक्षा सूत्रों के अनुसार विशेष रूप से पाकिस्तान और चीन के हैकर्स द्वारा सैन्य प्रणालियों में सेंध लगाकर जानकारी चुराने और व्यवधान पैदा करने के प्रयास किए जाते हैं। ऐसे में भारतीय सेना के लिए भी साइबर सुरक्षा बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए सेना की ओर से कई स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। भारत ने सूचना और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी क्षमताएं विकसित की हैं। हमारे साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षा नेटवर्क को मजबूत करने, उन्हें साइबर हमलों से बचाने और बहुत संवेदनशील सूचनाओं को गलत हाथों में पड़ने से बचाने के लिए काम कर रहे हैं। साइबर क्षेत्र में भारत की रक्षा क्षमताओं को विस्तार देने के महत्व को देखते हुए रक्षा साइबर एजेंसी द्वारा साइबर सुरक्षा अभ्यास शुक्रवार तक आयोजित किया जा रहा है। रक्षा साइबर एजेंसी को साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने का काम सौंपा गया है। यह भारतीय सशस्त्र बलों की एक त्रि-सेवा कमान है जो साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए जिम्मेदार है।

यह आयोजन तेजी से उभरते हुए और महत्वपूर्ण साइबर क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। निश्चित रूप से भारतीय सेना देश की राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही है। साइबर सुरक्षा परिदृश्य में सुधार के लिए भारत में कई पहलें और नीतियां अपनाई गई हैं, जैसे राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, साइबर सेल एवं साइबर अपराध जांच इकाइयां, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम। हालांकि, ये प्रयास अभी भी अपर्याप्त हैं, क्योंकि भारत को तकनीकी कर्मचारियों, साइबर फोरेंसिक सुविधाओं, साइबर सुरक्षा मानकों और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में देश में व्यापक और अद्यतन कानून बनाने की आवश्यकता है जो साइबर सुरक्षा के सभी पहलुओं, जैसे साइबर आतंकवाद, साइबर युद्ध, साइबर जासूसी और साइबर धोखाधड़ी को दायरे में ले। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए साइबर क्षेत्र में सभी संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल होना जरूरी है।

भारतीय दर्शन और पर्यावरण संरक्षण

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

अथर्ववेद पीपल वृक्ष को कई देवताओं का आवास मानता है। पूजा के कलश में सप्त नदियों का जल एवं सप्तभृतिका का पूजन करना व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था।

विगत वर्षों में जलवायु परिवर्तन की समस्या जिस तेजी के साथ पूरे विश्व समुदाय के सामने मुंह फैलाएं खड़ी है, यह काफी चिंतनीय है। आज न केवल भारत जैसे विकासशील राष्ट्र, बल्कि विकसित राष्ट्र भी इस समस्या के हल को निकालने के लिए प्रयासरत हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या को दूर करने हेतु दिसंबर-2009 में कोपेनहेगन सम्मेलन का आयोजन किया था, जबकि भारत में इसके कई हजार वर्ष पूर्व में ही यह निर्णय ले लिया था कि प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाए। इसके लिए प्राचीन काल में ही हमारे यहां वैदिक ग्रंथों में कई मौसम संबंधित देवताओं जैसे-इंद्र वर्षा के देव, वायु के देवता, अरण्य-वन की देवी इत्यादि का उल्लेख किया गया है तथा इनके कार्यों की विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है। ऐसा माना जाता था कि पृथ्वी पर ये सभी मानव जीवन को सुगम्य बनाने के लिए आवश्यक है। यह दोहन या शोषण के लिए नहीं है। भारतीय संस्कृति का अवलोकन करने से ज्ञात होता है कि यहां पर्यावरण संरक्षण का भाव अति पुरातन काल में भी मौजूद था, परंतु उसका स्वरूप भिन्न था। उस काल में कोई राष्ट्रीय वन नीति या पर्यावरण पर कार्य करने वाली संस्थाएं नहीं थीं। भारतीय दर्शन यह मानता है कि इस देह की रचना पर्यावरण के महत्वपूर्ण घटक-पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश से हुई है। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के संरक्षण को बहुत महत्व दिया गया है। यहां मानव जीवन को हमेशा मूर्त या अमूर्त रूप में पृथ्वी, जल, वायु, चंद्र, नदी एवं पशु-पक्षी के सहचर्य के रूप में देखा गया है।

पर्यावरण की समस्या मानवता के लिए एक चुनौती है जिसका दायरा और जटिलता अभूतपूर्व है। इस ग्रह पृथ्वी पर जीवन केवल इसके पर्यावरण के कारण ही संभव हो पाया है और यह इसके प्राकृतिक संसाधनों वन, जल पर निर्भर है, लेकिन अदूरदर्शिता के कारण नाजुक पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ गया है। पर्यावरण आज एक वैश्विक अवधारणा है, हम पर पर्यावरण संरक्षण की विशेष जिम्मेदारी है, न केवल सौंदर्य मूल्य के लिए, बल्कि जीवनयापन के लिए भी। मनुष्य प्रकृति की सबसे बड़ी रचना है। इसलिए यदि प्रकृति का पोषण किया जाए तो यह व्यक्तित्व के विकास का माध्यम बन सकता है, जो आगे चलकर संस्कृति की रक्षा करेगा जिसमें कला, साहित्य, संगीत और नैतिक मूल्यों को बचाया जा सकता है। भारतीय परंपरा में धार्मिक कृत्यों में वृक्ष पूजा का बड़ा महत्व है। वट वृक्ष को पूज्य मानकर अटल सुहाग से संबद्ध किया गया है, भोजन में तुलसी का भोग पवित्र माना गया है, जो कई रोगों की रामबाण औषधि है। विल्व (वेल) वृक्ष को भगवान शिव से जोड़ा गया है और ढाक, पलाश, दुर्वा एवं कुश जैसी वनस्पतियों को नवगृह पूजा आदि धार्मिक कृत्यों से जोड़ा गया है। कुछ वृक्षों एवं पौधों को इतना पावन माना गया है कि उनकी कल्पना यह है कि विभिन्न देवी एवं देवताओं ने उनमें अपना स्थान बना लिया है।

पर्यावरण की समस्या मानवता के लिए एक चुनौती है जिसका दायरा और जटिलता अभूतपूर्व है। इस ग्रह पृथ्वी पर जीवन केवल इसके पर्यावरण के कारण ही संभव हो पाया है और यह इसके प्राकृतिक संसाधनों वन, जल पर निर्भर है, लेकिन अदूरदर्शिता के कारण नाजुक पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ गया है।

अथर्ववेद पीपल वृक्ष को कई देवताओं का आवास मानता है। पूजा के कलश में सप्त नदियों का जल एवं सप्तभृतिका का पूजन करना व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था। पर्यावरण का संरक्षण हमारे नित क्रियाकलापों से जुड़ा था। भारतीय विचारधारा में जीवन का विभाजन भी प्रकृति पर ही आधारित था। चार आश्रम में से तीन तो पूरी तरह से प्रकृति के साथ ही व्यतीत होते थे। उपनिषदों में भी लिखा है-हे अश्वरूप धारी परमात्मः बालू तुम्हारे उदरस्थ अर्धजीर्ण भोजन है, नदियां तुम्हारी नाड़ियां हैं, पर्वत-पहाड़ तुम्हारे हृदय खंड हैं, समग्र वनस्पतियां, वृक्ष एवं औषधियां तुम्हारे राम सदृश्य हैं। ये सभी हमारे लिए शिव बनें। हम नदी, वृक्षादि को तुम्हारे अंग स्वरूप समझकर इनका सम्मान और संरक्षण करते हैं। हमारे महर्षि जानते थे कि पेड़ में भी चेतना होती है। इसलिए उन्हें मनुष्य के समतुल्य माना गया है। ऋग्वेद से लेकर वृहदारण्यकोपनिषद, पुराण और मनुस्मृति सहित अन्य वाङ्मयों में इसके संदर्भ मिलते हैं। छांदोग्योपनिषद में उद्दालक ऋषि अपने पुत्र स्वेतकेतु से आत्मा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि वृक्ष जीवात्मा से ओत-प्रोत होते हैं और मनुष्यों की भांति सुख-दुःख की अनुभूति करते हैं। मत्स्यपुराण में एक वृक्ष के रोपण को दस पुत्रों की संतान के समान बताया गया है।

जल स्रोतों का भी भारतीय परंपरा में बड़ा महत्व है। शुद्ध जल के बिना भी जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जल स्रोतों को बचाए रखने के लिए इन्हें विभिन्न धर्मों एवं धर्म ग्रंथों में इन्हें सम्मान दिया गया। मनुष्य एवं पशु परस्पर एक दूसरे पर निर्भर हैं। वेदों में भी अनेक स्थानों पर यह प्रार्थना की गई है कि पृथ्वी, जल औषधियां हमारे लिए शांतिप्रद हों और यह शांतिप्रद तभी हो सकती हैं जब हम इनका पूरे सम्मान के साथ सभी स्तरों पर व्यापक संरक्षण करें। तभी भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण की इस विराट अवधारणा की सार्थकता सिद्ध हो सकेगी जिसकी आज के समय में केवल मानव जीवन ही नहीं अपितु संपूर्ण प्राणि जगत के लिए महत्वपूर्ण है तथा समस्त प्रकृति और ब्रह्मांड को संतुलित करने के लिए आवश्यक भी।

हजारों वर्षों से नदी, वायु, जल, सूर्य, वन, पशु-पक्षियों की पूजा करते चले आ रहे हैं, क्योंकि ऐसा माना जाता रहा कि पृथ्वी पर ये सभी मानव जीवन को सुगम्य बनाने के लिए आवश्यक हैं। यह दोहन या शोषण के लिए नहीं हैं। पृथ्वी का लगभग एक तिहाई भाग प्राकृतिक संरक्षण के लिए समर्पित था। वेद, उपनिषद, पुराण और अन्य शास्त्रों में पेड़-पौधों और वन्य जीवन के साथ-साथ समुदाय के लिए उनके महत्व का विस्तृत वर्णन किया गया है। पेड़ों को भारतीय घरों में रहने का एक अनिवार्य हिस्सा माना जाता है। मानव जीवन के लिए पौधों और पेड़ों के महत्व को वराह पुराण में और अधिक स्पष्ट किया गया है जिसमें स्वर्ग प्राप्त करने के साधन के रूप में नियमित वृक्षारोपण की वकालत की गई है। मत्स्य पुराण और पद्म पुराण में भी महान वृक्षारोपण समारोह-वृक्ष महोत्सव का वर्णन है। भारत एक ऐसा देश है जिसने सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर रहना सिखाया है। ऋग्वैदिक युग से लेकर आज तक के लगभग सभी विचारकों ने प्रकृति के महत्व पर बल दिया। गांधीजी ने कहा है कि प्रकृति में प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतों के लिए पर्याप्त है, उसके लालच के लिए नहीं। अगर हम अपने पवित्र ग्रंथों में देखें तो हमें वैदिक काल से ही पर्यावरण के बारे में भारतीय संस्कृति की चेतना मिलती है। अथर्ववेद में लिखा है माता भूमि पुत्रहेन पृथ्वी का अर्थ है कि 'भूमि' या पृथ्वी हमारी माता है और मैं पृथ्वी का पुत्र हूं। अथर्ववेद में ऋषियों ने पृथ्वी की प्रार्थना करते हुए कहा है कि यदि प्रकृति का पोषण किया जाए तो वह व्यक्तित्व के विकास का माध्यम बनती है, जो आगे चलकर संस्कृति की रक्षा करेगी जिसमें कला, साहित्य, संगीत और नैतिक मूल्यों को बचाया जा सकता है। ऋग्वेद और उपनिषदों में भी पशुओं के संरक्षण की वकालत की गई है। उपनिषदों में पशुओं के प्रति हिंसा और मानव बलि को प्रतिबंधित किया गया है। मनुष्य की तरह पशु और पेड़ भी ईश्वर की रचना हैं। फिर उन्हें नष्ट करना हिंसा नहीं तो और क्या है? वृक्ष शुद्ध वायु, छाया, वर्षा, फल, फूल और मानसिक संतुष्टि प्रदान करते हैं। भारतीय परंपरा में धार्मिक कार्यों को पर्यावरण से जोड़कर उनका संवर्धन एवं संरक्षण किया गया है। यदि हम सभ्यता में सिंधु सभ्यता की मुहरों को देखें तो पाते हैं कि उन मुहरों पर पशुओं एवं वृक्षों के चित्र अंकित रहते थे।

सम्राटों द्वारा अपने राज चिन्ह के रूप में वृक्षों एवं चिन्हों का प्रयोग किया जाता था। गुप्त सम्राट बांस को पूज्य मानते थे। मार्गों में पेड़ की छाया पथिक को मिल सके इसके लिए वृक्षारोपण किया गया। चित्रकारी में प्रकृति के अनुपम छटा को हम प्रकृति के प्रेम से ही जुड़ा मानते हैं। कहते हैं कि परम्पराएं मूल्यों से सिंचित होती हैं और मूल्य जितने विशुद्ध रूप में परंपराओं से घुलते हैं, परंपराएं उतनी ही उर्वरता व ताजगी के साथ पीढ़ी दर पीढ़ी समाज को ऊर्जा व पोषण प्रदान करती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम समय-समय पर मुड़कर पीछे अपनी पोषणदायिनी परंपराओं व जीवन दृष्टि को आज के साथ जोड़ें, क्योंकि हमारे आज के बीते हुए कल के बीज से ही आने वाले भविष्य का निर्माण होता है। भारतीय दर्शन इन्हीं परंपराओं और मूल्यों को आत्मसात करते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम्' अर्थात् पूरी पृथ्वी ही हमारा घर है, को लेकर आगे बढ़ रही है।

प्रसंगवश

वीर की मुक्ति समर भूमि में होती है

प्रताप सिंह बारहठ की पुण्यतिथि पर

कुंवर प्रताप सिंह बारहठ का जन्म 24 मई 1893 को उदयपुर में श्यामलदास की हवेली में हुआ। शिक्षा दयानंद जैन बोर्डिंग स्कूल में हुई। बाल्यावस्था में पिता श्री केसरी सिंह बारहठ ने प्रताप सिंह को सशस्त्र क्रांति की शिक्षा हेतु अर्जुन लाल सेठी को सौंप दिया, जहां से वो मास्टर अमीचंद के साथ रास बिहारी बोस के क्रांतिकारी दल का हिस्सा बन गए।

प्रताप अंग्रेजों की अमानवीय यातनाओं को सहते हुए मुख पर मुस्कान लिए शहीद हो गए। वहीं अंग्रेज अफसर की आंखों में आंसू थे। वह अफसर था चार्ल्स क्लिवलेंड जिनके शब्द थे "मैंने प्रताप जैसा व्यक्ति नहीं देखा। हमने उसे हराने के लिए यातनाओं का अंबार लगा दिया, पर वह सिंह की भांति लड़ा, शहीद हो गया, पर झुका नहीं, हम हार गए और वो जीत गया"। अंग्रेजों ने राजपूताने में क्रांति को ज्यादा हवा न मिले इसलिए प्रताप को वही बैरक में ही दफना दिया। दिल्ली हार्डिंग बम कांड- प्रताप सिंह बारहठ और इनके काकोसा जोरावर सिंह बारहठ ने 1912 मे चांदनी चौक में हार्डिंग पर बम फेंका था जिसमें हार्डिंग घायल हो गया और महावत की मृत्यु हो गई। जोरावर सिंह बारहट तो कभी पकड़े नहीं गए। इनके खिलाफ वारंट निकला, अमरदास बैरागी के नाम से चंबल के आसपास रहकर क्रांति में योगदान देते रहे। प्रताप और ईश्वर दान जी आशिया (जिजोसा) दोनों को गिरफ्तार किया गया, परंतु सबूतों के अभाव में छोड़ दिया गया।

अजय राज शर्मा
बरेली

एक दिन अंग्रेजों ने कुटिल चाल चली। प्रताप को पिता केसरी सिंह से मिलवाने हजारीबाग जेल ले गए। हजारीबाग जेल में प्रताप को पिता की दयनीय स्थिति बताकर पिता-पुत्र के हृदय को द्रवित करने के लिए एक दूसरे के सामने खड़ा कर दिया जिससे कि सहसा दोनों के आंखों से आंसू निकल जाए। दाता की काल कोठरी के सामने प्रताप खड़े हैं। गवर्नमेंट के ऑफिसर दाता से अनुरोध करते हैं कि ठाकुर साहब प्रताप को समझाइए कि वह सच-सच बात बता दे। दाता अपने वीर पुत्र को कहते हैं कि 'प्रताप जानता है कि तू केसरी सिंह की संतान है, अगर प्राणों के मुंह से अथवा किसी अन्य प्रलोभन से तू विश्वासघात कर बैठा तो याद रखना मैं स्वयं तेरे को गोली मार दूंगा।' लाख जतन के बाग भी प्रताप अपने निर्णय से डिगे नहीं।

अंग्रेज अब हार चुके थे। चार्ल्स क्लीवलैंड ने बरेली जेल में प्रताप से चर्चा की कि तेरी माता बहुत दुखी है। तेरे लिए बहुत रोती है, तू हमें अपने साथियों के नाम और गुप्त जानकारियां दे दे। इतना तो तू अपनी मां के लिए कर ही सकता है। यह अंग्रेज ऑफिसर चार्ज क्लीवलैंड का अंतिम प्रयास था ताकि वह प्रताप को मां माणिक कवर की परिस्थितियों का देखकर उसे तोड़ सके, परंतु प्रताप सिंह बारहठ कहते हैं कि 'यदि मैं सब गुप्त बातें प्रकट कर दूं तो और भी कितने लोगों की माताएं ठीक मेरी माता के समान कष्ट पाएंगी। एक माता के बदले और कितनी माताओं को तब हाहाकार करना पड़ेगा। एक अमर वाक्य प्रताप सिंह बारहठ द्वारा बोला गया कि 'मेरी माता रोती है तो रोने दो, मैं मेरी माता को हंसाने के लिए हजारों माताओं को रुला नहीं सकता'। प्रताप ने सीना चौड़ाकर आगे कि कहा, 'वीर की मुक्ति समरभूमि में होती है। यदि आप सचमुच मुझे मुक्त करना चाहते हैं तो मेरे हाथ में एक तलवार दीजिए। फिर चाहे जितने लोग आ जाए। आप देखेंगे कि मेरी तलवार कैसे काई की तरह अंग्रेजी नौकरशाहों को फाड़ती है'।

प्रताप की इस प्रकार की दृढ़ता देख अंग्रेज अफसर आश्चर्यचकित हो रहे थे कि मात्र 22 वर्ष का बालक और इतना साहसी निर्भीक कैसे हो सकता है! अंग्रेज अफसर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। शारीरिक रूप से निर्बल हो चुके प्रताप ने उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की सेंट्रल जेल में अंग्रेजों के अमानवीय अत्याचार को सहते हुए, हंसते-हंसते 24 मई 1918 को अपने प्राण त्याग दिए।

कचरे की समस्या का उपयुक्त समाधान पुनर्चक्रण

अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

गरीब लोग कम कचरा पैदा करते हैं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं।

भारत दुनिया में कचरा पैदा करने वाला सबसे बड़ा देश है, जहां हर साल करीब 30 करोड़ टन से भी ज्यादा सॉलिड वेस्ट पैदा हो रहा है, लेकिन हम इसका 60 फीसदी ही निस्तारित कर पाते हैं। बाकी यह इधर-उधर ही पड़े रहकर पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है। यह कचरा जल, वायु और भूतल प्रदूषण का कारण बन रहा है। देश में 75 फीसदी से ज्यादा कचरा खुले में डंप किया जाता है।

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट बताती है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे ज्यादा कचरा उत्पन्न होता है। इस मामले में दिल्ली ने मुंबई, बेंगलूरु और हैदराबाद जैसे शहरों को काफी पीछे छोड़ दिया है। इन शहरों में भी इलेक्ट्रॉनिक, प्लास्टिक जैसे कचरे को अलग-अलग करने और सही ढंग से रीसाइक्लिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इन शहरों में लैंडफिल साइट भर चुकी हैं। प्लास्टिक या कचरे को कई जगहों पर जलाया जाता है। किसी भी जगह नई लैंडफिल साइट का लोग विरोध करते हैं, क्योंकि इससे कई प्रकार का प्रदूषण होता है।

इस समय दुनिया में प्रतिवर्ष 201 करोड़ टन से ज्यादा ठोस कचरा पैदा हो रहा है। इसका एक तिहाई बेहद खतरनाक तरीके से वातावरण में फेंका जा रहा है, जो आने वाले समय में वातावरण के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक ठोस कचरे का कुल उत्पादन बढ़कर 340 करोड़ टन तक पहुंच सकता है, जो दुनिया के लिए बड़ी समस्या बनकर उभर सकता है। हालांकि पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगर इस ठोस कचरे के सही तरीके से निस्तारण की व्यवस्था की जाए तो यही कचरा एक नए विकसित उद्योग की जगह ले सकता है और यह रोजगार उपलब्ध कराने का एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। उनका कहना है कि प्रति व्यक्ति ठोस कचरे का उत्पादन सबसे ज्यादा आर्थिक स्तर पर निर्भर करता है।

गरीब लोग कम कचरा पैदा करते हैं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं। यह मात्रा 0.74 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से लेकर 4.54 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तक अलग-अलग है। विशेषज्ञों का कहना है कि ठोस कचरे यानी ठोस अपशिष्ट को ठीक से प्रबंधित या निपटाने में विफलता होने से प्रदूषण हो सकता है। ठोस अपशिष्ट को भद्दा माना जाता है और इसे सड़क के किनारे फेंकने से अप्रिय गंध आने लगती है। ठोस अपशिष्ट के अनुचित निपटान से कई समस्याएं हो सकती हैं, जैसे पर्यावरण प्रदूषण, वेक्टर-जनित बीमारियों का प्रकोप, हानिकारक ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन, भूजल का प्रदूषण, परिवहन के दौरान ध्वनि और सूक्ष्म धूल। बढ़ती आबादी, शहरीकरण और बढ़ती प्रौद्योगिकी ठोस अपशिष्ट प्रदूषण के कुछ कारण हैं। ठोस अपशिष्ट से जुड़ी इन समस्याओं से निपटने के लिए ठोस अपशिष्ट का पुनर्चक्रण सबसे अच्छा तरीका है। पुनर्चक्रण का मतलब है कि कचरे को नए या उपयोगी उत्पाद में बदलना। वहीं कचरे को सूखे और गीले कचरे के रूप में अलग करना, घर-घर जाकर कूड़ा इकट्ठा करना और छंटाई के बाद इसे प्रोसेसिंग के लिए भेजना ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रमुख घटक हैं।

असल में कचरे का निपटान पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। जनसंख्या बढ़ने से अपशिष्ट की मात्रा लगातार बढ़ी है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन चर्चा में इसलिए भी है, क्योंकि लगभग सभी देश बढ़ते कचरे के कुशलतापूर्वक निपटान की चुनौती का सामना कर रहे हैं। अगर कचरे की रीसाइक्लिंग की बात करें तो इस मामले में जर्मनी सबसे बेहतर काम कर रहा है, जो 56 फीसदी कचरे को रीसाइकिल कर देता है। इसके बाद ऑस्ट्रिया 53 फीसदी, दक्षिण कोरिया 53 फीसदी, वेल्स 52 फीसदी और स्विट्जरलैंड 49 फीसदी रीसाइक्लिंग कर देता है। इस मामले में स्वीडन, नार्वे और सिंगापुर भी अच्छा काम कर रहे हैं।

भारत में भी रीसाइक्लिंग धीरे-धीरे एक उद्योग का रूप लेता जा रहा है। देश में कई छोटे-छोटे शहर भी रीसाइक्लिंग के मामले में बेहतरीन काम कर रहे हैं। अहमदाबाद और त्रिवेंद्रम अपने यहां के कुल कचरे का बड़ा भाग रीसाइकिल कर रहे हैं। हालांकि इस क्षेत्र को एक स्थाई उद्योग का स्वरूप देने के लिए बेहतर तकनीकी और आर्थिक मदद की आवश्यकता है।

सोशल फोरम

चाबहार और अमेरिकी प्रतिबंध



सचिदानंद सिंह
मुंबई

फारसी में चाबहार का अर्थ है चार बहार यानी चार वसंत। चाबहार पत्तन पर भारत और ईरान के नए समझौते की बात आते-आते हमारा वसंत बीत चुका था, पर ईरानी पठार पर बहार अपने पूरे शबाब पर थी।

समझौते की घोषणा को सुन/पढ़कर शायद सबों के मन में ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध की बात आई होगी। साथ ही यह भी कि इस समझौते के चलते पता नहीं भारत पर अब क्या कहर गिरे। जब हम लोग यह सोचकर सिहर सके तो निश्चित ही विदेश मंत्री जयशंकर और उनके सहकर्मियों ने इसे पहले से देख रखा होगा।

यदि सब कुछ देखते हुए उन लोगों ने इस समझौते को अंजाम दिया तो निश्चित ही उन्हें कुछ और जानकारियां हैं, जो हम लोगों को नहीं हैं। एक रोचक बात यह हुई है कि समझौते की घोषणा के बाद जब एक समाचार एजेंसी ने अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट से पूछा कि इस समझौते के चलते ईरानी प्रतिबंधों के भारत पर क्या असर पड़ेंगे तो सरकारी प्रवक्ता ने बस यह कहा कि बिना इसका विस्तृत अध्ययन किए हम अभी कुछ नहीं कह सकते हैं। क्या यह संभव है कि भारत ने इस पर अमेरिका से अनौपचारिक सहमति ले ली हो? विश्व के भू-राजनैतिक विभाजन में बहुत स्पष्ट रूप से चीन, उत्तरी कोरिया और रूस एक धुरी बनकर उभर रहे हैं।

पाकिस्तान व्यावहारिक रूप से चीन का उपनिवेश बनने जा रहा है। चाबहार के विकास में अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते बहुत विलंब हो चुका है। यदि और देर होती रह गई तो चाबहार का विकास चीन के हाथों जा सकता है, जो आज भी मकरान तट पर ही चाबहार से लगभग सौ मील पूरब ग्वादर पत्तन पर पसरा हुआ है।

भारत-अमेरिका के संबंधों में आई गर्मी बस चीन के चलते हैं। चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए शायद अमेरिका ईरान पर अपने प्रतिबंधों में इस मामले में कुछ ढिलाई दे।

-फेसबुक वॉल से

त्वया हिंदु भूमे भी और मुस्लिम प्रेम भी

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस दल ने काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे को गरमाया और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि से संलग्न इस्लामिक निर्माण को अगले कार्यकाल में हटाने का एजेंडा निर्धारित किया।

समय-समय पर भाजपाई भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात करते रहे हैं और अब मुस्लिम प्रेम भी जागृत है। मेरे मित्र एक वरिष्ठ वकील एक किस्सा सुनाते थे। एक गवाह को एक नाटे आदमी को अदालत में बयान देते समय लंबा सिद्ध करना था तो वकील साहब ने बस्ते पर उसे सिखाया कि तुम बयान में कहना-'हुजूर! यों तो वे कद में कुछ छोटे थे, किंतु वह जलाल था उनके चेहरे पर कि हजारों लोगों के बीच वे लंबे नजर आते थे'। गवाह ने वैसा ही किया।

आजकल भाजपा नेताओं का भी कुछ ऐसा ही हाल है। उनके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रार्थना में ही शब्द आए हैं 'त्वया हिन्दुभूमे सुखं वर्धितोऽहम्' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी संस्था के प्रचारक रहे हैं और शाखा में यह प्रार्थना करते रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलविहारी बाजपेयी तो कवि थे। उन्होंने एक कविता लिखी थी, जो प्रसिद्ध है, 'हिंदू तन मन हिंदू जीवन रग रग हिंदू मेरा परिचय।'

वीर सावरकर ने तो 1943 में ही 'हिंदू ध्वज को अति उच्च उठाने और हिन्दू स्वयमेव एक राष्ट्र है' जैसे शब्द अपने भाषण में कहे थे। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संप्रति चल रहे चुनावों के ठीक पहले जनवरी में संविधानिक पद पर रहकर अयोध्या के राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई और यजमान बने।

इस दल ने काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे को गरमाया और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि से संलग्न इस्लामिक निर्माण को अगले कार्यकाल में हटाने का एजेंडा निर्धारित किया। 'अयोध्या तो सिर्फ झांकी है। अभी मथुरा, काशी बाकी है' के नारों की गड़गड़ाहट व्योम मंडल में गुंजरित हुई। यह सब हिंदुत्व एजेंडा ही है। बहुत समय नहीं हुआ जब कहा जाता था, 'तीन नहीं तो तीन हजार। नहीं रहेगी एक मजार'। खैर! अब चुनाव हैं तो भाजपा ने यह आस लगाई कि कुछ जुमले फेंके जाएं तो शायद धुप्पल में कुछ मुस्लिम वोट भी मिल जाए। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने 'सबका डीएनए एक' होने की बात कही। पसमांदा मुस्लिम कार्ड खेला गया।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में कहा कि बचपन में ईद में उनके पड़ोसी मुसलमानों के घर से खाना आता था। उनके अपने घर में खाना नहीं बनता था। अभी मोदी जी ने ताजा उद्घोष भुवनेश्वर में किया है कि 'भाजपा कभी मुस्लिमों के खिलाफ नहीं रही' तथा 'हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं' इत्यादि, लेकिन ऊपर तथ्य लिखे हैं वे तो दिन के उजाले की तरह सु-स्पष्ट हैं।

लोकसभा चुनाव में विचित्र सन्नाटा

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जन लोकपाल का क्या बना, वह कहीं है कि नहीं, उसकी कोई खैर-खबर नहीं मिली। सन् 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं।

लोकसभा के चुनाव में ऐसा सन्नाटा पहले कभी नहीं देखा। सन् 1952 मुझे अपने बचपन की याद है, जब किशोरी रमन कॉलेज की फील्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू आए थे। गली मोहल्ले के नर-नारी टोल के टोल बनाकर बड़े चाव से वहां पंहुचे थे। मेरी बुआ मुझे अपने साथ ले गई थीं, वहां मैंने अपने मोहल्ले के गोविंद रसिकजी को पहचान लिया था। गोविंद रसिक जी ने हम लोगों को मंच के नीचे बैठा दिया था और कुछ तो समझ में आना ही नहीं था, किंतु वहां से मैंने जवाहर लाल नेहरू को देखा और इतनी बड़ी सभा पहली बार देखी।

यह भारत के जनतंत्र का पहला चुनाव था। तब से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं, वे सब मेरी यादों में हैं। मैं बालक ही था, जब अटलजी मथुरा से चुनाव लड़े थे। शरद नामक मेरा सहपाठी मुझे बतलाया करता था कि कौन सी पार्टी अच्छी है। मोहल्लों में तान के अखाड़े खड़े होते थे और बाजार में डंडे शाही निकलती थी। एक लाइन याद है, पता नहीं, वह कौन से प्रत्याशी की ओर से गाई गई थी। पक्का इरादा कर के अखाड़े में कूदे हैं कस के लंगोट। हिम्मत से सबको हरा के दिखा देंगे आवेगी जो कोई जोट। पार्टी में तो किसी में गया नहीं, गृहस्थी का भार था, किंतु बालकपन से लेकर अब तक जनतंत्र की इस प्रक्रिया का साक्षी जरूर रहा। जनता पार्टी बनी थी, तब राम राम की जगह "जय जनता की," अभिवादन पद बन गया था। लोग मिलते थे, "जय जनता की।" अन्ना के आंदोलन में तो जनता उठकर खड़ी हो गई थी, इतनी चर्चा, इतनी चर्चा कि कुछ पूछो मत। हालांकि जनता एक बार फिर अपने को ठगा महसूस कर रही थी।

जन लोकपाल का क्या बना, वह कहीं है कि नहीं, उसकी कोई खैर-खबर नहीं मिली। सन् 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं। आज भरोसा कोई करे भी तो किस पर करे? बात तो ठीक है, सबको देख लिया है, किंतु समष्टिभाव और समष्टि प्रक्रिया पर तो विश्वास है ही। इसलिए सोच लेता हूं कि जो भी होगा, अच्छा ही होगा, लेकिन एक अंतर देख रहा हूं। अबकी बार लोग चुप हैं। मीडिया पर जो कोलाहल हो रहा है, उसे तो सभी देख ही रहे हैं। गली मोहल्ले में, पार्क में लोग मिलते तो हैं, लेकिन खुलकर कुछ भी नहीं कहते। जनतंत्र का आधार है जनता का विमर्श और इस बार वह विमर्श गायब है, एक विचित्र सन्नाटा है।

भाजपा पर पिछली बार से आगे बढ़ने का दबाव

अमृत विचार। छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट पड़ेंगे। 2019 के चुनाव में इन 58 सीटों में भाजपा ने 40 सीटें जीत ली थीं। बसपा और बीजद ने चार-चार, टीएमसी और जद यू ने तीन-तीन, लोजपा, आजसू और नेशनल कॉफ्रेंस ने एक-एक सीट जीती थी। इनके अलावा सपा ने भी एक सीट आजमगढ़ की जीती थी, लेकिन बाद में हुए उपचुनाव में वह इस सीट पर हार गई थी। इस तरह सपा का स्कोर शून्य और भाजपा की जीती हुई सीटों की संख्या 41 हो गई थी। इस चरण के लोकसभा चुनाव में पिछली बार कांग्रेस के साथ ही राजद, आम आदमी पार्टी या वामपंथी दलों का खाता तक नहीं खुला था। भाजपा ने हरियाणा और दिल्ली में सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी को हरियाणा और दिल्ली में अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने तो उत्तर प्रदेश की 14 सीटों समेत पं. बंगाल और ओडिशा में 2019 की सफलता से आगे निकलने का भारी दबाव है।

स्कोर कार्ड-2019

भाजपा	41
बसपा	04
बीजद	04
टीएमसी	03
जद (यू)	03
लोजपा	01
आजसू	01
नेशनल कॉन्फ्रेंस	01

06 चरण का मतदान शनिवार को होगा

08 आठ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश

58 लोकसभा सीटों पर पड़ेंगे वोट

14 सीटों पर यूपी में 162 उम्मीदवार

झारखंड में एनडीए के सामने चारों सीटें बचाने की चुनौती

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा तीन, आजसू एक लोकसभा सीट पर मैदान में तो कांग्रेस और झामुमो दो-दो सीटों पर लड़ रहे चुनाव

अमृत विचार। झारखंड की चार लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरीडीह में 25 मई को मतदान होगा। पिछली बार एनडीए की तरफ से गिरडीह आजसू जीतने में सफल रही थी, बाकी तीन सीटों पर भाजपा जीती थी। इस बार भी आजसू गिरडीह और बाकी तीन सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस और झामुमो दो-दो सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। झामुमो अपने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के मुद्दे पर सहानुभूति लेने में जुटी है। ऐसे में भाजपा-आजसू के सामने अपनी सीटों को बचाए रखने की चुनौती है।

जमशेदपुर में भाजपा के सामने हैट्रिक की चुनौती

- जमशेदपुर सीट पर भी एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला है। भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, तो झामुमो विधायक समीर मोहंती ने अपनी जीत के लिए कड़ी मेहनत की है। दोनों प्रत्याशी बहरागोड़ा से विधायक रह चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में विद्युत वरण महतो और समीर मोहंती में मित्रवत संबंध थे, लेकिन 2019 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद समीर मोहंती इस बार लोकसभा चुनाव में विद्युत वरण महतो के सामने हैं। उधर, बहरागोड़ा से विधायक रहते विद्युत वरण महतो ने जमशेदपुर से 2014 का लोकसभा चुनाव जीता था। भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा कर गए हैं। समीर मोहंती के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कल्पना सोरेन रैली कर चुकी हैं।

गिरीडीह के दो विधानसभा क्षेत्रों में पड़ेंगे वोट

- गिरीडीह सीट के चार विधानसभा क्षेत्रों बगोदर, राजधनवार, जमुआ और गांडेय में 20 मई को वोट पड़ चुके हैं। 25 मई को गिरीडीह और डुमरी विधानसभा क्षेत्र के करीब छह लाख मतदाता वोट डालेंगे। यहां एनडीए से आजसू के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का मुकाबला इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी और टुंडी के विधायक मथुरा महतो से है। निर्दलीय जयराम महतो संघर्ष त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं।

रांची में कांग्रेस का आदिवासी-अल्पसंख्यक दांव

- झारखंड की राजधानी रांची सीट पर भाजपा सांसद संजय सेठ और कांग्रेस की यशस्विनी सहाय के बीच सीधा मुकाबला है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के देवेंद्रनाथ महतो ग्रामीण इलाकों में दौड़-भाग कर रहे हैं। कांग्रेस आदिवासी-अल्पसंख्यक मतदाताओं को गोलबंद करने में लगी है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और काम पर वोट मिलने का भरोसा है। मोदी और अमित शाह के रोड शो के बाद भाजपा उत्साह से लबरेज है, तो प्रियंका गांधी की सभा में जुटी भीड़ से कांग्रेस को जीत की उम्मीद है।

धनबाद में भाजपा-कांग्रेस दोनों में भितरघात

- धनबाद में भाजपा-कांग्रेस में सीधी जंग है। यहां भाजपा उम्मीदवार बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो को मौजूदा सांसद पीएन सिंह का टिकट कटने से राजपूत समाज की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। कुछ स्थानीय नेताओं से भितरघात का भी खतरा है। ऐसे में ढुल्लू महतो को मोदी की गारंटी और कमल निशान से ही जीत की आस है। उधर, कांग्रेस से चुनावी मैदान में उतरीं बेरमो के विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को भी भितरघात का डर सता रहा है। जो दिग्गज कांग्रेस नेता धनबाद से टिकट की आस में थे, वे या तो घर बैठ गए हैं या विरोध कर रहे हैं। धनबाद के पूर्व कांग्रेस सांसद और मजदूर नेता चंद्रशेखर दुबे की नाराजगी सार्वजनिक है। लेकिन झरिया की कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और बाघमारा के पूर्व विधायक जलेश्वर महतो के अलावा कई नेता अनुपमा सिंह के साथ मजबूती से खड़े हैं। झामुमो और राजद का समर्थन है।



बंगाल की आदिवासी बेल्ट में फिर लहराएगा भगवा !

रोचक हुआ संघर्ष

- पिछली बार छठे दौर की भाजपा ने पांच और टीएमसी ने तीन सीटें जीती थीं

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। 2019 के लोकसभा चुनाव नतीजों के अनुसार पश्चिम बंगाल में छठे दौर की आठ सीटों में भाजपा ने पांच सीटें और तीन सीटें टीएमसी ने जीती थीं, जाहिर है इस चरण में भाजपा के सामने अपनी पांचों सीटें बचाने के साथ टीएमसी से एक या दो सीटें छीनने का लक्ष्य है। इसके चलते हर सीट पर रोचक संघर्ष हो रही है।

शनिवार को मतदान वाली सीटें राज्य में आदिवासी बेल्ट का हिस्सा है यहां संथाल जो राज्य की सबसे अधिक आबादी वाली जनजाति है, बांकुरा, पुरुलिया और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में निवास करती है। मुंडा जनजाति पुरुलिया और पश्चिम मेदिनीपुर के पहाड़ी इलाकों में रहती है, जबकि ओरांव या कुरुख जनजाति पुरुलिया के मैदानी इलाके में रहती है।

घाटल में दो अभिनेताओं के बीच छिड़ा रहा घमासान

- घाटल लोकसभा सीट से टीएमसी के सासंद बंगाली सिने स्टार दीपक अधिकारी (देव) हैं। 2019 में देव ने भाजपा से चुनाव लड़ीं पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष को एक लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। 2014 में उन्होंने सीपीआई के संतोष राणा को हराया था। अभिनेता दीपक अधिकारी देव इस बार चुनाव लड़ने के लिए अनिच्छुक थे, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें मना लिया। इस बार देव का मुकाबला एक अन्य फिल्म अभिनेता भाजपा के हिरन चटर्जी और सीपीआई के तपन गांगुली से है, जिन्हें कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है।

झारग्राम जीतने के लिए टीएमसी ने भाजपा सांसद को तोड़ा

- झारग्राम लोकसभा सीट 2019 में भाजपा के कुंअर हेम्ब्रम ने टीएमसी के बीरबाहा सरीन को हराकर जीती थी। लेकिन उन्होंने बिना कोई कारण बताए मार्च की शुरुआत में इस्तीफा दे दिया था और अब टीएमसी का दामन थाम चुके हैं। टीएमसी ने 2014 में यह सीट माकपा से हासिल की थी लेकिन 2019 में हार गई थी। भाजपा ने इस बार झारग्राम से प्रणत टुडू को मैदान में उतारा है, जो टीएमसी के कालीपद सोरेन और माकपा के सोनामणि मुर्मू (टुडू) के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। 2021 के विधानसभा चुनाव में झारग्राम की सभी सात विधानसभाएं टीएमसी ने जीत ली थीं।

तामलुक में 'खेला होबे' के रचयिता की पूर्व जज से हुई टक्कर

- तामलुक लोकसभा सीट पूर्व मेदिनीपुर जिले में है। यह सीट मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विधानसबा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बीच प्रतिष्ठा का सवाल बनी है। 2019 में यहां से टीएमसी के दिव्येंदु अधिकारी जीते थे। इस बार ममता बनर्जी ने टीएमसी युवा विंग के 'खेला होबे' गाने से प्रसिद्ध हुए देबांग्शु भट्टाचार्य को उतारा है। उनका मुकाबला भाजपा के अभिजीत गंगोपाध्याय से है जिन्होंने हाल ही में न्यायिक पद से इस्तीफा दिया था। वह टीएमसी के प्रखर आलोचक हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शिक्षक भर्ती घोटाले सहित महत्वपूर्ण मामलों में निर्णय दिए हैं। इस सीट पर कांग्रेस- वाम मोर्चा गठबंधन से माकपा के शायन बनर्जी प्रत्याशी हैं। 2019 में जीते टीएमसी के दिव्येंदु अधिकारी ने 2016 में हुए उपचुनाव में माकपा की मंदिरा पांडा को पांच लाख वोटों से हराया था। सासंद सुवेंदु अधिकारी के विधायक बनने और भाजपा के साथ जाने पर यहां उपचुनाव हुआ था। 2021 के विधानसभा चुनावों में इस लोकसभा क्षेत्र के सात विधानसभा क्षेत्रों में तीन पर भाजपा और चार में टीएमसी जीती थी।

मेदिनीपुर में फैशन डिजाइनर और अभिनेता में छिड़ी रही वोटों की जंग

- मेदिनीपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा नेता दिलीप घोष करते थे, जो अब बर्धमान-दुर्गापुर से चुनावी मैदान में उतरे हैं। 2019 में उन्होंने टीएमसी के मानस भुनिया को लगभग 89,000 वोटों से हराया। 2014 में एक्टर संध्या रॉय ने सीपीआई से टीएमसी के लिए यह सीट जीती थी। इस बार यहां फैशन डिजाइनर से नेता बनीं अग्नि मित्रा पॉल को भाजपा ने टीएमसी के अभिनेता जून मालिया और सीपीआई के बिप्लब भट्टा के खिलाफ मैदान में उतारा है। साल 1989 से 2001 के बीच सीपीआई के इंद्रजीत गुप्ता ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था।

कांथी में अधिकारी परिवार को बचाना है इस बार अपना गढ़

- कांथी लोकसभा सीट को अब अधिकारी परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां 2009 से टीएमसी के शिशिर अधिकारी सांसद हैं। इस बार कांथी से तीन बार के टीएमसी सांसद सौमेंदु अधिकारी इस बार भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। टीएमसी ने स्थानीय नेता उत्तम बारिक को उतारा है, जबकि कांग्रेस-वामपंथी गठबंधन से कांग्रेस नेता उर्बशी भट्टाचार्य चुनौती दे रही हैं। टीएमसी उम्मीदवार शिशिर अधिकारी ने 2019 में भाजपा के देबाशीष सामंत को 1.1 लाख वोटों से हराया था। 2014 में उन्होंने माकपा के तापस सिन्हा को लगभग 2.3 लाख वोटों से हराया था। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां के सात विधानसभा क्षेत्रों में से तीन पर टीएमसी ने जीत हासिल की थी, चार सीटें भाजपा को मिली थीं।

पुरुलिया में फिर से कमल खिलाने का मौका

- पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र में 2019 में भाजपा के ज्योतिर्मय सिंह महतो ने टीएमसी के मृगांका महतो को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। भाजपा ने उन्हें फिर से मैदान में उतारा है जबकि टीएमसी से इस बार शांतिराम महतो उनका मुकाबला कर रहे हैं। वह ममता बनर्जी कैबिनेट में मंत्री हैं। इस सीट पर कांग्रेस के नेपालदेव महतो किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि यह उन सीटों में एक है जहां वाम मोर्चा के साथी फॉरवर्ड ब्लॉक ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां की पांच विधानसभा सीटें भाजपा और दो टीएमसी ने जीती थीं।

बांकुड़ा में मोदी सरकार के मंत्री दूसरी जीत को प्रयासरत

- बांकुड़ा लोकसभा सीट 2019 में भाजपा द्वारा जीती गई 18 सीटों में शामिल थी। यहां भाजपा के सुभाष सरकार ने टीएमसी के सुब्रत मुखर्जी को 1.7 लाख से अधिक वोटों से हराया था। पेशे से चिकित्सक सुभाष सरकार नरेंद्र मोदी की सरकार में राज्य मंत्री हैं। भाजपा ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा है। टीएमसी ने उनके सामने अरूप चक्रवर्ती को मैदान में उतारा है। माकपा से चुनाव लड़ रहे नीलांजन दासगुप्ता कांग्रेस के समर्थन से त्रिकोणीय संघर्ष बनाने के प्रयास में लगे हैं। इस लोकसभा सीट के सात विधानसभा क्षेत्रों में 2021 में चार भाजपा और तीन टीएमसी ने जीती थीं।

बिष्णुपुर में तिकोने संघर्ष में फिर जीत पाएंगी भाजपा

- बिष्णुपुर लोकसभा क्षेत्र में 2019 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार सौमित्र खान ने टीएमसी के श्यामल संतरा को हराया था। 2014 में टीएमसी ने यह सीट माकपा से जीती थी। इस बार भाजपा ने सौमित्र खान पर फिर अपना भरोसा जताया है, जिनका मुकाबला टीएमसी की सुजाता मंडल और माकपा की शीतल कोइबोर्ती से हुआ है। यहां तिकोना मुकाबला नजर आ रहा है। इस सीट के विधानसभा क्षेत्रों में एक पूर्व बर्धमान में है, और अन्य छह बांकुरा जिले में हैं। 2021 में चार सीटें टीएमसी और तीन भाजपा ने जीती थीं।

ओडिशा में छठे चरण के चुनाव पर संबित विवाद का साया

चुनाव डेस्क

- राज्य में छह लोकसभा सीटों के साथ शनिवार को 42 विधानसभा क्षेत्रों में भी वोट डाले जाएंगे

पुरी से भाजपा प्रत्याशी संबित पात्रा।

अमृत विचार। ओडिशा में छठे चरण में छह लोकसभा सीटों संबलपुर, कयोंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर पर मतदान होगा 2019 में भाजपा इन छह में दो सीटें जीतने में सफल रही थी। बीजद ने चार सीटें जीती थीं। राज्य में इसी के साथ इन लोकसभा सीटों के 42 विधानसभा क्षेत्रों में भी वोट डाले जाएंगे।

प्रचार खत्म होने तक यहां पुरी से भाजपा प्रत्याशी संबित पात्रा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रभु जगन्नाथ को लेकर जुबान फिसलने का मुद्दा छाया रहा। हालांकि विगत दिवस अखबारों में विज्ञापन देकर और सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए संबित की ओर से बिना शर्त माफी मांगते हुए अनजानी गलती के लिए गहरा खेद जताया जा चुका है। लेकिन विवाद अभी थमा नहीं था कि बात आगे बढ़ गई है। अब संबित के एक विज्ञापन पर बवाल छिड़ गया है। बीजद ने संबित द्वारा भाजपा के चुनाव चिह्न कमल के साथ प्रभु जगन्नाथ की तस्वीर का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। 2019 के चुनाव में पुरी सीट पर बीजद की पिनाकी मिश्रा जीती थीं। उन्हें 5,38,321 वोट मिले थे, जबकि भाजपा से संबित पात्रा 5,26,607 वोट पाकर हार गए थे। हालांकि इस बार संबित को पुरी में भाजपा की पहली जीत का भरोसा है। यहां उनका मुकाबला मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त अरूप पटनायक से है जो बीजद के मजबूत कैडर के आधार पर अपनी जीत पक्की मान रहे हैं।

उधर, राजधानी भुवनेश्वर में 2019 के चुनाव में भाजपा की अपराजिता सारंगी की जीत राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का प्रतीक मानी गयी थी। उन्होंने बीजद के अरूप मोहन पटनायक को 23,839 वोटों से हराया था। भाजपा ने अपराजिता को फिर से मौका दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के यासिर नवाज और बीजद के मन्मथ राउतराय से हुआ है। एक और प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र कटक बीजद का मजबूत किला है। यहां 1998 के लोकसभा चुनाव में बीजद के भर्तृहरि महताब ने जीत हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 में यह सीट जीती है। 2014 में भर्तृहरि महताब ने कांग्रेस द्वारा अभिनेत्री अपराजिता मोहंती को मैदान में उतारने के बावजूद जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में भी उन्होंने सीट बरकरार रखी। इस बार भी बीजद से भर्तृहरि महताब चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के सुरेश महापात्र, कांग्रेस से प्रमोद कुमार मल्लिक और बीजद के संतृप्त मिश्र से उनका मुकाबला हुआ है।

महबूबा को मियां अल्ताफ और जफर मन्हास की कड़ी चुनौती

चुनाव डेस्क

- अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर भी जबर्दस्त प्रचार के चलते रिकार्ड तोड़ मतदान की उम्मीद

पीडीपी नेता पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती।

अमृत विचार। छठे चरण में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर भी श्रीनगर और बारामुला लोकसभा सीट की तरह रिकार्ड तोड़ मतदान की उम्मीद है। इसकी वजह यहां प्रचार के अंतिम दौर में लगी रही नेताओं की भीड़ है। फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, गुलाम नबी आजाद और अल्ताफ बुखारी जैसे बड़े नेताओं ने यहां रोज रोड शो और सभाएं की हैं। महबूबा बीते दो दिनों से राजौरी और पुंछ में डेरा जमाए रही हैं, तो उनकी बेटी इल्तिजा भी उनके लिए प्रचार में जुटी रही हैं। 2019 में यह सीट नेशनल कॉन्फ्रेंस जीतने में सफल रही थी। धारा 370 हटने और नए परिसीमन के बाद इस सीट पर यह पहला चुनाव है, ऐसे में पिछले नतीजे के आधार पर भी कोई भी कयास लगाना बेमानी है।

अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती चुनाव लड़ रही हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार और गुज्जर नेता मियां अल्ताफ और अपनी पार्टी के जफर इकबाल खान मन्हास से उन्हें कड़ी चुनौती मिली है। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के नेता मोहम्मद सलीम पर्रा के अलावा 10 निर्दलीय भी यहां किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसे क्षेत्रीय दलों के एकाधिकार समाप्त करने के लिए पहाड़ी जनजाति के मतदाताओं पर फोकस किए है, इस सीट अपनी पार्टी के जफर मन्हास का समर्थन कर रही है।

पूर्वांचल में भाजपा ने चौहान मतदाता साधकर सात सीटों पर किया खेला

विनय जायसवाल, मऊ

- जनवादी पार्टी के साथ आने से भाजपा को कड़े मुकाबले वाली सीटों पर बढ़त के आसार
- सुभासपा और जनवादी पार्टी के साथ सपा के गठबंधन से पिछली बार बिगड़ गया था खेल

जनवादी पार्टी नेता संजय सिंह चौहान।

अमृत विचार। पूर्वांचल की राजनीति में चुनाव के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। जनवादी पार्टी के भाजपा के साथ आने से घोसी, गाजीपुर और आसपास की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को लाभ मिलने के आसार हैं। पिछले विधानसभा चुनाव सुभासपा और जनवादी पार्टी के समाजवादी पार्टी के साथ होने से भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। सुभासपा पहले से ही भाजपा के साथ है और अब जनवादी पार्टी प्रमुख संजय सिंह चौहान के जुड़ने से पिछड़ी जाति में आने वाले चौहान (नोनिया) जाति के मतदाताओं को साधने में भाजपा को आसानी हो सकती है।

संजय चौहान को इस जाति का बड़ा नेता माना जाता है। आजमगढ़, घोसी, गाजीपुर, भदोही, चंदौली, जौनपुर, मछलीशहर आदि सीटों पर इस जाति के मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या है। 2019 के चुनाव में जनवादी पार्टी का सपा से गठबंधन था। संजय सिंह चौहान सपा के चुनाव निशान पर चंदौली सीट से मैदान में उतरे थे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को कड़ी टक्कर दी थी। इस सीट पर उन्हें महेंद्र नाथ पांडेय से 13,959 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। तब सुभासपा भी भाजपा के साथ नहीं थी। विधानसभा चुनाव में भी दोनों दल सपा के साथ थे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर की राजभर मतदाताओं पर अच्छी खासी पैठ है तो संजय सिंह चौहान को नोनिया चौहान जाति का प्रभावशाली नेता माना जाता है।

हालांकि भाजपा पहले फागू चौहान के सहारे नोनिया जाति के मतदाताओं को साधती रही। बाद में दारा सिंह चौहान आए तो उनके भरोसे इस तबके को साधने का प्रयास किया गया लेकिन अच्छा परिणाम न आता देख पार्टी ने संजय सिंह चौहान को साथ ले लिया। संजय सिंह चौहान सपा के सिंबल पर घोसी सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन सपा ने यहां राजीव राय को मैदान में उतार दिया। इससे वे नाराज हो गए और अब भाजपा के साथ चले गए।

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 880।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2065, राज श्री 1390, फ्रॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1940, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1880, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1885, स्वास्तिक 2035, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-23500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7425-7700, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8100, लाल हिंदुस्तान 8200, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8700, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 15000, अरहर पटका मोटा 15500, अरहर कोरा मोटा 15800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17400, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

आरबीआई लाभांश से घाटा कम होने पर भारत को मिलेगा रेटिंग समर्थन

रिजर्व बैंक के फैसले को लेकर एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग के विश्लेषक ने कही बात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत अगर राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड लाभांश का उपयोग करता है, तो उसे आने वाले समय में 'रेटिंग समर्थन' मिल सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग के एक विश्लेषक ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

आरबीआई के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने का फैसला किया है। यह अबतक का सर्वाधिक लाभांश है। यह बजट में जताए गए 1.02 लाख करोड़ रुपये के अनुमान से दोगुने से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। एसएंडपी ग्लोबल रेटंग्स के विश्लेषक यीफर्न फुआ ने कहा- आरबीआई से अतिरिक्त लाभांश सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 0.35 प्रतिशत है। यह वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद करेगा या नहीं, यह वास्तव में अंतिम बजट पर निर्भर करेगा। यह जून के चुनाव परिणामों के बाद पारित किया जाएगा। इस साल फरवरी में संसद में पेश अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई के अधिक लाभांश से घाटे में कमी कुछ बातों पर निर्भर है। अंतिम बजट में विनिवेश जैसे क्षेत्रों से राजस्व प्राप्ति कम रहती या व्यय मद में अतिरिक्त आवंटन होता है तो आरबीआई के अतिरिक्त लाभांश से घाटे में बहुत ज्यादा कमी नहीं आएगी।

पिछले साल एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की रेटिंग 'बीबीबी-' रखी थी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने पिछले साल मई में ने वृद्धि पर स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग 'बीबीबी-' रखी थी। इसके साथ कमजोर वित्तीय प्रदर्शन और प्रति व्यक्ति कम जीडीपी को जोखिम के रूप में चिह्नित किया था। 'बीबीबी-' निवेश को लेकर सबसे निचले स्तर की रेटिंग है। तीनों वैश्विक रेटिंग एजेंसियों - फिच, एसएंडपी और मूडीज - ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत को सबसे कम निवेश स्तर की रेटिंग दी हुई है। निवेशक किसी देश में निवेश करते समय रेटिंग पर गौर करते हैं।

रिलायंस कैपिटल ने समाधान योजना लागू करने के लिए और समय मांगा

नई दिल्ली। कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के प्रशासक ने कर्ज समाधान योजना लागू करने की समयसीमा 90 दिन आगे बढ़ाने की एनसीएलटी से मोहलत मांगी है। स्वीकृत समाधान योजना के कार्यान्वयन की समयसीमा 27 मई, 2024 तय की गई थी। रिलायंस कैपिटल के लिए हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल ने सफल बोली लगाई थी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता, 2018 की धारा 60(5) के तहत राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से समयसीमा को 90 दिन के लिए बढ़ाने की अपील करने वाली एक अर्जी दाखिल की गई है। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने 27 फरवरी को कर्ज समाधान योजना को मंजूरी दी थी।

सोने में 1,050 और चांदी की कीमत में 2,500 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे में आक्रामक रुख दिखने के बाद सोने में तेज गिरावट आई। ब्योरे से संकेत मिलता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारी ब्याज दरों में कटौती करने की जल्दी में नहीं हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ, चांदी की कीमत भी 2,500 रुपये औंधे मुंह लुढ़कते हुए 92,600 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 95,100 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से मंदी के संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,375 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 42 डॉलर कम है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	92,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,500
गिन्नी (प्रति नग)	55,500-55,700

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	74,350
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	74,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,000
चांदी तैयार	90,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	73,900
सोना जेवरात गिन्नी	72,900
चांदी पक्की	894 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	73,150
चांदी आभूषण	89,000।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 70 मसूरी 53 अंगूरी 65 बासमती 98, **दाल दलहन**-काला चना 120 साबुत चना दाल 65-87 मूंग साबुत 94 राजमा 158 दाल उड़द 125 साबुत मसूर दाल 68 मसूर दाल 72 उड़द साबुत 120 काबुली चना 63 अरहर दाल 155 लोबिया/करमानी 73-81 सोयाबीन 40 मूंगफली 74 मटर (सूखी) 61 मक्का 16-18 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी: 60से 70 चना कावली: 90 से 130 राजमा लाल: 130 से140 राजमा चित्ता: 125 से 130 लोबिया लाल: 90से 110 रुपये।

भंडारण मुश्किल, सरकारी खरीद को भाव नहीं दे रहा गेहूं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **प्रदेश में 6,441 केंद्रों पर महज 9,07,477 मीट्रिक टन हुई गेहूं खरीद**

अमृत विचार : बढ़े बाजार भाव के कारण इस बार भी सरकारी गेहूं खरीद कार्य समय से पहले बंद होने वाला है। आवक न होने से सरकार के लिए किसानों से लक्ष्य के मुताबिक गेहूं खरीदना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए भंडारण करना मुश्किल है।

प्रदेश में 1 मार्च से 22 मई तक 6,441 केंद्रों पर महज 9,07,477 मीट्रिक टन (15.12 प्रतिशत) गेहूं खरीद हुई है। जबकि लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन है। 43 केंद्रों पर बोहनी तक नहीं हुई है। कारण केंद्रों पर समर्थन मूल्य 2,275 रुपये प्रति क्विंटल है और बाजार में व्यापारी 2300-2400 रुपये में सीधे गांव-गांव गेहूं खरीद रहे हैं। खरीद जून तक होगी लेकिन, आवक न होने के कारण समय से पहले केंद्र दम तोड़ गए हैं। वर्ष 2023-24 में हालात इससे भी खराब थे। 22 मई तक 60 लाख मीट्रिक टन में 2,09,706 मीट्रिक टन गेहूं ही खरीदा गया था। उस समय 2,800 रुपये प्रति क्विंटल तक बाजार भाव था। इसी उम्मीद में किसान अधिक मुनाफे के चक्कर में गेहूं घरों पर रोक रखे हैं तो व्यापारी भी डंप करने में पीछे नहीं हैं।

यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण बिगड़े हालात: गेहूं का बाजार भाव बढ़ना यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध वजह बताई जा रही है। यूक्रेन गेहूं का अधिक उत्पादन कर अन्य देशों में निर्यात करता है। जो युद्ध के कारण 2022 से नहीं कर सका। उस समय पूर्ति भारत से की गई थी। इस वजह से वर्ष 2022-23 में बाजार भाव 3 हजार से 3200 रुपये प्रति क्विंटल तक रहा और खरीद 60 लाख मीट्रिक टन में महज 3.35 लाख मीट्रिक टन हो पाई। यही हालात वर्ष 2023-24 में होने के कारण 2.19 लाख मीट्रिक टन खरीद हुई। जबकि युद्ध से पहले 2021-22 में 56.41 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया था। जानकारों की मानें तो पिछले वर्ष हालातों को देखते हुए गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई गई थी।

राशन वितरण में घटता गया गेहूं: गेहूं खरीद का असर राशन वितरण प्रणाली पर पड़ना बताया जा रहा है। इस वजह से कार्डों पर गेहूं की मात्रा घटती जा रही है। पहले पात्र गृहस्थी पर प्रति यूनिट 3 किलो गेहूं व 2 किलो चावल मिलता था, जो संशोधन कर 2 किलो गेहूं व 3 किलो चावल किया गया। इसके बाद गेहूं 1 किलो गेहूं, 2 किलो चावल व 2 किलो बाजरा किया गया। इसी तरह अंत्योदय कार्ड पर पहले 20 किलो गेहूं व 15 किलो चावल मिलता था। जो 21 किलो चावल व 14 किलो गेहूं किया गया। इसके बाद 14 किलो गेहूं व 14 किलो चावल व 7 किलो बाजरा (मोटा अनाज) मिलने लगा। हालांकि इसे मोटे अजान को बढ़ावा देना बताया जा रहा है।

वहीं राजीव मिश्रा, अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य एवं रसद विभाग ने बताया कि किसानों को बाजार में अच्छे भाव मिल रहे हैं। इस वजह से खरीद कम हो रही है। लक्ष्य पूर्ति के प्रयास जारी हैं। खाद्यान वितरण के भंडारण के लिए एफसीआई इंतजाम करती है।

राष्ट्रीय

स्वाति मालीवाल बोलीं-मैं पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार

राज्यसभा सांसद ने साक्षात्कार में आपबीती सुनाई, बिभव ने पता नहीं किसके इशारे पर मुझे 7-8 थप्पड़ मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एक साक्षात्कार में 13 मई को अपने साथ हुई आपबीती सुनाई। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि मैंने किसी को क्लीन चिट नहीं दी है। घटना के दिन अरविंद केजरीवाल घर पर मौजूद थे। साथ ही उन्होंने राज्ससभा सीट छोड़ने पर भी दो टूक जवाब दिया। इसी बीच उनके पीए बिभव कुमार वहां आए और मुझे गालियां देने लगे थे। बिभव ने कहा तेरी औकात क्या है। उन्होंने पता नहीं किसके इशारे पर मुझे 7-8 थप्पड़ मारे थे। मैंने पुलिस को फोन किया। उन्होंने 50 सेकंड का एक छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो वायरल कर दिया, उन्होंने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। मुझे पता है कि उन्होंने दो वीडियो वायरल किए हैं। सांसद ने कहा कि मैं पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार हूं।

स्वाति मालीवाल ने कहा कि जब केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने उन पर हमला किया तो उस वक्त मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल घर में मौजूद थे। इससे पहले केजरीवाल ने कहा था कि घटना वाले दिन वह घर पर नहीं थे। मुझे बताया गया था कि सीएम केजरीवाल घर पर हैं। वह मुझसे मिलने आ रहे हैं। मैं मदद के लिए चिल्ला रही थी। लेकिन कोई मेरी मदद के लिए नहीं आया था।

वहीं स्वाति मालीवाल ने कहा कि निर्भया से पूछा गया था कि उसने ऑटो से यात्रा क्यों नहीं की, वह रात में बाहर क्यों गई और दिन में क्यों नहीं? विक्टिम शेमिंग हर महिला के साथ होती है।

आपकी लड़ाई मुझसे, मेरे माता-पिता को निशाना क्यों बना रहे हैं: केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि उनके बुजुर्ग एवं बीमार माता-पिता को उन्हें 'तोड़ने' के लिए निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसा करके सारी हदें पार कर दी हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके पास प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक संदेश है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से उनके माता-पिता को परेशान करना बंद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा- मेरे पास मोदी के लिए एक संदेश है। आपने मेरे विधायकों को गिरफ्तार किया लेकिन मैं नहीं टूटा। आपने मेरे मंत्रियों को गिरफ्तार कर लिया लेकिन आप मुझे झुका नहीं सके।

पुलिस ने मारपीट मामले में केजरीवाल के माता-पिता से पूछताछ टाली

दिल्ली पुलिस आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के माता-पिता से पूछताछ करने बृहस्पतिवार को केजरीवाल के आवास पर नहीं जाएगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केजरीवाल ने बुधवार को कहा था कि पुलिस बृहस्पतिवार को उनके बूढ़े और बीमार माता-पिता से पूछताछ करने आएगी। पुलिस इस मामले में केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। सूत्रों ने कहा कि पुलिस आने वाले दिनों में पूछताछ के लिए केजरीवाल के आवास जा सकती है लेकिन वह बृहस्पतिवार को वहां नहीं जा रही। सूत्रों ने बताया कि पुलिस आने वाले दिनों में केजरीवाल से भी पूछताछ कर सकती है। वहीं केजरीवाल ने कहा था कल पुलिस ने फोन करके मेरे माता-पिता से पूछताछ के लिए वक्त मांगा था।

दवाओं की अनुपलब्धता से संबंधित जनहित याचिका पर कार्यवाही बंद

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजन बाबू फेफड़े एवं क्षय रोग संस्थान में दवाओं की कथित अनुपलब्धता से संबंधित एक जनहित याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी है। अदालत को सूचित किया गया है कि शहर में मौजूदा भंडार कुछ सप्ताह तक चलेगा और शेष आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद अदालत ने याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी। केंद्र सरकार और दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक ने अदालत में हलफनामा दायर किया जिसमें दिल्ली के भंडारण गृहों में दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ उनकी आपूर्ति का विवरण दिया गया है। इस साल की शुरुआत में दायर अपनी जनहित याचिका में एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट' ने आरोप लगाया था कि अस्पताल में एकमात्र अल्ट्रासाउंड मशीन काम नहीं कर रही है।

ठाणे में रसायन कारखाने में विस्फोट, 7 लोगों की मौत

ठाणे जिले के डोंबिवली में एक रसायन फैक्ट्री में बॉयलर विस्फोट के कारण लगी आग को बुझाने की कोशिश करते अग्निशमन कर्मी। ● एजेंसी

मुंबई, एजेंसी

- **विस्फोट के बाद लगी भीषण आग, 48 अन्य घायल**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रसायन बनाने वाले एक कारखाने में बृहस्पतिवार अपराह्न विस्फोट होने के बाद आग लग गई, जिसके कारण कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 48 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक डोंबिवली में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र के फेज-दो में स्थित अमुदान केमिकल कंपनी के एक बॉयलर में अपराह्न करीब 1.40 बजे विस्फोट होने से भीषण आग लग गई और आस-पास के कारखानों में भी फैल गई। कल्याण के तहसीलदार सचिन शेजल ने कहा कि घटनास्थल से अब तक बरामद किए गए चार शव इतने जले हुए हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल है।

महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में जान गंवाने वाले लोग आस-पास के संयंत्रों में काम कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-दुर्भाग्य से, डोंबिवली घटना में 7 लोगों की जान चली गई, और 48 घायल हो गए। उन परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने कहा-घायलों का इलाज एम्स, नेप्च्यून और ग्लोबल अस्पतालों में किया जा रहा है और हर तरह की सहायता प्रदान की जा रही है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। बचाव कार्य के लिए विभिन्न टीम और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर हैं।

एक नजर

हरियाणा में पकड़ी गई 75 करोड़ की अवैध शराब, मादक पदार्थ

चंडीगढ़। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रवर्तन एजंसियों ने अब तक कुल 18 .56 करोड़ रुपये की नकद राशि के अलावा 56 .88 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ और अन्य कीमती वस्तुयें जब्त की हैं। इस प्रकार कुल आंकड़ा 75 .44 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लोकसभा चुनाव 2019 की चुनाव अवधि के दौरान कुल 18 .36 करोड़ रुपये की नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ और कीमती वस्तुयें जब्त की गई थीं।

सारण में 25 मई तक इंटरनेट पर रोक

छपरा। बिहार में सारण संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण के मतदान के अगले दिन मंगलवार को हुई हिंसक झड़प के मद्देनजर जिला प्रशासन ने इंटरनेट सेवा पर 25 मई की सुबह पांच बजे तक रोक लगा दी है। सारण के निर्वाची पदाधिकारी सह-जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने ने गुरुवार को संयुक्त रुप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने पत्रकारों की विशेष मांग पर कि उन्हें इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई है।

नवोदय अन्य जिले के होने के कारण छात्र को प्रवेश देने से नहीं रोक सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- **दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्देश देते हुए की टिप्पणी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने जवाहर नवोदय विद्यालय को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करे कि किसी छात्र को मात्र इस आधार पर प्रवेश से वंचित नहीं किया जाए कि वह उस जिले का नहीं है जहां पर स्कूल स्थित है। न्यायमूर्ति सी.हरि शंकर ने जवाहर नवोदय विद्यालय, मुंगेशपुर के उस आदेश को रद कर दिया जिसमें एक छात्रा को प्रवेश देने से मना किया गया था।

अदालत ने कहा कि छात्रा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान छठी कक्षा में प्रवेश की अर्हता रखती है और वहां पर अपनी पढ़ाई जारी रखेगी। अदालत ने यह आदेश एक छात्रा की याचिका पर सुनाया जिसने पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई राष्ट्रीय राजधानी के पेशवा रोड स्थित नवयुग स्कूल में की थी और मुंगेशपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में छठी कक्षा में प्रवेश चाहती थी। स्कूल ने छात्रा को इस आधार पर प्रवेश देने से मना कर दिया था कि उसकी पिछली पढ़ाई नयी दिल्ली जिले में हुई थी जबकि मुंगेशपुर इलाका उत्तर पश्चिम दिल्ली के अंतर्गत आता है।

उच्च न्यायालय ने घ्यान दिलाया कि उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने इसी प्रकार के मामले पर गौर किया था। एक खण्डपीठ में यह मामला लंबित होने के दौरान एक अंतरिम उपाय के तौर पर पूर्व याचिका वाले छात्रा को जवाहर नवोदय विद्यालय, में पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी जाती है।

न्यायमूर्ति शंकर ने कहा कि जेएनवी (जवाहर नवोदय विद्यालय) को इसलिए यह सुनिश्चित करने निर्देश दिया जाता है अब से (पूर्व) निर्णय का अनुपाल किया जाए तथा छात्रों को इस आधार पर जेएनवी में प्रवेश से वंचित नहीं रखा जाए कि वे उस जिले के नहीं हैं जहां जेएनवी स्थित है जिससे प्रत्येक छात्र को मुकदमेबाजी के लिए मजबूर न होना पड़े।

केंद्र रेवन्ना को वापस लाने में सहयोग के लिए तैयार

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी

- **यौन उत्पीड़न मामले में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी बोले**

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जनता दल (एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने की एक प्रक्रिया है और केंद्र उसे देश वापस लाने में सहयोग करने के लिए तैयार है। प्रज्वल कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी हैं।

राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए जोशी ने सवाल किया कि प्रज्वल के विदेश भागने से पहले उनके खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में क्यों नहीं लिया गया? केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। वहीं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने नरेंद्र मोदी से राजनयिक पासपोर्ट रद करने की मांग की है।

देवेगौड़ा ने प्रज्वल को स्वदेश लौटने को कहा

जनता दल (सेक्यूलर) के संरक्षक एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने अपने पोते और पार्टी के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना को कड़ी चेतावनी जारी की और उससे देश लौट कर यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच का सामना करने को कहा। देवेगौड़ा ने कहा कि जांच में परिवार के अन्य सदस्यों की तरफ से कोई हस्तक्षेप नहीं होगा।

अभियुक्तों को छुड़ाने के मामले में थानाध्यक्ष निलंबित, दो गिरफ्तार

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले में पुलिस अभिरक्षा से असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन चार अभियुक्तों को छुड़ा कर ले जाने के मामले में जहां जाले थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है वहीं, पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि 20 मई 2024 की रात्रि में जाले थाना पर कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा नाजायाज मजमा लगा कर जाले थाना कांड संख्या-103/24 के चार नामजद अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा से जबरदस्ती छुड़ा लिया गया। मामले के संबंध में 24 नामजद एवं 130-140 अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई।

भाजपा संविधान बदलने का सपना न देखे : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले पार्टी और देश की जनता ऐसा होने नहीं देगी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा को देश के संविधान एवं आरक्षण को खत्म करने का सपना देखना छोड़ देना चाहिए क्योंकि उनकी पार्टी और देश के करोड़ों लोग ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के दिलशाद गार्डन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों का आह्वान किया कि यह चुनावी संविधान बचाने का चुनाव है।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को खत्म कर दिया जाएगा क्योंकि यह सेना के खिलाफ है। उनका कहना था, अग्निपथ योजना को हम कूड़ेदान में फेंकने वाले हैं क्योंकि यह सेना के खिलाफ है, देशभक्ति के खिलाफ है। एक सैनिक को शहीद का दर्जा मिलेगा, पेंशन मिलेगी, लेकिन अग्निवीर को न शहीद का दर्जा मिलेगा, न ही पेंशन मिलेगी और न ही सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का इंजन बंद कर दिया, लेकिन जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो गरीबों एवं युवाओं को आर्थिक मदद देकर इस इंजन को फिर से चालू किया जाएगा।

हरियाणा में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के लिए भाजपा जिम्मेदार : प्रियंका गांधी

सिरसा (हरियाणा)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने हरियाणा में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार की बृहस्पतिवार को आलोचना की। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-पूरे देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में है जिसकी कीमत यहां के युवाओं को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा-जनता बेतहाशा महंगाई, भ्रष्टाचार और भाजपा की अस्थिरता से तंग आ चुकी है और एक बड़ा बदलाव लाने जा रही है। प्रियंका ने कहा-प्रदेश में पार्टी की जबरदस्त लहर है। कांग्रेस राज्य की सभी सीटें भारी अंतर से जीतेगी। प्रियंका ने इससे पहले हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार कुमारी सैलजा के पक्ष में रोड शो का नेतृत्व किया।

आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

राजस्थान रॉयल्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	14	24
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
वरुण (कोलकाता)	14	20

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	14	741
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	14	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	12	533

सनराइजर्स या रॉयल्स किसे मिलेगा फाइनल का टिकट

चेन्नई, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को जब दूसरे क्वालीफायर में आमने-सामने होंगी तो यह आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ पावर हिटर ट्रेविड हेड और अभिषेक शर्मा तथा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन की चतुर स्पिन जोड़ी के बीच मुकाबला भी होगा।

हेड और अभिषेक की जोड़ी आक्रामक बल्लेबाजी को नए स्तर तक ले गई है और इस जोड़ी को प्रशंसकों से 'ट्रेविषेक' नाम मिला है। हेड ने मौजूदा सत्र में 199.62 के स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं जबकि अभिषेक के नाम पर 207.04 के स्ट्राइक रेट से 470 रन दर्ज हैं। दोनों ने मिलकर अब तक 72 छक्के और 96 चौके मारे हैं। उप्पल या कोटला या वानखेड़े की

- हैदराबाद के बल्लेबाजों और राजस्थान के स्पिनरों के बीच होगी कड़ी टक्कर
- फाइनल मुकाबले विजेता टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स का करना होगा सामना

तुलना में चेपक में खेलना हालांकि बिलकुल अलग होगा क्योंकि यहां गेंद रुककर आती है और आते ही बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होता। अपना अधिकतर क्रिकेट इसी मैदान पर खेलने वाले रॉयल्स के ऑफ स्पिनर अश्विन यहां की पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं और टूर्नामेंट के आखिरी चरण में उनकी फॉर्म में सुधार हुआ है। रॉयल्स को उम्मीद होगी कि देश के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनर चहल के साथ वह हेड, अभिषेक और क्लासेन को जल्दी से जल्दी पवेलियन भेज देंगे जिससे कि वे मैच पर नियंत्रण बना सकें। जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो एक बार फिर जिम्मेदारी टी नटराजन पर होगी जो इस सत्र में टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं और यहां अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे।

भुवनेश्वर कुमार और पैट कमिंस की अनुभवी जोड़ी को भी कुछ करना होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में भुवनेश्वर ने कोई विकेट नहीं लिया। सनराइजर्स की समस्या टीम में दो अच्छे स्पिनरों का नहीं होना भी है। रॉयल्स की बात करें तो आरसीबी खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत टीम ने आखिरकार पांच मैचों से जीत के इंतजार को खत्म कर दिया। बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम ने कुछ सकारात्मक संकेत दिखाए, खासकर यशस्वी ने और वह अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे।

खेल डायरी

क्वालीफायर में भारत को मिल सकता है कोटा: कुट्टप्पा

नई दिल्ली। मुक्केबाजी कोच सीए कुट्टप्पा का मानना है कि 25 मई से बैंकॉक में शुरू होने वाले अंतिम पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत कम से कम चार से पांच और कोटा स्थान हासिल कर सकता है। कुट्टप्पा ने बताया थाईलैंड क्वालीफायर से, हमें निश्चित रूप से 4-5 कोटा स्थान हासिल करने की उम्मीद है और हम सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रहे हैं। इस बार हमारे पास निश्चित मौका है। उन्होंने कहा प्रत्येक मुक्केबाज को 2-3 स्पैरिंग सत्र मिले और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। हम बहुत सकारात्मक हैं। प्रशिक्षण शिविर में कुल 13 देशों ने भाग लिया। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस आदि के मुक्केबाजों के साथ स्पैरिंग सत्र ने हमारे मुक्केबाजों को बहुत कुछ दिया इस विश्वास के साथ कि उन्हें पेरिस में बड़े मंच पर चुनौती दी जा सकती है।

प्रीतिस्मिता ने रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

लीमा (पेरू)। भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में महिला 40 किग्रा वर्ग में युवा क्लीन एवं जर्क विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। पंद्रह साल की प्रीतिस्मिता ने 75 किग्रा के पिछले रिकॉर्ड में बुधवार को यहां एक किग्रा का सुधार किया। उन्होंने प्रतियोगिता के पहले दिन स्नैच में भी 57 किग्रा के वजन से कुल 133 किग्रा वजन उठाया और कुल भार के विश्व रिकॉर्ड की दो किग्रा से बराबरी करने से चूक गईं। ज्योशना साबर ने कुल 125 किग्रा वजन उठाकर रजत जीता। तुर्की की फातमा कोलकैक कुल 120 किग्रा उठाकर कांस्य जीतने में सफल रहीं। भारत के दो अन्य भारोत्तोलकों ने भी पहले दिन पदक मंच पर जगह बनाई।

फ्रेंच ओपन से हटीं टेनिस की दिग्गज जेसिका पेगुला

पेरिस। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं क्योंकि वह इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। अमेरिका की जेसिका दो साल पहले रोलां गैरो पर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। फ्रेंच ओपन रविवार को शुरू होगा। जेसिका को इसी सत्र में गर्दन में चोट लगी थी। जेसिका ने इंस्टाग्राम पर लिखा मैंने सामान्य अभ्यास शुरू किया है लेकिन उबरने और खेल में वापसी को लेकर बेहद सुरक्षित रुख अपना रही हूं। अगर मुझे पांच से सात दिन और मिलते तो मैं शत प्रतिशत खेलती। निश्चित तौर पर मैं ग्रास कोर्ट पर पूर्ण सत्र और गर्मियों के बाकी सत्र के लिए वापसी करूंगी।

प्रथमेश फुगे सेमीफाइनल में, रिकर्व तीरंदाजों ने विश्व कप के दूसरे चरण में निराश किया

येचियोन (दक्षिण कोरिया)। युवा कम्पाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे ने बृहस्पतिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि पुरुष और महिला रिकर्व टीमों को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। एशियाई खेलों की मौजूदा चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेनाम कम्पाउंड महिला व्यक्तिगत क्वार्टरफाइनल में सारा लोपेज से 142-145 से हार गयीं। ज्योति ने पिछले महीने शंघाई में पहले चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी थी। 21 साल के फुगे ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ में से एक जीत हासिल की जब उन्होंने 2021 विश्व चैम्पियन और दुनिया के छठे नंबर के निको वेनर को 146-145 से मात देकर उलटफेर किया और सेमीफाइनल में जगह बनायी जिसमें उनकी भिड़ंत अमेरिका के जेम्स लुट्ज से होगी।

भारत की महिला-पुरुष जूनियर हॉकी टीमें हारीं

ब्रेडा (नीदरलैंड)। भारत की पुरुष और महिला जूनियर हॉकी टीमों को बुधवार को यूरोप के मौजूदा दौरे पर बेल्जियम की टीमों के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत की दोनों जूनियर टीमों को बेल्जियम की टीमों के खिलाफ 2-3 के समान अंतर से हार मिली। महिला टीम के लिए दोनों गोल बिनिमा धान (49वें और 58वें मिनट) ने किए जबकि पुरुष टीम के लिए दोनों गोल कप्तान रोहित (44वें और 57वें मिनट) ने दागे। महिला टीम अगला मैच 24 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी जबकि पुरुष टीम को गुरुवार को ही ब्रेडा में ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से भिड़ना है।

भारत के अभय और सेंथिलकुमार जीते

दोहा। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने बुधवार को यहां 53500 डॉलर इनामी प्रतिष्ठित क्यूएसएफ 3 स्क्वाश प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। यह टूर्नामेंट पीएसए विश्व टूर की ब्रॉन्ज स्तर की प्रतियोगिता है। सेंथिलकुमार ने पहले दौर में स्थानीय दावेदार यूसेफ एसाम फराग को हराया जबकि अभय ने पाकिस्तान के मोहम्मद आसिम खान को शिकस्त दी। सेंथिलकुमार अगले दौर में मिस्र के सातवें वरीय ओमान मोसाद से भिड़ेंगे जबकि अभय फ्रांस के छठे वरीय अगस्ते डुसोर्ड के खिलाफ खेलेंगे।

टी-20 विश्व कप खिताब की चाह में भारत

खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी दिग्गजों की नजर, एक दशक पहले फाइनल में पहुंची थी भारतीय टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 क्रिकेट की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बीच भारत के पास दुनिया की सबसे लुभावनी और सबसे अधिक देखी जाने वाली लीग है। इसके बावजूद भारत की राष्ट्रीय टीम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह की सफलता हासिल नहीं कर पाई है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम जब आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका और कैरेबिया जाएगी तो उसकी नजरें दूसरे खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करने पर टिकी होंगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि इंडियन प्रीमियर लीग में पैसे और प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं और यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेरों को आकर्षित करती है।

भारत हालांकि आईपीएल की शुरुआत के बाद से टी20 विश्व कप जीतने में नाकाम रहा है। वर्ष 2007 में दक्षिण अफ्रीका में पहले टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद भारत सिर्फ एक बार 2014 में फाइनल में पहुंच पाया और तब उसे श्रीलंका के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। खिताब का यह सूखा अन्य प्रारूपों में भी दिखा। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पिछला खिताब 2013 में इंग्लैंड में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता। इसके अलावा टीम ने 50 ओवर के विश्व कप में पिछला खिताब 2011 में जीता। पिछले साल भारत को इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा और इसके कुछ महीने बाद घरेलू सरजमीं पर 50 ओवर के विश्व कप के फाइनल में भी टीम ऑस्ट्रेलिया से हार गई। एक अरब 40 करोड़ की जनसंख्या वाले क्रिकेट के दीवाने देश के प्रशंसकों के लिए 50 ओवर में विश्व कप की हार को पचाना आसान नहीं था क्योंकि टीम अपने सभी 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी और जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। भारत विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगा और नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। टीम 12 जून को अमेरिका जबकि 15 जून को कनाडा के खिलाफ खेलेगी।

भारतीय एकादश में ऋषभ पंत का दावा मजबूत: पार्थिव पटेल

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत के शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की कमी का जिक्र करते हुए विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत का दावा ज्यादा मजबूत बताया। लीजेंड्स इंटरकॉन्टिनेंटल टी20 लीग की घोषणा के लिए यहां पहुंचे पार्थिव ने कहा टीम में विकल्प की कोई कमी नहीं है और ऐसे में टीम में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल एक साथ खेल सकते हैं। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के विकेटकीपर की पहली पसंद के बारे में काफी चर्चा हो रही है क्योंकि आईपीएल के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने शानदार प्रदर्शन किया है। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने इस दौरान 13 मैचों में 446 रन बनाए। उनकी टीम हालांकि प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही। पार्थिव ने विकेटकीपर के बारे में पूछे जाने पर कहा भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम देखे तो इसमें कोई शक नहीं कि विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए पंत पहली पसंद होंगे।

टी-20 विश्व कप 2024 के लिए चुने गए मैदान

मैदान	शहर
सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम	नॉर्थ साउंड, एंटीगा और बारबुडा
केंसिंग्टन ओवल	ब्रिजटाउन, बारबाडोस
प्रोविडेंस स्टेडियम	प्रोविडेंस, गयाना
डैरेन सैमी स्टेडियम	ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया
अर्नोस व्हेल स्टेडियम	किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस
ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम	सैन फर्नांडो, त्रिनिदाद एंड टोबैगो
सेंट्रल ब्रोवर्ड पार्क लॉडरहिल	फ्लोरिडा, अमेरिका
ग्रैंड प्रीरी स्टेडियम	डलास (टेक्सास), अमेरिका
नासाउ काउंटी इंटरनेशनल	लॉन्ग आइलैंड (न्यूयॉर्क), अमेरिका

विश्व विजेता

2007	भारत
2009	पाकिस्तान
2010	इंग्लैंड
2012	वेस्ट इंडीज
2014	श्रीलंका
2016	वेस्टइंडीज
2021	ऑस्ट्रेलिया
2022	इंग्लैंड

टी-20 विश्व कप में अब तक के सबसे बड़े रिकॉर्ड

सर्वाधिक रन	विराट कोहली (भारत) 27 मैचों में 1,141 रन।
टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन	विराट कोहली (भारत) ने 2014 विश्व कप में 319 रन बनाए थे।
सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर	ब्रेंडन मैकुलम (न्यूजीलैंड) 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 123 रन।
सर्वाधिक शतक	क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) ने 2007 और 2016 में 2-2 शतक बनाए।
सर्वाधिक विकेट	शाकिब अल हसन (बांग्लादेश) 36 मैचों में 47 विकेट।
टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट	वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका) 2021 विश्व कप में 16 विकेट।
सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े	अजंता मेंडिस (श्रीलंका) 2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 8 रन देकर 6 विकेट।
सर्वाधिक शिकार	महेंद्र सिंह धोनी (भारत) 33 मैचों में 32 शिकार।
सर्वाधिक कैच (फील्डर)	एबी डिविलियर्स (दक्षिण अफ्रीका) 30 मैचों में 23 कैच।
उच्चतम स्कोर	श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ 6 विकेट पर 260 रन बनाए।
न्यूनतम स्कोर	नीदरलैंड्स की टीम 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 39 रन पर ऑलआउट।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचे नोवाक

जिनेवा। नोवाक जोकोविच ने अपने 37वें जन्मदिन का जश्न गैर वरीय यानिक हैंफमैन को सीधे सेटों में हराकर जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर मनाया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने हैंफमैन को 6-3, 6-3 से हराया जो एटीपी टूर्नामेंटों में उनकी 1100 वीं जीत है। जोकोविच दूसरे सेट में एक समय 0-3 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह गेम जीतकर सेट और मैच अपने नाम किया। हैंफमैन ने पहले दौर में एंडी मरे को 7-5, 6-2 से हराया था। सत्र के पहले खिताब की तलाश में जुटे जोकोविच अगले दौर में डेनिस शापोवालोव और टेलोन ग्रीक्सपूअर के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। जिनेवा ओपन का फाइनल शनिवार को होगा जबकि इसके एक दिन बाद रोलां गैरो पर मुख्य ड्रॉ के मुकाबले शुरू होंगे जहां जोकोविच गत चैंपियन हैं।

मैच फिक्सिंग मामले में एलपीएल फ्रेंचाइजी को रद करने का फैसला बदला

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट ने दांबुला थंडर्स फ्रेंचाइजी के मालिक तमीम रहमान की मैच फिक्सिंग के संदेह में गिरफ्तारी के कारण फ्रेंचाइजी को समाप्त करने की घोषणा के एक दिन बाद अपने फैसले से पलटते हुए कहा कि उसकी टी20 लीग मैचों की तय कार्यक्रम के मुताबिक आगे बढ़ेगी और इसमें सभी पांच टीमें शामिल होंगी। एसएलसी ने घोषणा की कि फ्रेंचाइजी का एक नया मालिक होगा और टूर्नामेंट एक से 21 जुलाई तक योजना के अनुसार आयोजित किया जाएगा। लंका प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र अपनी तय योजना और पांच टीमों के मैचों के तय कार्यक्रम के मुताबिक जारी रहेगा। सभी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और हितधारकों को आश्वस्त करते हैं कि लीग की अखंडता और क्रिकेट की भावना पूरे टूर्नामेंट के दौरान संरक्षित रहेगी। बांग्लादेशी मूल के ब्रिटिश नागरिक रहमान को अदालत के आदेश के बाद शहर के भंडारनायके अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था।

पाकिस्तान में प्रतिभा दिखाएगी चित्रकूट की उन्नति

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

अमृत विचार। चित्रकूट जिले के गांव हन्ना बिनैका की उन्नति त्रिपाठी 25 जून से पाकिस्तान में होने वाली 31 वीं एशियाई इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्नति की इस उपलब्धि से उसके गांव ही नहीं बल्कि जिले में खुशी का माहौल है। इसके अलावा उसे यूएसए के ह्यूस्टन में होने वाली विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में भी खेलने का मौका मिलेगा। यह प्रतियोगिता 12 जुलाई से होगी।

इस्लामाबाद में 25 जून से एशियाई खिलाड़ियों की स्क्वैश प्रतियोगिता होगी। इसमें भाग लेने के लिए देश भर से जिन प्रतिभाओं का चयन किया गया है, उसमें उन्नति भी हैं। उन्नति ने दो से छह मई तक के ट्रायल में हिस्सा लिया था और उसमें अव्वल रहने के बाद उनको पाकिस्तान जाने का अवसर मिला। उन्नति की देश में स्क्वैश की अंडर 17 कैटेगरी में छठवीं रैंक है। उन्नति के पिता हरिओम त्रिपाठी भारतीय स्क्वैश टीम के वर्ष 2000 से 2015 तक कोच रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्नति पाकिस्तान में अंडर 17 कैटेगरी में चौथे रैंक पर खेलेंगी। उन्नति के भाई अंश भी स्क्वैश के माहिर खिलाड़ी हैं। भाई-बहन छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। 16 वर्षीया उन्नति मुंबई में इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में अंडर-17 वर्ग में बालिकाओं का खिताब जीत चुकी हैं।

- हन्ना बिनैका गांव की बेटी है होनहार स्क्वैश खिलाड़ी

6 साल से शुरू किया स्क्वैश खेलना

पिता हरिओम खुद भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। वह चेन्नई की एकेडमी में प्रशिक्षण दिया करते थे। वह बताते हैं कि उन्नति ने महज छह साल की उम्र मंम स्क्वैश खेलना शुरू कर दिया था। जब वह देहरादून की एक खेल संबंधी कोचिंग से संबद्ध हुए तो उन्नति भी वहीं पढ़ने और उनसे खेल का गुर सीखने लगी।

मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चालिहा ने बेइवेन झेंग को हराकर किया उलटफेर

सिंधू ने यू जिन को हराया, अश्मिता भी क्वार्टर फाइनल में

कुआलालंपुर, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को हराया लेकिन दिन का आकर्षण अश्मिता चालिहा रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में तीसरी वरीय बेइवेन झेंग को हराकर उलटफेर करते हुए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13 12-21 21-14 से हराया। यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है। पांचवीं वरीय सिंधू अगले दौर में शीर्ष वरीय हेन युई से भिड़ेंगी। चीन की इस खिलाड़ी ने पिछले महीने निंग्बो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू को हराया था। भारतीय खिलाड़ी ने हेन युई के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता ने इसके बाद दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी झेंग को तीन गेम में 21-19 16-21 21-12 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अश्मिता ने दूसरी बार किसी सुपर 500 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। अश्मिता पिछले कुछ समय से अच्छी लय में हैं। उन्होंने उबेर कप में कनाडा की मिशेल ली को हराया जबकि जापान की अया ओहोरी और पिछले हफ्ते चीन की हेन युई को हराने के करीब पहुंची।

सिंधू ने मुकाबले में धीमी शुरुआत की और पहले गेम में 3-7 से पिछड़ गई। भारतीय खिलाड़ी हालांकि वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सफल रही और फिर लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में कड़ी टक्कर देखने को मिली। कोरिया की खिलाड़ी ने अगले नौ में से सात अंक जीतकर मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींचा। निर्णायक गेम में यू जिन ने एक बार फिर अच्छी शुरुआत करते हुए 5-1 की बढ़त बनाई। सिंधू ने स्कोर 6-6 किया और फिर 13-9 की बढ़त बनाई। उन्होंने 16-14 के स्कोर पर लगातार पांच अंक के साथ गेम और मैच अपने नाम किया।

ओलंपिक से पहले लक्ष्य सेन फ्रांस में और पीवी सिंधु जर्मनी में लेंगी प्रशिक्षण

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए दिग्गज भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन फ्रांस में और पीवी सिंधु जर्मनी में प्रशिक्षण लेगी। आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के तहत पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों की तैयारी के लिए फ्रांस के मार्सिले में 12 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के लिए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। लक्ष्य सेन आठ से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में प्रशिक्षण लेंगे। इसके साथ ही ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सचूले में प्रशिक्षण के लिए सारब्रुकन, जर्मनी जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।



बॉलीवुड हलचल

वेलकम टू द जंगल के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी हो गयी है। अक्षय कुमार स्टार वेलकम टू द जंगल इन दिनों काफी सुर्खियों में है। इसके लिए मेकर्स ने लगभग दस एकड़ की जगह पर सेट लगाया गया। उसके लिए फिल्म के निर्माताओं ने लगभग 200 घोड़े, घुड़सवारों के साथ मंगवाए थे। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट हुआ है, जिसमें कलाकारों के साथ ही 500 बैकग्राउंड डांसर्स भी शामिल थे। पूरा मुंबई शेड्यूल लगभग 40 दिनों का रहा। फिल्म वेलकम टू द जंगल में 20 सेलेब्स एक साथ नजर आएंगे। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, रवीना टंडन, आफताब शिवदसानी, अरशद वारसी, लारा दत्ता, दिशा, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल, तुषार कपूर, कृष्णा सहित करीब 20 कलाकार हैं। फिरोज नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं और निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं।

भूल भुलैया 3 में काम करेंगे विजय राज

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता विजय राज, फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करते नजर आ सकते हैं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। इसी कड़ी में विजय राज का नाम भी सामने आया है। कहा जा रहा है कि विजय राज भूल भुलैया 3 का हिस्सा होंगे। वह अहम और मजेदार रोल में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

भारत में जन्मी जया बडिगा अमेरिकी कोर्ट में बनी जज

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में देंगी सेवाएं
- 2022 से उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी

भारतीय-अमेरिकी वकील जया बडिगा को कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने बडिगा की नियुक्ति की। इससे पहले वह 2022 से सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी हैं। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में जन्मी बडिगा न्यायाधीश रॉबर्ट एस. लाफम की जगह लेंगी।

डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य बडिगा ने 2020 में कैलिफोर्निया स्वास्थ्य देखभाल सेवा विभाग में और 2018 में कैलिफोर्निया गवर्नर के आपातकालीन सेवा कार्यालय में एक वकील के रूप में भी काम किया। सैक्रामेंटो कंट्री पब्लिक लॉ लाइब्रेरी के अनुसार, बडिगा एक प्रमाणित पारिवारिक कानून विशेषज्ञ हैं और उन्होंने दस वर्ष से अधिक समय तक पारिवारिक कानून से संबंधित काम किया है।

राज सिंह बधेशा फ्रेस्नो काउंटी में नियुक्त : इस बीच, गवर्नर ने फ्रेस्नो काउंटी के राज सिंह बधेशा को फ्रेस्नो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया। बधेशा न्यायाधीश जॉन एन. कपेटन का स्थान लेंगे जो सेवानिवृत्त हो गए हैं।

भारत को स्पष्ट, सतत नेतृत्व के लिए जनादेश की आवश्यकता

वाशिंगटन। भारत के पूर्व शीर्ष राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला ने बुधवार को कहा कि भारत को स्पष्ट और सतत नेतृत्व के लिए जनादेश की आवश्यकता है जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अनेक निर्णय ले सके।

अमेरिका में भी उन्हें ऐसा लगा कि यहां का प्रशासन भारत में स्पष्ट जनादेश देखना चाहता है जो देश को एक मजबूत आर्थिक शक्ति बना सके। पूर्व विदेश सचिव एवं अमेरिका में भारतीय राजनयिक श्रृंगला इस समय निजी यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा देश में युवाओं की बड़ी संख्या हैं। उम्मीद है कि वे नेतृत्व के लिए जनादेश देंगे जो उन्हें सर्वश्रेष्ठ अवसर मुहैया कराएगा और हमें ऐसी स्थिति में ले जाएगा जहां हमने हर पहलू में विकसित देश बनने के बारे में सपने में भी नहीं सोचा हो फिर चाहे वह वह महिला सशक्तीकरण हो, आर्थिक, सामाजिक-आर्थिक या पर्यावरणीय विकास के बारे में हो।

प्ले स्टोर की फर्जी ऐप से सावधान बैंक अकाउंट हो सकता है खाली

आज के मॉडर्न समय में स्मार्ट फोन और उस फोन में मौजूद ढेरों ऐप्स हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं। ये ऐप्स हमारा मनोरंजन तो करते हैं, साथ ही हमें जरूरी सेवाएं भी देते हैं। अब तक हमें लगता था कि प्ले स्टोर में मौजूद ऐप्स तो सुरक्षित हैं। हम किसी भी ऐप को आंख मूंदकर डाउनलोड कर लेते थे। लेकिन सावधान, ठगों और क्रिमिनलों की नजर से अब प्ले स्टोर भी अछूता नहीं है। साइबर क्रिमिनल कुछ ऐसे नकली ऐप बना रहे हैं, जिन्हें इंस्टॉल करने के बाद आपकी पर्सनल जानकारी लीक हो सकती है या फिर आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है। इसी को लेकर भारत सरकार के सिक्योरिटी पोर्टल 'साइबर दोस्त' ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने एक इमेज शेयर करते हुए बताया है कि गूगल प्ले स्टोर पर यूनियन-रिवार्ड.एपीके नाम से एक ऐप मौजूद है। ये ऐप देखने में यूनियन बैंक के असली ऐप जैसा लगता है, लेकिन यह एक फेक एंड्रॉयड ऐप है। इससे पहले भी साइबर दोस्त फेक लोन ऐप्स और फेक स्टॉक ट्रेडिंग ऐप से अलर्ट रहने की चेतावनी दे चुका है। इसलिए आज जरूरत की खबर में बात फेक ऐप्स की।

असली व नकली ऐप्स को इस तरह पहचाने

आमतौर पर जब हमें कोई भी ऐप डाउनलोड करना होता है तो हम गूगल के प्ले स्टोर या एपल के एप स्टोर पर जाकर उसे डाउनलोड करते हैं। इन ऐप स्टोर्स पर कई ऐसे फर्जी ऐप भी मौजूद हैं, जो यूजर्स की निजी जानकारी चोरी करने से लेकर बैंक अकाउंट को खाली कर सकते हैं। साइबर क्रिमिनल नकली ऐप्स की डिजाइनिंग बेहद सफाई से करते हैं, जिससे आम लोगों के लिए अंतर कर पाना मुश्किल होता है।

मोबाइल बैंकिंग सुरक्षित पर सावधानी जरूरी

साइबर एक्सपर्ट ईशान सिन्हा बताते हैं कि मोबाइल बैंकिंग पूरी तरह सुरक्षित है, क्योंकि बैंक बेहद सेफ और हाई इन्क्रिप्शन टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हैं। बस कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। जैसे- मोबाइल बैंकिंग ऐप डाउनलोड करने की सबसे सुरक्षित जगह आपके बैंक की वेबसाइट है। आपके मोबाइल बैंकिंग ऐप को सुरक्षित रखने के लिए पासवर्ड नींव की तरह होता है। इसलिए स्ट्रॉन्ग पासवर्ड जरूर बनाएं। बैंकिंग ऐप्स के इन-ऐप फिंगरप्रिंट डिवाइस का प्रयोग करें।

फर्जी ऐप्स से फोन को बचाएं

अगर आपने पहले ही कोई संदिग्ध ऐप इंस्टॉल कर लिया है, जिसकी वजह से आपकी डिवाइस स्लो हो गई है या अनचाहे विज्ञापन आ रहे हैं तो ऐसे ऐप्स को तुरंत अनइंस्टॉल कर दें। इसके अलावा अगर आपको स्मार्टफोन के किसी ऐप के संदिग्ध होने की आशंका है तो इन स्टेप्स को फॉलो करें। जैसेकि- अपने फोन या टेबलेट को रीस्टार्ट करें। एक अच्छा एंटीवायरस इंस्टॉल करें।

नकली ऐप्स के इंटरफेस असली जैसे होते हैं

नकली मोबाइल ऐप्स ऐसे एप्लिकेशन होते हैं, जो वैलिड ऐप्स के लुक और अंदर के इंटरफेस से काफी मिलते-जुलते होते हैं। जिससे आसानी से यूजर्स को इंस्टॉल करने के लिए धोखा दिया जा सके। इन्हें इतने सलीके से बनाया जाता है कि ज्यादातर यूजर्स के लिए असली और नकली ऐप्स के बीच अंतर कर पाना मुश्किल होता है। ये वैलिड ऐप स्टोर जैसे ऐपल के ऐप स्टोर या गूगल के प्ले स्टोर पर भी हो सकते हैं। कुछ नकली ऐप्स आपके कैमरे को कंट्रोल करने की परमिशन मांगते हैं।

एक नजर

रामास्वामी ने जॉर्जिया में डेमोक्रेटिक प्राइमरी जीती

वाशिंगटन। अमेरिका के जॉर्जिया राज्य सीनेट के चुनाव में उम्मीदवारी हासिल करने की कोशिश कर रहे भारतीय-अमेरिकी अश्विन रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राज्य प्राइमरी जीत ली है। हालांकि, भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला जयपाल को ओरेगन राज्य से कांग्रेस चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक प्राइमरी चुनाव हार गई हैं। रामास्वामी (23) ने कहा नवंबर में मैं रिपब्लिकन सीनेटर शॉन स्टिल का सामना करूंगा-जिन पर डोनाल्ड ट्रम्प के साथ 2020 में फर्जी मतदाता होने का आरोप लगाया गया था।

ब्रुनेई की जेलों में बंद पांच लोगों में एक भारतीय

बंदर सेरी बेगवान। ब्रुनेई की जेल में बंद पांच विदेशियों में एक भारतीय वरिष्ठ नागरिक शामिल है जिन्हें आव्रजन उल्लंघन के लिए कैद और जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी ब्रुनेई के आव्रजन एवं राष्ट्रीय पंजीकरण विभाग (आईएनआरडी) ने दी। आईएनआरडी के अनुसार 60 वर्षीय भारतीय नागरिक को देश में समय से ज्यादा रुकने के लिए छह महीने जेल की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा एक 64 वर्षीय फिलिपिनो को ज्यादा समय तक रुकने पर नौ महीने की जेल की सजा सुनाई गई और कोड़े मारने के बदले में 800 ब्रुनेई डॉलर (590 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया।

ऋषि सुनक व विपक्षी दल चुनाव प्रचार में जुटे

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तथा विपक्षी नेता बृहस्पतिवार से चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। सुनक ने देश में महज छह सप्ताह बाद चार जुलाई को आम चुनाव कराने की घोषणा एक दिन पहले ही की थी। भारतीय मूल के नेता सुनक (44) ने बुधवार शाम बारिश के बीच 10 डाउनिंग स्ट्रीट की सीढ़ियों से अपने भाषण से देश के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी। प्रधानमंत्री ने चुनाव के लिए स्पष्ट योजना, साहसिक कदम, सुरक्षित भविष्य का नारा दिया है। उन्होंने पूर्वी लंदन में एक प्रचार कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा अगले कुछ सप्ताह तक मैं प्रत्येक वोट के लिए संघर्ष करूंगा।

मैक्सिको में मंच गिरने से नौ लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के उत्तरी प्रांत नुएवो लियोन में राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान मंच के गिर जाने से एक बच्चे सहित नौ लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य लोग घायल हो गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार यह घटना उस समय हुई, जब केंद्र-वामपंथी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जॉर्ज अल्वारेज मेनेज सैन पेड्रो गार्ज़ा गार्सिया शहर में भाषण दे रहे थे। इसी दौरान मंच अचानक गिर गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मेनेज को गिरने से कोई चोट नहीं आई और घटना के बाद उन्हें समर्थकों से बात करते देखा गया।

महाराष्ट्र में एसडीआरएफ के तीन जवान डूबे

पुणे। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में बृहस्पतिवार सुबह एक नाव के नदी में पलट जाने के बाद राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के एक सब-इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल डूब गये। यह घटना अकोले तहसील के सुगाव गांव के पास सुबह करीब 7 बजकर 45 मिनट पर एक युवक की तलाश के दौरान हुई, जो बुधवार को एक अन्य व्यक्ति के साथ प्रवरा नदी में डूब गया था। तलाशी दल में एसडीआरएफ के चार कर्मी और एक नागरिक शामिल था। अहमदनगर के पुलिस अधीक्षक राकेश ओला ने कहा कल दो युवक नदी में डूब गए।

पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश के तटों से टकराएगा भीषण चक्रवात रेमल

रविवार को 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है हवा

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल की खाड़ी में उठने वाला भीषण चक्रवाती तूफान रेमल पश्चिम बंगाल और उससे सटे बांग्लादेश के तट से टकराएगा। बंगाल की खाड़ी के ऊपर दबाव तेज होता जा रहा है, जिस कारण रविवार को 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मॉनसून पूर्व मौसम में बंगाल की खाड़ी में यह पहला चक्रवात है।

हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवात के नामकरण प्रणाली के अनुसार इस तूफान का नाम रेमल रखा गया है। भारत मौसम विभाग की वैज्ञानिक मोनिका शर्मा ने बताया यह प्रणाली शुक्रवार की सुबह तक मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक दबाव क्षेत्र में केंद्रित हो जाएगा। यह शनिवार की सुबह एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा और इसमें तेजी आयेगी। इसके बाद रविवार शाम तक यह एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तट पर पहुंचेगा। आईएमडी के मुताबिक, रविवार को चक्रवात के कारण 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

मौसम कार्यालय ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में बहुत भारी वर्षा की चेतावनी दी है। समुद्र में मछली पकड़ने गए मछुआरों को तट पर लौटने तथा 27 मई तक बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि समुद्र की सतह के गर्म तापमान के कारण चक्रवाती तूफान तेजी से अपनी गति बढ़ा रहे हैं और लंबे समय तक अपनी शक्ति बरकरार रख रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप महासागर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से अधिकांश अतिरिक्त गर्मी को अवशोषित कर रहे हैं।

चक्रवात की प्रतीकात्मक फोटो।

बंगाल और अरब सागर बहुत गर्म

वैज्ञानिक राजीवन ने कहा बंगाल की खाड़ी और अरब सागर इस समय बहुत गर्म हैं, इसलिए उष्णकटिबंधीय चक्रवात आसानी से बन सकता है। उन्होंने कहा कि यह चक्रवात न केवल समुद्र द्वारा नियंत्रित होते हैं, बल्कि इसमें वायुमंडल भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पिछले 30 वर्षों में समुद्र की सतह का तापमान सबसे अधिक दर्ज

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 30 वर्षों में समुद्र की सतह का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डीएस पई के अनुसार, समुद्र की सतह के गर्म तापमान का मतलब अधिक नमी है, जो चक्रवातों की तीव्रता के लिए अनुकूल है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने कहा कि कम दबाव प्रणाली को चक्रवात में बदलने के लिए समुद्र की सतह का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक होना आवश्यक है। बंगाल की खाड़ी में सतह का तापमान फिलहाल 30 डिग्री सेल्सियस है।

पन्नू मामले में प्रत्यर्पण के खिलाफ निखिल गुप्ता की याचिका खारिज

लंदन। चेक की संवैधानिक अदालत ने अमेरिकी सरजमीं पर एक खालिस्तानी चरमपंथी की हत्या की साजिश रचने के मामले में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता की याचिका खारिज कर दी। गुप्ता चेक की राजधानी प्राग की एक जेल में कैद है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने गुप्ता (52) के खिलाफ पिछले वर्ष नवंबर में मुकदमा दाखिल किया था।

गुप्ता पर भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ मिलकर खालिस्तानी अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने का आरोप है। पन्नू अमेरिका में रहता है और उसके पास अमेरिकी और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक गणराज्य के प्राग से गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह जेल में है। अमेरिकी सरकार उसे अमेरिका प्रत्यर्पित कराने की कोशिश कर रही है।

- चेक संवैधानिक अदालत ने की याचिका खारिज

चेक संवैधानिक अदालत ने प्रत्यर्पण के खिलाफ गुप्ता की याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने बुधवार को एक बयान में कहा कि संवैधानिक अदालत को ऐसी किसी परिस्थिति का भान नहीं हुआ, जिसमें प्रत्यर्पण को मंजूर करने से संवैधानिक मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता का किसी भी प्रकार का उल्लंघन होता हो। संवैधानिक अदालत ने कहा कि इसने व्यवस्था दी है कि अधीनस्थ अदालत ने प्रत्यर्पण को रोक सकने वाले सभी पहलुओं पर पूर्ण रूप से विचार किया। इतना ही नहीं इसने इन दलीलों को भी खारिज कर दिया कि यह मामला राजनीतिक था। संवैधानिक अदालत ने कहा चेक अदालत के समक्ष शिकायतकर्ता की याचिका पर सुनवाई यहां समाप्त होती है।

ताइवान को चारों तरफ से घेरकर चीन का युद्धाभ्यास

बीजिंग/ताइपे, एजेंसी

- नए राष्ट्रपति की जीत से नाराज ड्रैगन, कहा- इसकी सजा मिलेगी

ताइवान में तीन दिन पहले चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति की शपथ के बाद चीन ने गुरुवार को ताइवान को चारों तरफ से घेरकर दो दिन का युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। ऐसा पहली बार है जब चीन ताइवान के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास कर रहा है। इससे पहले तक वह सिर्फ ताइवान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाता आया है। दरअसल, ताइवान में इस साल जनवरी में हुए राष्ट्रपति चुनाव से पहले चीन ने उम्मीदवार लाई चिंग ते को अलगाववादी कहा था। साथ ही ताइवानियों को चेतावनी दी थी कि अगर वे सैन्य संघर्ष से बचना चाहते हैं, तो सही विकल्प चुनें।

हालांकि, चीन की धमकी के बावजूद ताइवान में चीनी विरोधी नेता लाई चिंग-ते को जीत हासिल हुई। उनकी शपथ के बाद चीनी सेना के प्रवक्ता कर्नल ली शी ने कहा था कि ताइवानियों को इसकी सजा मिलेगी।

शी ने कहा था कि चीन की थल सेना, नौसेना और वायु सेना इस संयुक्त अभ्यास से ताइवान की आजादी को बढ़ावा देने वाले अलगाववादियों को जवाब देंगे। इस अभ्यास में लड़ाकू विमान और नौसेना के कई युद्धपोत शामिल हैं। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, चीनी सेना के ईस्टर्न थिएटर कमांड ने यह युद्धाभ्यास स्थानीय समयानुसार सुबह 7:45 बजे (भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5:15 बजे) शुरू किया। चीन ने इस अभ्यास को जॉइंट स्वॉर्ड-2024ए नाम दिया है।

ताइवानी राष्ट्रपति बोले- चीन सैन्य अभ्यास रोके

ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन से सैन्य अभ्यास रोकने को कहा है। लाई ने चीन से अपील की है कि वह अपने आक्रोश को रोककर पूरे इलाके में शांति बनाए रखने की कोशिश करे। लाई के मुताबिक जिन द्वीपों के पास अभ्यास चल रहा है वे ताइवान के हैं। वहीं, ताइवानी सेना को भी अलर्ट पर रखा गया है, जिससे पूरे इलाके में शांति बनी रहे। राष्ट्रपति बनने के बाद लाई चिंग-ते ने भी अपने पहले संबोधन में कहा था कि ताइवान स्वतंत्र देश है, जो देश की संप्रभुता बनाए रखने के लिए कुछ भी कर सकता है।

पुणे कार हादसा : नाबालिग के दादा से पूछताछ

पुणे, एजेंसी

पुणे पुलिस पोर्शे कार दुर्घटना मामले में संलिप्त 17 वर्षीय लड़के के दादा से बृहस्पतिवार को पूछताछ कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुणे पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने किशोर के पिता, स्टाफ सदस्यों और मुंडवा क्षेत्र में शराब परोसने वाले दो बार के मालिक के खिलाफ दर्ज मामले के सिलसिले में लड़के के दादा को पूछताछ के लिए तलब किया था। पुलिस अधिकारी ने कहा नाबालिग के दादा से फिलहाल पुणे पुलिस आयुक्तालय में अपराध शाखा के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। पुणे के कल्याणी नगर में रविवार तड़के पोर्शे कार के नाबालिग चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिससे दोनों की मौत हो गयी थी।

किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा रविवार को पारित आदेश के मुताबिक उसके दादा ने आश्वासन दिया है कि वह उसे बुरी संगति से दूर रखेंगे और नाबालिग अपनी पढ़ाई या किसी व्यावसायिक पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो उसके करियर के लिए उपयोगी हो।

पोर्श कार का अस्थायी पंजीकरण होगा रद

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में जिस तेज रफ्तार पोर्श कार की चपेट में आकर दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हुई थी, उसके अस्थायी पंजीकरण को रद करने की प्रक्रिया क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इलेक्ट्रिक लक्जरी स्पोर्ट्स सेडान- पोर्श टायकन कार को अस्थायी पंजीकरण के आधार पर महाराष्ट्र भेजे जाने से पहले मार्च में बेंगलुरु के एक डीलर ने इसका आयात किया था।

सिंगापुर में मुस्तफा समूह का बड़े पैमाने पर डेटा लीक

सिंगापुर। सिंगापुर के लिटिल इंडिया में शॉपिंग मॉल का संचालन करने सहित कई क्षेत्रों में कारोबार कर रहे मुस्तफा ग्रुप का डेटा बड़े पैमाने पर लीक हो गया है और इस द्विपीय देश की डेटा सुरक्षा एजेंसी पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। चर्चित हैकर मंच ब्रीचफोरम के साइबर हमलावरों ने दावा किया है कि उन्होंने मुस्तफा समूह के ग्राहकों और कर्मचारियों की निजी जानकारी चोरी कर ली है।

हाल के सप्ताह में मंच को बंद कर दिया है। हैकर ने पूर्व में दावा किया था कि उसने कंपनियों द्वारा संभावित अपराधियों की पहचान के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वैश्विक डेटाबेस से डेटा चोरी की है।

उत्सव

कोलकाता में बौद्ध भिक्षुओं ने गुरुवार को महाबोधि सोसाइटी में बुद्ध पूर्णिमा (वैशाख पूर्णिमा) के अवसर पर भगवान बुद्ध की पूजा की।

खगोल विज्ञान | क्षुद्रग्रहों की विविधता उजागर करती है यह खोज

वैज्ञानिकों ने खोज निकाले जुड़वां क्षुद्रग्रह

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : खगोल वैज्ञानिकों ने एक जुड़वां क्षुद्रग्रह खोज निकाला है। यह दोनों एक दूसरे से कुछ ही दूरी पर मौजूद रहकर अपने पथ पर सफर करते हैं। इनसे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। यह खोज क्षुद्रग्रहों की विविधता बताती है।

क्षुद्र ग्रह पृथ्वी के सबसे बड़े दुश्मन माने जाते हैं। इनमें से न जाने कौन कब पृथ्वी से टकरा जाय, इस कारण वैज्ञानिकों की नजर इन पर बनी रहती है। मगर अब जिस क्षुद्रग्रह की खोज हुई है, वह विचित्र है। पहली बार इस तरह की खोज हुई है। यह ट्रोजन क्षुद्रग्रहों के लिए नासा के मिशन लुसी द्वारा खोजा गया हैं। लूसी मिशन अंतरिक्ष में जब डिंकिनेश नामक क्षुद्रग्रह से गुजर रहा था, तो उसे नजर आ गई। पहली नजर में देखने पर यह चंद्रमा प्रतीत हो रहा था। मगर से देखने पर इसकी वास्तविकता आश्चर्यजनक लगी। इसकी जांच पड़ताल करने पर पता चला कि यह दो वस्तुओं से बना है जो गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से भौतिक रूप से एक दूसरे को छूते हैं, लेकिन पूरी तरह से एक दूसरे में विलय नहीं होते हैं। यह खोज अप्रत्याशित थी। कॉर्नेल कोल्बी मेरिल, कोलोराडो विश्वविद्यालय और बर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को इस खोज का श्रेय जाता है। इस क्षुद्रग्रह की प्रकृति को बाइनरी यार्कोव्स्की-ओ''कीफ-रेडज़िएव्स्की-पैडैक प्रभाव कहा जाता है। यह क्षुद्रग्रह लगभग 790 मीटर व्यास का है।

जुड़वां क्षुद्र ग्रह की तस्वीर। ● अमृत विचार

अभी और भी प्रकृति के हो सकते हैं क्षुद्रग्रह

इस क्षुद्रग्रह के मिलने के बाद वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि विविध प्रकृति के कई अन्य क्षुद्र ग्रह हमारे अपने सौर मंडल में मौजूद हो सकते हैं। आने वाले समय में क्षुद्रग्रहों के अनेक रहस्य खुलेंगे। इसके लिए नई तकनीक इजाद की जा रही हैं।

गुप्त सूचनाएं लीक करने वाला पाकिस्तानी एजेंट गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात एटीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

एटीएस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि पोरबंदर तट पर मछली पकड़ने का व्यवसाय करने वाले पोरबंदर, सुभाष नागर निवासी जतीन जीतेन्द्र चारणिया (21) पिछले चार महीनों से अद्विका प्रिंस नामके पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में है, जो भारतीय तटरक्षक की जेटी और उसके जहाजों के बारे में जानकारी फेसबुक मेसेंजर, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे चैट एप्लिकेशन के माध्यम से पाकिस्तान के एजेंट को भेजता है और बदले में पैसे प्राप्त करता है, ऐसा करके वह राष्ट्र विरोधी गतिविधियां कर रहा है।

विकासशील देशों पर भारी कर्ज कम करने में मदद करने का आग्रह

वाशिंगटन, एजेंसी।

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने की बैठक

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं से केन्या और अन्य विकासशील देशों को नुकसान पहुंचा रहे भारी कर्ज के बोझ को कम करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है।

इस अफ्रीकी देश के किसी नेता द्वारा 15 वर्ष में की गयी यह अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा है। इस कार्रवाई का आह्वान ऐसे समय में किया गया जबकि राष्ट्रपति बाइडन अफ्रीकी देशों से अपनी इस अपील पर जोर दे रहे हैं कि अमेरिका आर्थिक प्रतिद्वंद्वी चीन की तुलना में बेहतर भागीदार हो सकता है। बीजिंग अफ्रीका महाद्वीप में अपना निवेश बढ़ा रहा है। यह काम अक्सर उच्च-ब्याज दर पर ऋण देकर और अन्य कठिन वित्तीय शर्तों के साथ किया जा रहा है। बाइडन और रूटो चाहते हैं कि ऋणदाता देश उन विकासशील देशों के लिए वित्तपोषण बाधाओं को कम करें जो उच्च ऋण बोझ की वजह से लाचार हैं।



केन्या के राष्ट्रपति के साथ जो बाइडन।